माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 163, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

पूछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 16

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन

मुंबई। मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी। पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है। निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा कि यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही। हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जानी जाने वाली पूनम को आखिरी बार कंगना रनौत के होस्ट वाली रियलिटी टीवी शो 'लॉक अप' में देखा गया था।

न्यायमूर्ति अरुण भंसाली बने हाईकोर्ट के सीजे

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर 2023 को सेवानिवृत हो जाने के बाद अब हाईकोर्ट को नए मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा 2 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के नाम की सिफारिश की थी।

ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरश: लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।

नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार : वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।

पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था। तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को धन शोधन मामले में ईडी ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था।

गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं उठा सकते। गठबंधन के मुख्य घटक कांग्रेस के विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि गठबंधन के 38 विधायकों ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

शीर्ष कोर्ट ने सोरेन को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है। यह एक मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

दिन दहाड़े मां-बेटा और चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर इलाके में दोपहर 3.30 बजे हुई वारदात

वारदात के बाद गांव में पुलिस तैनात हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश

अमृत विचार : मलिहाबाद का मोहम्मदनगर शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जमीन के विवाद में लल्लन खां व उसके बेटे फराज ने फरहीन (40) और उसके बेटे हंजला खान (20) और चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से पूरे गांव में दहशत है। उधर, घटना की जानकारी होने पर फरहीन के पति फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। देर शाम को पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदनगर में फरीद परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी फरहीन और बेटा हंजला है। उनका जमीन को लेकर भाई लल्लन खां के साथ काफी दिनों से विवाद है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज के साथ थार पर सवार होकर फरीद के घर पहुंचा और कहासुनी शुरू कर दी। सिटी स्टेशन के पास रहने वाला फरीद का चचेरा साला मुनीर उर्फ ताज भी वहां मौजूद था।

कहासुनी बढ़ने पर लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से फायरिंग की। मुनीर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस बीच मुनीर को गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। वहीं फराज ने रायफल से घर के अंदर मौजूद फरहीन और उसके बेटे हंजला को गोली मार दी। हंजला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फरहीन और मुनीर को परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां दोनों की मौत हो गई।

खुदरा बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

नई दिल्ली। सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा गया

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी

पीजी में रहकर कर रहा था ऑनलाइन कोचिंग, 12 दिन में तीसरी आत्महत्या

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार छात्र ने बुधवार को किसी समय यह कदम उठाया, हालांकि उसका शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मेस के एक लड़के ने गुरुवार की शाम को मोहम्मद के कमरे के बाहर एक बिना उपयोग वाला टिफिन बॉक्स देखा और पीजी मालिक को सूचित किया। पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार की रात करीब 8 बजे दी गई।

बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या

बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी

आगरा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में एयर एंबुलेंस के जरिए देहरादून ले जाया गया। उन्हें वहां सिनर्जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पूर्व में भी उनकी इसी हॉस्पिटल में देखभाल होती रही है। शिष्यों के जोर देने पर उन्हें यहां से देहरादून शिफ्ट किया गया। हाथरस में रामकथा कह रहे जगद्गुरु रामभद्राचार्य की सुबह तबीयत बिगड़ गई थी। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जांच में सीने में संक्रमण का पता चला। डॉक्टरों ने आईसीयू में पूरी तरह अपनी निगरानी में रखा और जांच के बाद उनकी हालत को खतरे से बाहर बताया।

भाजपा सांसद रीता बहुगुणा को छह माह की सजा

लखनऊ, विधि संवाददाता

आचार संहिता उल्लंघन का मामला

अमृत विचार : वर्ष 2012 में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधान सभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर मीटिंग करने की आरोपी मौजूदा भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने छह माह के कारावास व 11 सौ रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 फरवरी 2012 को शाम करीब छह बजकर 50 मिनट पर रीता बहुगुणा जोशी लखनऊ विधान सभा कैंट क्षेत्र की प्रत्याशी की हैसियत से कृष्णा नगर के बजरंग नगर क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए प्रचार का समय समाप्त होने के बाद भी जनसभा को संबोधित कर रही थी। इसकी सूचना मिलने पर स्टेटिक सर्विलांस मजिस्ट्रेट मुकेश चतुर्वेदी ने मौके पर जाकर देखा तो करीब 50 लोगों की भीड़ के साथ बजरंग नगर के मकान नंबर 95 एवं 96 के बीच जाने वाली सड़क पर रीता बहुगुणा जोशी मीटिंग कर रही थीं। कहा गया है कि मौके पर वीडियो बनाया गया तथा उन्हें सभा से मना भी किया गया, इसके उपरांत मुकेश चतुर्वेदी द्वारा कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस की विवेचना के उपरांत 12 सितंबर 2012 को रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ अदालत में चार्ज शीट दायर की गई, जिसके उपरांत 20 फरवरी 2021 को रीता बहुगुणा जोशी के विरुद्ध अदालत ने आरोप तय किए थे।

बच्चे की गर्दन में फंसा मांझा. चली गई जान

प्रयागराज। जिले के गंगापार इलाके के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दस वर्षीय किशोर की गर्दन कट गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद घरवाले आनन-फानन किशोर को अस्पताल ले गए। जहां भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज में गंगापार इलाके के हंडिया-सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सराय इनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव में विजय यादव के यहां है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 वर्ष से ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सराय इनायत बाजार में अपने पिता की दुकान पर जा रहा था।

हंगामे के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी फटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विपक्षी विधायकों के हंगामें के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी फटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी आदित्यसनाथ ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।

बजट सत्र के मौके पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

अखिलेश की ब्रेकिंग

मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा : विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।

एक नजर

25 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

कानपुर। जूही परमपुरवा निवासी हिस्ट्रीशीटर और हत्याकांड में फरार 25 हजार के हत्यारोपी को क्राइम ब्रांच व जूही पुलिस ने गिरफ्तार किया। जूही, परमपुरवा निवासी हिस्ट्रीशीटर शालू को पांच अक्टूबर 2022 को उसके साथियों ने घर से उठाने के बाद पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव रावतपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। परिजनों ने 10 लोगों के खिलाफ जूही थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले में आरोपी फजलगंज, दर्शनपुरवा निवासी आशीष मसीह फरार था। शुक्रवार को क्राइम ब्रांच प्रभारी जनार्दन सिंह व जूही पुलिस ने आशीष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बंद मकान से लाखों का माल किया पार

कानपुर। खाड़ेपुर, बजरंग विहार में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों का माल पार कर दिया। पड़ोसियों ने गेट खुला देख मकान मालिक को जानकारी दी। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा थानाक्षेत्र के बजरंग विहार निवासी सुनील कुमार त्रिपाठी परिवार के साथ मुंबई में रहते हैं। सुनील ने बताया कि 26 जनवरी को पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी दी। पता चला कि कमरे व अलमारियों के लॉक टूटे पड़े थे। सुनील 28 जनवरी को मुंबई से घर आए तो पता चला कि दो अंगूठियां, चेन, चांदी के जेवरात, एलईडी टीवी, इनवर्टर, बैट्री, कपड़े समेत पांच हजार नकदी चोरों ने पार कर दी थी। बर्रा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सरकारी नौकरी लगी तो प्रेमी शादी से मुकर गया, प्रेमिका ने दे दी जान

परिजनों का आरोप, लड़के के जीजा ने घर में घुसकर माता पिता को किया था बेइज्जत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन साल से प्रेम संबंध थे युवक-युवती में
- शिवली के ग्राम बढ़ईपुरवा का निवासी है परिवार

अमृत विचार। सरकारी नौकरी लगते ही युवक ने प्रेमिका से शादी करने से इन्कार कर दिया। लड़के और उसके जीजा ने अपनी हैसियत का हवाला देकर माता-पिता की जमकर बेइज्जती की। जिससे दुखी होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह जिला पंचायत सदस्य की भतीजी थी।

संध्या पाल।

कानपुर देहात के थाना शिवली के ग्राम बढ़ईपुरवा निवासी राजमिस्त्री अरविंद पाल अपनी पत्नी राजन देवी, बेटी संध्या और बेटे संदीप के साथ हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में संजय गांधी नगर में रहते हैं। इकलौती बेटी 21 वर्षीय संध्या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। संध्या का पिछले तीन वर्षों से फतेहपुर के थाना जहानाबाद के ग्राम बेहटा गांव निवासी विवेक पाल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने शादी का वादा किया था। तब विवेक की नौकरी नहीं लगी थी।

रोती बिलखती संध्या की मां राजन देवी। अमृत विचार

विवेक उनके पड़ोसी श्यामपाल का साला है। उन लोगों को कुछ महीने पहले दोनों के प्रेम प्रसंग के बारे में जानकारी हुई।

एक वर्ष पूर्व विवेक की एनटीपीसी में नौकरी लग गई थी। आरोप लगाया कि उसके बाद से विवेक का रुख बदल गया। पिता अरविंद पाल ने बताया कि 21 जनवरी को श्यामपाल घर आया और बेटी संध्या की शादी विवेक से करने की बात भूल जाने को कहा। आरोप है कि विवेक और श्यामपाल ने दहेज में 35 लाख से ज्यादा मांगा। संध्या के परिजनों ने इतनी क्षमता न होने की बात कही तो आरोप है इस पर श्यामपाल ने माता पिता को गालीगलौज कर बेइज्जत किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। भाई संदीप ने आरोप लगाया कि तीन वर्ष तक विवेक बहन का शारीरिक शोषण भी करता रहा। लेकिन जब शादी करने की बात आई तो वह मुकर गया। भाई के अनुसार शादी तोड़ने और माता-पिता की बेइज्जती से बहन काफी दिन से अवसाद में चल रही थी। गुरुवार शाम संध्या घर में अकेली थी तभी उसने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संध्या के चाचा ज्ञान सिंह पाल जगनपुर रूरा कानपुर देहात से जिला पंचायत सदस्य हैं। हनुंमत विहार पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मामले की जांच की। घटना के बाद मां राजन देवी बदहवास हो गईं। इस संबंध में थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

रिंग सेरेमनी की भी चर्चा

परिजनों में चर्चा थी कि दोनों ने कुछ लोगों की मौजूदगी में रिंग सेरेमनी भी की थी। इस सारी बातों की जानकारी परिजनों को चार महीने पहले हुई थी। परिजनों को कुछ फोटो संध्या के मोबाइल में मिले थे। परिजनों ने बताया कि विवेक की नौकरी लगने के बाद उसने शादी न करने का मन बना लिया। उसके जीजा श्यामपाल ने उसे और भड़का दिया।

मार्शल व ट्रैफिक पुलिस तैनात होंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे का जाम खत्म करने की कवायद
- एसीपी ट्रैफिक ने निरीक्षण करके बनाई व्यवस्था

अमृत विचार। नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए 34 मेट्रो मार्शल व 14 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। हाईवे पर ट्रकों को खड़ा कर सोने वाले ड्राइवरों को जगाने की ड्यूटी भी इनकी ही होगी, जिससे हाईवे पर जाम न लग सके। साथ ही अगर हाईवे पर कोई ट्रक खराब हुआ तो उसे हटाने के लिए मेट्रो हाइड्रा उपलब्ध कराएगा।

नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर मेट्रो निर्माण कार्य के कारण लोगों को भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। नौबस्ता बाईपास से गल्लामंडी तक रोजाना थोड़ी-थोड़ी देर में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे निजात दिलाने के लिए शुक्रवार को एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने मेट्रो अधिकारियों के साथ हाईवे का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बताया गया कि हाईवे पर जाम की प्रमुख समस्या सुबह व शाम के समय होती है। देर रात ट्रैफिक लोड कम होने पर ट्रक चालक हाईवे किनारे वाहन खड़ा कर सो जाते हैं, जिससे सुबह हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसके साथ ही कई बार वाहनों के खराब होने से भी राहगीरों को जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है। इसके साथ ही हाईवे से जुड़ी लिंक रोड से आने वाले ट्रैफिक के कारण भी हाईवे पर जाम लग जाता है। जाम से निपटारे के लिए हाईवे पर लिंक रोड वाले पांच स्थानों को चिह्नित किया गया है। प्रत्येक चिह्नित स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, होमगार्डों के साथ मेट्रो मार्शलों की भी तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही हाईवे किनारे खड़े ट्रकों को हटाने के लिए मेट्रो मार्शलों व दो शिफ्ट में चार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। मेट्रो मार्शलों को बाइक व लाउड हेलर के साथ पेट्रोलिंग करेंगे और ट्रक खराब होने की स्थिति में मेट्रो से संपर्क कर हाइड्रा लेकर खराब वाहन को हाईवे से किनारे करेंगें।

नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे का निरीक्षण करतीं एसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

> 34 मेट्रो मार्शल व 14 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की हाईवे पर तैनाती की गई है। साथ ही मेट्रो मार्शल व दो शिफ्ट में ट्रैफिक पुलिसकर्मी हाईवे पर पेट्रोलिंग करेंगे। सभी मार्शल व ट्रैफिक पुलिसकर्मी नौबस्ता टीएसआई को रिपोर्ट करेंगे। नौबस्ता टीएसआई हाईवे की मॉनिटरिंग करेंगें। **-सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक**

युवती का अश्लील वीडियो किया वायरल, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थाना क्षेत्र का मामला

अमृत विचार। युवती से रेप व वीडियो वायरल करने के आरोप में जेल गए युवक ने जेल से आने के बाद एक बार फिर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। युवती के पिता ने एडीसीपी साउथ से शिकायत की। आरोपी के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

हनुमंत विहार निवासी युवती के पिता ने बताया कि हनुमंत विहार निवासी अर्पित पांडेय ने 27 दिसंबर 2022 को उनकी बेटी के साथ रेप किया। इस दौरान आरोपी ने उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। घटना के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेजा था। बीते आठ दिसंबर को अर्पित जेल से छूट कर आया था। इसके बाद उसने बेटी के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए और फोन कर धमकी भी दी। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद मुंबई चला गया है। वहीं से वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुराने मतों की समीक्षा कर भाजपाई बनाएं चुनाव में जीत की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा उत्तर जिले के सभी 14 मंडलों में शुक्रवार को गांव चलो अभियान की कार्यशालाएं हुईं। रायपुरवा मंडल की कार्यशाला माथुर वैश्य धर्मशाला देव नगर में हुई। मंडल अध्यक्ष गौरव पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों को बूथ समिति की बैठक पन्ना प्रमुखों के साथ करनी है।

इस दौरान मतदाता सूची को वाचन कर हर मतदाता के घर पहुंचकर सम्पर्क संवाद करना है। विगत चुनाव मे बूथ पर पड़े मतों की समीक्षा करनी है, और इस चुनाव से अधिक मत मिले इसकी योजना बनानी है।

बैठक को संबोधित करते भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय। अमृत विचार

- 14 मंडलों में गांव चलो अभियान की कार्यशालाएं

दीपू पांडेय ने कहाकि सभी मतदाताओं के घर जाकर उनको नमो एप को भी डाउनलोड कराना है। और भारत एम्बेसडर अभियान की जानकारी भी देना है। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने कहा की बूथ प्रवास के समय लाभार्थी सूची लेकर उनसे सम्पर्क करें और मोदी जी कार्यकाल पर उसके घर पर चाय के साथ विस्तार से चर्चा करें।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से आनंद मिश्रा कपिल गुप्ता, राम अवतार सेंगर, सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अंकित मिश्रा, प्रशांत पाल, वाच्य त्रिपाठी, सुमित पाव, दीपक शुक्ला, अभिमन्यु सक्सेना, करण यादव, योगेश पांडे, रमाशंकर अग्रहरि, वैभव खंडेलवाल, राजेश जोशी, चंचल सिंह भदौरिया आदि रहे।

गांवों में रात बिताएंगे सांसद, विधायक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा गांव-गांव पहुंचकर पार्टी का जनाधार बढ़ाएगी। पार्टी गांव चलो अभियान के तहत 4 से 11 फरवरी तक गांव गांव और शहरी क्षेत्र में बूथों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी। जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसी न किसी एक गांव और शहरी क्षेत्रों में बूथों पर रात्रि विश्राम करेंगे। किसानों के बीच अपनी पहुंचे और पैठ बढाने के लिए भाजपा गांवों में प्रवास करेगी। शुक्रवार को भाजपा दक्षिण जिले के सभी मंडलों में गांव चलो अभियान की मण्डल कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी प्रदेश, क्षेत्रीय, जिला एवं मंडल पदाधिकारी,मोर्चा पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे। शहरी क्षेत्र में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। इस मौके पर राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा जसविंदर सिंह, विनय मिश्रा,राकेश तिवारी, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, गणेश शुक्ला, अर्जुन बेरिया, बीडी राय एवं गौरव तिवारी,सन्नी जायसवाल, सहित सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

सैनिक कल्याण निगम आफिस में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवानिवृत्त फौजी ने बंदूक तानने की बात कही
- कर्मचारियों ने पिस्टल दिखा धमकाने का आरोप लगाया

अमृत विचार। रावतपुर थानाक्षेत्र के विकास नगर में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ। शुक्रवार दोपहर बाद नौकरी लेने के लिए पहुंचे एक सेवानिवृत्त फौजी ने कार्यालय में मौजूद स्टॉफ पर बंधक बनाकर अभद्रता करने का आरोप लगाकर बंदूक तानने की बात कही।

वहीं कार्यालय के कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त फौजी पर पिस्टल दिखाकर धमकाने की बात कही। दोनों पक्षों में जमकर हंगामा हुआ तो पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। दोनों पक्षों ने देर शाम चौकी में तहरीर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

विकास नगर में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है। जहां सेवानिवृत्त फौजियों के लिए नौकरी दिलाने में मदद की जाती है। चकेरी के बंगाली कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार गोविंद सिंह ने 21 अक्टूबर 2022 को कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराया था।

शुक्रवार को गोविंद सिंह उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के कार्यालय पहुंचे और नौकरी न देने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस पहुंची तो गोविंद सिंह ने पुलिस को बताया कि उसे छह बार बुलाया गया लेकिन उसे नौकरी नहीं दी गई। आरोप लगाया कि यहां खास और सांठगांठ वालों को नौकरी आसानी से मिल जाती है। वहीं कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि केस्को में टेक्निकल पद पर नौकरी निकली थी, जबकि गोविंद सिंह नॉन टेक्निकल रहे हैं। गोविंद सिंह ने बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाते हुए बंदूक दिखाकर धमकी देने की बात कही। इस संबंध में रावतपुर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों ने आरोप लगाया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

एग्रीमेंट जल्द, 10 दिन में आ जाएगी कंसल्टेंट कंपनी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गोल चौराहा से रामादेवी तक 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए चयनित की गई हैदराबाद की कंसल्टेंट कंपनी का एग्रीमेंट अंतिम चरण पर है। कंसल्टेंट कंपनी के 10 दिनों के भीतर एलिवेटेड रोड के सर्वे करने आने वाली है। कंपनी एलिवेटेड रोड गुजरने वाले स्थानों का निरीक्षण कर बाधाओं को दूर कर डीपीआर तैयार करेगी।

शहर के बीच से निकल रही जीटी रोड पर अनवरगंज से मंधना तक 18 रेलवे क्रॉसिंग हैं। जिससे लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। शहर के बीचों-बीच जाम को खत्म करने के लिए पीडब्ल्यूडी एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) ने गोल चौराहा से रामादेवी तक एलीवेटेड रोड बनाये जाने की योजना तैयार की थी। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2022 के तहत एलिवेटेड सड़क के निर्माण के लिए 1000 करोड़ का बजट आवंटित किया था। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसका शिलान्यास भी कर दिया था। जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने एलिवेटेड रोड के प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना में शामिल करने के लिए पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद एलिवेटेड रोड की डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत की थी। हैदराबाद की हेक्सा कंपनी को डीपीआर तैयार करने के लिए दिल्ली मुख्यालय से चयन किया गया था। दिल्ली मुख्यालय में कंपनी की एग्रीमेंट प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एग्रीमेंट होते ही करीब 10 दिनों के भीतर कंपनी शहर आने वाली है। कंसल्टेंट टीम शहर में एलिवेटेड रोड गुजरने वाले स्थानों का सर्वेक्षण करेगी। देखेगी कि किन स्थानों पर पर्याप्त जगह है और कहां जगह की आवश्यकता है।

एलिवेटेड रोड बनने से जाम से मिलेगी निजात। अमृत विचार

- गोल चौराहे से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड निर्माण
- हैदराबाद की कंसल्टेंट कंपनी का किया गया है चयन
- एलिवेटेड रोड के गुजरने वाले स्थानों का होगा सर्वे

> कंसल्टेंट कंपनी के एग्रीमेंट की कार्रवाई लगभग अंतिम चरण में है। 10 दिनों के भीतर कंसल्टेंट टीम के शहर आने की संभावना है। टीम के आते ही एलिवेटेड रोड के कार्य में तेजी लाई जाएगी।
> **-अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी (एनएच)**

लापरवाही अस्थायी तौर पर क्लीनिक चालू की गई, एक चिकित्सक-फार्मासिस्ट को अतिरिक्त चार्ज

आधुनिक पॉली क्लीनिक को अभी करें और इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पॉली क्लीनिक रावतपुर के चालू होने में अभी स्टाफ की अड़चनें बरकरार हैं। आधुनिक पॉली क्लीनिक बनकर तैयार है, मगर शासन से अभी पशु चिकित्सकों समेत अन्य स्टाफ की तैनाती नहीं हुई है। जिस कारण अस्थायी तौर पर क्लीनिक को चालू किया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि शासन को डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा है। जल्द पॉली क्लीनिक को विधिवत चालू कराया जाएगा।

रावतपुर में राज्य निर्माण संस्था ने करोड़ों की लागत से आधुनिक पॉली क्लीनिक तैयार किया है। जुलाई 2023 में विभाग ने इसे हस्तांतरित भी कर लिया है। सितंबर 2023 को पशु चिकित्सालय चालू होने की संभावना जताई जा रही थी, मगर शासन से चिकित्सकों की तैनाती न होने से अभी पॉली क्लीनिक का शुभारंभ लटका है।

फिलहाल अस्थायी रूप से पॉली क्लीनिक को चालू किया गया है। विजयनगर पशु चिकित्सालय के प्रभारी डा. नीरज सचान व फार्मासिस्ट सत्य प्रकाश को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। उनकी देखरेख में बेजुबानों का इलाज किया जा रहा है। डा. नीरज सचान ने बताया अस्पताल भवन को खाली देखकर अराजक जमावड़ा लगाते थे, जिसे देखते हुए उन्हें भवन संरक्षक के रूप में यहां काम करने को कहा गया है।

पॉली क्लीनिक पूरी तरह शुरू नहीं हो सकी है।

- पशु चिकित्सकों की तैनाती के लिए शासन को भेजा पत्र
- सितंबर 2023 में पूरी तरह शुरू होनी थी

स्टाफ होगा तैनात

आधुनिक पॉली क्लीनिक में एक सुपरिटेंडेंट, चार पशु चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक लैब तकनीशियन सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मी तैनात किया जाएगा। यहां गाय, भैंस, बकरी, भेड़, मुर्गा, सुअर, कुत्ता, पक्षियों का इलाज हो सकेगा।

एक्सरे-सीटी स्कैन भी

पॉली क्लीनिक में आधुनिक लैब में पशुओं के सभी रोगों की जांच होगी। पशु-पक्षियों का एक्सरे, सीटी स्कैन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बांझपन, कृत्रिम गर्भाधान, सीटी स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रा सोनोग्राफी, ऑपरेशन के लिए रावतपुर स्थित आधुनिक पॉली क्लीनिक परिपूर्ण होगा। जरूरत पर यहां पशुओं को भर्ती भी किया जा सकेगा।

फार्मासिस्ट नहीं होने से संकट

विजयनगर पशु चिकित्सालय के फार्मासिस्ट सत्य प्रकाश के पास नवाबगंज का अतिरिक्त चार्ज है। इसी तरह कई चिकित्सक भी अतिरिक्त चार्ज पर हैं। उन्होंने बताया कि नगर में 32 पशु चिकित्सालय हैं। जहां पर सिर्फ 16 फार्मासिस्टों की तैनाती है।

मनमानी खोदाई, पाइप तोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट का मामला, जलकल ठेकेदार पर दर्ज होगा मुकदमा
- मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने निरीक्षण में जताया गुस्सा

अमृत विचार। हैलट अस्पताल में पाइप लाइन डालने के लिए जलकल विभाग के ठेकेदार अनस ने बाल रोग अस्पताल से लेकर इमरजेंसी तक मनमाने तरीके से सड़क खोद दी। नाराज प्राचार्य ने एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

खोदाई के दौरान हैलट में पहले से लगे पाइप को ठेकेदार ने तोड़ दिया और उनको जोड़ने के बजाये ऐसे ही टूटा छोड़ दिया, जिस वजह से हैलट परिसर में कुछ जगहों पर जलभराव व पानी की समस्या हो गई है। अपनी यह करतूत छिपाने के लिए ठेकेदार ने गड्ढे को गलत तरीके से भरकर ऊपर से सीमेंट लगा दी, जिस वजह से एंबुलेंस, कार आदि वाहन उस गड्ढे में फंस भी सकते हैं। शुक्रवार को हैलट इमरजेंसी का मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने निरीक्षण किया तो ठेकेदार की करतूत सामने आई।

प्राचार्य ने घटिया निर्माण व जगह-जगह पाइप तोड़कर छोड़ देने पर नाराजगी जाहिर की। प्राचार्य के मुताबिक ठेकेदार ने हैलट परिसर में गलत तरीके से पाइप लाइन डाली है। जगह-जगह लगे हैलट के पाइपों को तोड़ भी दिया है। बुलाने पर ठेकेदार मौके पर भी नहीं आया। इस बातों से नाराज प्राचार्य ने ईएमओ व पुलिस को बुला कर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

जलकल विभाग के कार्य का निरीक्षण करते प्राचार्य व प्रमुख अधीक्षक। अमृत विचार

आज का मौसम
हल्के व मध्यम बादल छाए रहने की संभावना।

25.2° अधिकतम तापमान | 08.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 53 | सूर्यास्त 05 : 52

शहर में आज

- संगोष्ठी : डीएवी कॉलेज में भारत में गैर-पारंपरिक सुरक्षा मुद्दे पर संगोष्ठी सुबह 10 बजे।
- बैठक : ग्रामीण जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में सुबह 11 बजे।
- गंगा समग्र विकास मंच की बैठक तिलक नगर में दोपहर 12 बजे।
- शिविर : संपूर्ण समाधान दिवस बाल भवन में सुबह 10 बजे।

एक नजर

तीन नायब तहसीलदार गैर जनपद भेजे गए

कानपुर। जिले के तीन नायब तहसीलदारों का तबादला हो गया है। लंबे से समय से जिले में तैनात नायब तहसीलदारों को गैर जनपद भेजा गया है। सदर तहसील में तैनात प्रियंग, नर्वल में तैनात अतुल हर्ष और घाटमपुर में तैनात अलख नारायण का तबादला गैर जनपद भेजे गए हैं। प्रियंग को कानपुर देहात में तैनात किया गया है।

111 करोड़ रुपये से शहर के विकास को मिलेगी रफ्तार

विकास की ओर : 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि से बदलेगी सूरत, महापौर ने नगर आयुक्त के साथ बैठक कर बजट पर लगाई मुहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले नगर निगम ने शुक्रवार को 111 करोड़ रुपये के विकास का रास्ता खोल दिया। महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि के बजट पर अंतिम मुहर लगा दी। 15वें वित्त से जहां सड़कें, इंटरलॉकिंग, ग्रीन बेल्ट आदि का निर्माण होगा तो वहीं, अवस्थापना के बजट से सिद्धनाथ, जांगेश्वर मंदिर के कायाकल्प के साथ ही गरीबों के लिये बारातशाला व खेलकूद को बढ़ाया देने को सर्वोदय नगर स्थित नगर निगम स्कूल को विकसित किया जायेगा। नगर निगम निधि से अलग पार्षद कोटे के काम होंगे।

महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम सभागार में बैठक के बाद प्रेसवार्ता कर बताया कि अवस्थापना निधि से 17 करोड़ से छह विकास कार्य कराए जाएंगे। जाजमऊ स्थित सिद्धनाथ मंदिर के कॉरिडोर का निर्माण चार करोड़ रुपये से कराया जाएगा। इसके अलावा जागेश्वर मंदिर में दो करोड़ रुपये से विकास कार्य होंगे। इसमें ऑटोमैटिक सीढ़ियों का भी निर्माण कराया जाएगा। सर्वोदय नगर स्थित नगर निगम बालिका विद्यालय में दो करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इसमें गरीब बच्चें हर तरह के स्पोर्ट्स की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। महापौर ने बताया कि इसके साथ ही फजलगंज में नगर निगम स्लाटर हाउस की बड़ी जमीन पड़ी है। इसमें चार करोड़ रुपये से बारातशाला का निर्माण कराया जाएगा। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए नानाराव पार्क में करीब 50 हजार लोगों की क्षमता का बड़ा पंडाल बनाया जाएगा। इसका निर्माण नगर निगम चार करोड़ रुपये से कराया जाएगा। वहीं प्रमिला सभागार में ऊपरी हिस्से में अब कमरों का निर्माण भी होगा। इसके लिए एक करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। प्रमिला सभागार को गरीब अपने घरों के छोटे कार्यक्रम के लिये भी बुक करा सकेंगे, कहा जा रहा है इन सभी कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं।

नगर निगम सभागार में प्रेसवार्ता करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

04 करोड़ से सिद्धनाथ कॉरिडोर निर्माण

02 करोड़ से जागेश्वर मंदिर में सुंदरीकरण

04 करोड़ से नानाराव पार्क में पंडाल

01 करोड़ से प्रमिला सभागार के ऊपर कमरे

04 करोड़ से स्लाटर हाउस में बारातशाला

15वें वित्त आयोग के तहत 93 करोड़ से होगा विकास

महापौर ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से 93 करोड़ रुपये से शहर में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत एयर पॉल्यूशन कंट्रोल, सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग और ग्रीनबेल्ट का निर्माण कराया जाएगा। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगी।

एक सप्ताह में होंगे पार्षद कोटे के कार्य

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि पार्षदों को वार्ड के लिए 15-15 स्ट्रीट लाइट भी दी जाएंगी। इसके साथ ही पार्षद कोटे से 10 लाख तक के कार्य हर वार्ड में होंगे। महापौर ने बताया कि एक सप्ताह में ही यह कार्य शुरू हो जाएंगे।

- सड़कें होंगी चमाचम, हर वार्ड में पार्षद कोटे से 10 लाख के कार्य होंगे

15वें वित्त के तहत यह कार्य

- सड़कों के सुंदरीकरण, चौड़ीकरण व साइड पटरी का सुधार- 60 करोड़
- पार्क, ग्रीन बेल्ट, डिवाइडर निर्माण व पौधरोपण- 18 .50 करोड़
- सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए- 3 करोड़
- यातायात प्रबंधन, सुधार व आई लैंड व अन्य के लिए - 7 .50 करोड़
- मैकेनिकल रोड स्वीपिंग व वाटर स्प्रिंकलर के मेंटीनेंस व संचालन- 4 करोड़

छह नए नलकूप लगेंगे, आठ की रिबोरिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 8.90 करोड़ रुपये से शहर की जलापूर्ति सुधरेगी
- नगर आयुक्त ने दी स्वीकृति जल्द टेंडर होंगे

अमृत विचार। शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले चार लाख लोगों के लिए अच्छी खबर है। पेयजल संकट को दूर करने के लिये 8.90 करोड़ रुपये से शहर की जलापूर्ति सुधरेगी। 15वें वित्त आयोग के मद से छह नए नलकूप लगाए जाएंगे, वहीं आठ नलकूपों की रिबोरिंग की जाएगी। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने जलकल के प्रस्तावों पर मुहर लगाते हुए टेंडर निकाले जाने की स्वीकृति दे दी है।

गर्मी शुरू होने से पहले नगर आयुक्त ने शहर को पेयजल संकट से बचाने की शुरुआत की है। जिन इलाकों में ये नलकूप स्थापित किए जाने हैं और रिबोर होने हैं वहां की आबादी को या तो लो प्रेशर से पानी मिल रहा या मिल ही नहीं रहा। इससे निजात के लिए जलकल ने प्रस्ताव तैयार किया था। नगर आयुक्त ने इन कार्यों को 15 वें वित्त आयोग के मद में रखने के निर्देश दिए थे।

यहां लगने हैं नए नलकूप

वार्ड 101	तिलक नगर के श्रद्धानंद पार्क	25 लाख रुपये
वार्ड नंबर 107	हुमायूं बाग पार्क	80 लाख
वार्ड 58	तिवारीपुर हनुमान मंदिर के पास	80 लाख
वार्ड 28	सुभाष पार्क टंकी के लिए नलकूप	80 लाख
वार्ड 84	गोविंद नगर के-ब्लॉक में नलकूप	25 लाख
वार्ड नंबर 55	गुजैनी एच ब्लॉक में नलकूप	80 लाख

यहां होगी नलकूपों की रिबोरिंग

वार्ड नंबर 24	कृष्णापुरम	65 लाख रुपये
वार्ड नंबर 58	ड्रामा हाल	65 लाख
वार्ड नंबर 26	गांधी ग्राम	65 लाख
वार्ड नंबर 14	जूही गढ़ा	65 लाख
वार्ड नंबर 21	खाड़ेपुर द्वितीय	65 लाख
वार्ड नंबर 53	के ई ब्लॉक	65 लाख
वार्ड 67	बर्रा-3 चौकी के पीछे	65 लाख
वार्ड 72	दबौली वेस्ट नलकूप-1	65 लाख

आइकॉनिक अवार्ड में फैशन और डांस का लगेगा तड़का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लाजपत भवन में 14 फरवरी को आयोजित होने वाले यूपी ऑइकॉनिक आवार्ड-2024 में फैशन और डांस का तड़का लगेगा। रेडियो अड्डा की ओर से होने वाले कार्यक्रम में सोशल वर्कर, अधिकारी, सेलिब्रिटी व अपने अपने क्षेत्रों में अच्छा करने वाले लोग सम्मानित किये जाएंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बुक माई शो पर टिकट बुक कर सकते हैं। इस इवेंट का मीडिया पार्टनर अमृत विचार है।

रेडियो जैकी दिलीप ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिठूर विधानसभा विधायक अभिजीत सिंह सांगा होंगे। इंटरटेनमेंट, मीडिया, सोशल वर्क, हास्पिलिटी, हेल्थ केयर, रियल स्टेट, इंटरप्रिन्योरशिप, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर, एजुकेशन, आर्ट्स, एनजीओ, कारपोरेट्स केटेगरी में अवार्ड दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम में मेडल जीत चुके और कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को द रियल हीरोज अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही टीवी अभिनेता विश्वजीत सोनी और सलीम जैदी (भाभीजी घर पर हैं) सेलिब्रिटी, फैशन कोरियोग्राफर सैम विलियम्स, मॉडल और श्रेया शुक्ला, रेडियो जॉकी सुगंधा, रेडियो जॉकी विश्वनाथ गोराई, सौम्या टंडन, शैक्षिक प्रेरक डॉ. शेखर श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता कमील खान को भी अवॉर्ड दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिल्ली, छत्तीसगढ़ और बिहार से भी लोग शामिल होने शहर आएंगे।

विश्वजीत सोनी। इंटरनेट

सलीम जैदी। इंटरनेट

- रेडियो अड्डा 14 फरवरी को आयोजित कर रहा यूपी ऑइकॉनिक अवार्ड-2024
- लाजपत भवन में सोशल वर्कर अधिकारी और सेलिब्रिटी होंगे सम्मानित

कमरा बंद कर ब्लेड से अपना गला रेता, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलबाजार थानाक्षेत्र का मामला, कलाई भी काटी
- दो दिन पहले पत्नी से विवाद के बाद पेड़ पर चढ़ा था

अमृत विचार। रेलबाजार थानाक्षेत्र में युवक ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद खुद को कमरे में बंद कर ब्लेड से अपना गला और हाथ की कलाई काट ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले यही युवक पत्नी से विवाद के बाद जान देने के लिए रस्सी लेकर पेड़ पर चढ़ गया था। परिजनों ने पत्नी और उसके साले पर युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है।

जिला उन्नाव के गंजमुरादाबाद निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद मुस्तकीम की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व रेलबाजार निवासी नाजिया से हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। थाना प्रभारी विजयदर्शन शर्मा ने बताया कि मुस्तकीम नशे का लती था। इस कारण उसका पत्नी से दहेज प्रताड़ना और तलाक का मुकदमा चल रहा है। मंगलवार को वह ससुराल आया था और पत्नी से विवाद के बाद नशे की हालत में पेड़ पर चढ़ गया था। दमकलकर्मियों की मदद से उसे उतारा था। इसके बाद उसने गुरुवार देर शाम फिर पत्नी से झगड़कर खुद को कमरे में बंद कर लिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब तक वहां पहुंचती, इससे पहले युवक ने ब्लेड ने अपना गला और बाएं हाथ की कलाई काट ली। जिससे पूरे कमरे में खून फैल गया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे निकाला और हैलट में भर्ती कराया। गुरुवार देर रात उपचार के दौरान उसकी सांसें थम गईं।

पिता इब्नेरऊ ने बताया कि बेटा कूलर का काम करता था। लेकिन सीजन न होने के कारण इन दिनों वह खाली था। घटना के बाद मां सजरतीन का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ साल के बाद से बहनोई की दखलअंदाजी के कारण दंपति में मनमुटाव शुरू होते चले गए। आरोप लगाया कि पत्नी ने साले के साथ मिलकर धारदार हथियार से गला काट कर उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि गर्दन कट जाने से अत्यधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है। परिजन गलत आरोप लगा रहे हैं, दरवाजा अंदर से बंद था।

घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

दो नाबालिग चोर गिरफ्तार चार बाइकें हुईं बरामद

कानपुर। चोरी की चार बाइकों के साथ दो नाबालिग वाहन चोरों को चकेरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी भागने में सफल रहा।

चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार देर रात कोयला नगर स्थित मदरलैंड स्कूल के पास बाइक समेत दो नाबालिगों को पकड़ा। बाइक के कागजात वे नहीं दिखा सके। पूछताछ में बताया कि बाइक चोरी की है। वह शहर के अलावा उन्नाव और फतेहपुर से बाइक चोरी करते थे। इसके बाद चकेरी के मंगला विहार निवासी राहुल गौतम को बाइक दे देते थे, जो बेचकर उन्हें हिस्सा देता था। पुलिस ने सनिगवां स्थित एक खाली प्लॉट से चोरी की तीन बाइक बरामद कीं। राहुल गौतम फरार हो गया। दोनों आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

बुआ की बेटी पर चोरी का आरोप, रिपोर्ट

कानपुर। चकेरी के शिवकटरा में एक महिला ने अपनी बुआ की बेटी पर घर से नकदी और जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है।

शिवकटरा निवासी प्रिया कश्यप ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2023 में उन्होंने देखरेख के लिए अपनी बुआ की बेटी हिमांशी कश्यप उर्फ अमीषा को बुलाया था। हिमांशी घर से करीब 70 हजार रुपये और करीब दो लाख की कीमत के जेवर लेकर भाग गई। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सुनील गावस्कर की सास का निधन

कानपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर की सास पुष्पा मेहरोत्रा का शुक्रवार शाम यहां आवास पर निधन हो गया है। वे 95 साल की थीं और बीमार थीं। गावस्कर के शनिवार को यहां आने की संभावना है।

सिविल लाइंस ग्रीन ड्यू बंगला निवासी पुष्पा मेहरोत्रा लंबे समय से बीमार चल रही थीं। परिजनों ने बताया कि हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ। उनकी तीन बेटियां हैं जो मुंबई में रहती हैं। उनकी बेटी मार्शनील की शादी सुनील गावस्कर से हुई थी। घर में मौजूद परिजनों ने बताया कि गावस्कर के शनिवार सुबह फ्लाइट से लखनऊ एयरपोर्ट आने और वहां से सुबह 11 बजे तक कानपुर आने की सूचना है। उनके सभी परिजनों को सूचना दे दी गई है। गावस्कर कानपुर आने पर ससुराल जरूर जाते थे। उनकी पत्नी मार्शनील मां के संपर्क में थीं। अंतिम संस्कार शनिवार को होगा।

आलम मार्केट में विवाद, जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अनवरगंज थानाक्षेत्र की घटना पुलिस कर रही पूछताछ

अमृत विचार। अनवरगंज थानाक्षेत्र में दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। दुकानदार ने जहां महिला और पुरुष पर सरकारी कर्मचारी बताकर कपड़े खरीदकर पैसे न देने का आरोप लगाया। वहीं महिला ने दुकानदार पर अभद्रता का आरोप लगाया। ने पुलिस महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर रही है।

बांसमंडी सोहन लाल कंपाउंड निवासी मोहम्मद आलम ने बताया कि उनकी आलम मार्केट में कपड़े की दुकान में शुक्रवार शाम एक व्यक्ति और एक महिला आई। कपड़े खरीदने के बाद उनसे पेमेंट मांगा तो धमकी देने लगे। बताया कि दोनों ने सरकारी कार्ड दिखाने पर डर जाने की बात कही। दुकानदार का आरोप है कि महिला ने छेड़छाड़ में फंसाने की धमकी दी। दोनों अपने को प्रदेश सरकार में कार्यरत बताने लगे। धमाकाया कि कल से दुकान नहीं चला पाओगे। दुकानदार ने बताया दोनों पुरुष और महिला पैसा न देने की जिद्द पर अड़ गए। विवाद बढ़ा तो आसपास के दुकानदार इकट्ठा होकर हंगामा करने लगे। इसके बाद वीडियो बनाकर पुलिस को सूचना दे दी। लोगों ने कहा कि यह दोनों काफी दिनों से लोगों के साथ सरकारी कार्ड दिखाकर फ्रॉड कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और थाने ले आई। पुरुष के पास बैग में कई सरकारी कार्ड थे। इस संबंध में अनवरगंज कार्यवाहक इंस्पेक्टर प्रेम नारायण शर्मा ने बताया कि बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। जांच में दुकानदार का आरोप गलत निकला है। आसपास के सीसीटीवी देखे गए हैं, जहां महिला के साथ अभद्रता की गई है। महिला की तहरीर पर आलम मार्केट दुकान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

बदहाली | रामादेवी से टाटमिल जाने के रास्ते पर पुल कई जगह क्षतिग्रस्त

11 साल में बना पुल चार साल में ही हो गया जर्जर

सीओडी पुल का हाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 11 साल में बनकर तैयार हुआ सीओडी पुल लोकार्पण के चार साल बाद ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। रामादेवी से टाटमिल आने पर सीओडी पुल पर बिटुमिन सरफेस उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिनसे सरियों का जाल दिखाई पड़ रहा है।

रामादेवी से टाटमिल की ओर जाने पर क्रॉसिंग से जीटी रोड पर लगने वाले जाम के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, जिससे निजात के लिए सीओडी पुल का निर्माण शुरू कराया गया था। वर्ष 2009 में पुल बनाने का कार्य बिश्वा इंफ्राटेक कंपनी को दिया गया था। जुलाई 2010 में कार्यदायी संस्था ने 790 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य 34.41 लाख रुपये की लागत से शुरू किया था, लेकिन कार्य में लापरवाही बरतने पर वर्ष 2013 में कंपनी को बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद एसएच इंफ्राटेक ने फरवरी 2014 में काम शुरू किया। कार्यदायी संस्था ने लचर प्रणाली जारी रखी, जिस पर कंपनी पर 3.84 करोड़ का जुर्माना लगाया गया था। 29 दिसंबर 2019 को रामादेवी से टाटमिल की ओर जाने वाले पुल का निर्माण कार्य पूरा किया गया था। 26 जनवरी 2020 को तबके औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने पुल का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया था। इतनी जद्दोजहद के बाद तैयार हुआ पुल चार वर्ष बीतते ही जर्जर हो गया। पुल की बिटुमिन सरफेस उखड़ने से पुल पर एक दर्जन से भी ज्यादा गड्ढे हो गए हैं।

सिर्फ दीवारों पर ड्रीम कानपुर क्लीन कानपुर का स्लोगन लिख कर जनता को छला जा रहा है। सच्चाई में तो स्मार्ट सिटी में लोगों की ड्रीम कानपुर की सड़कें इस हाल में हैं। ये अति व्यस्त सीओडी पुल की तस्वीर है। जर्जर टूटी है सड़क और सरिया तक निकल आई हैं। क्या किसी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन की बंद आंखें खुलेंगी। -मनोज तिवारी

2009 पुल बनने की शुरूआत | **2013** लापरवाही पर संस्था बर्खास्त | **2014** पुनः निर्धारित की गई संस्था | **3.84** करोड़- लगा जुर्माना

> पुल का निरीक्षण किया गया था। मौसम खराब होने के कारण बिटुमिन सरफेस का काम नहीं कराया जा सकता था। मौसम साफ रहने पर तीन से चार दिनों के अंदर पुल के गड्ढे भरने का काम शुरू पूरा किया जाएगा।
> -अभिषेक सिंह, जेई, पीडब्ल्यूडी, एनएच डिवीजन

जर्मन तकनीक से अलग होगा मलबा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जर्मनी की टीम ने सीओडी नाले का निरीक्षण किया
- कृष्णा नगर में कूड़ा अलग करने का प्रॉसेस देखा

अमृत विचार। शुक्रवार को शहर आई जर्मनी की टीम ने सीओडी नाले का निरीक्षण किया। इंडो जर्मन प्रोजेक्ट के तहत गंगा में जाने वाले सॉलिड वेस्ट को रोकने के लिए यहां बूम बैरियर बनाया गया है। इसके अलावा सरायमीता में जर्मनी के सहयोग से एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्लांट बनाया जा रहा है। यहां विशेष मशीन से कूड़े से प्लास्टिक, लोहा, मलबा और अन्य मैटेरियल अलग-अलग किया जाएगा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अमित सिंह ने बताया कि इंडो जर्मन प्रोजेक्ट के हेड क्रिस्टिन कैपफेसिटीनीयर और उनकी टीम आई थी। सबसे पहले वे कृष्णा नगर स्थित कूड़ा अलग करने के मैनुअल प्रॉसेस को देखने गए थे। इसके बाद सीओडी नाला और इसके बाद पनकी सरायमीता में निर्माणाधीन एमआरएफ प्लांट का निरीक्षण किया। यहां करीब 60 फीसदी सिविल कार्य पूरा किया जा चुका है।

सरायमीता में प्लांट का काम पूरा होते ही जर्मनी से मशीन कानपुर भेजी जाएगी। इसके बाद आसपास के 3 वार्डों को कूड़ा इसी प्लांट में अलग-अलग कर निस्तारित किया जाएगा। इस प्लांट में रोजाना करीब 5 मीट्रिक टन कूड़ा रोजाना निस्तारित किया जा सकेगा। पनकी, सरायमीता, आवास विकास-3 वार्ड से कूड़ा प्लांट में भेजा जाएगा।

जर्मन टीम के साथ नगर आयुक्त। अमृत विचार

समुद्र में कचरा रोकने के लिए इंडो-जर्मन प्रोजेक्ट

केंद्र सरकार के स्तर पर एक इंडो-जर्मन प्रोजेक्ट ऐसे कचरे को समुद्र में जाने से रोकने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसी प्रोजेक्ट के तहत भारतीय और जर्मनी के पर्यावरण विशेषज्ञ गंगा के जरिये समुद्र में बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने पर काम कर रहे हैं। इसके तहत देश में कानपुर, पोर्टब्लेयर और कोच्चि को ही चुना गया है।

श्रम विभाग का पोर्टल हैक, जांच टीम गठित

- आठ श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूरे मामले की छानबीन करेंगे
- साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज, जांच टीम की सुई अधिकारियों की ओर भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। साइबर ठगों ने श्रम विभाग के पोर्टल पर सेंधमारी कर नया कारनामा कर दिया है। बताया जाता है कि साइबर ठगों ने करीब 1 करोड़ 7 लाख रुपए का फ्रॉड किया है। मामले की रिपोर्ट साइबर सेल में दर्ज कराई गई है। उधर विभाग की ओर से एक और जांच टीम भी गठित कर दी गई है। इस जांच टीम में आठ श्रम प्रवर्तन अधिकारी शामिल किए गए हैं। यह अधिकारी भुगतान किए गए धन को वापस दिलाये जाने का काम भी करेंगे। इस मामले में चल रही विभागीय पूर्व जांच टीम के शक की सुई अपर श्रमायुक्त स्तर के एक अधिकारी की ओर भी घूम गई है।

श्रम विभाग में इस समय हलचल मची हुई है। गुरुवार को साइबर फ्रॉड की शिकायत साइबर सेल में दर्ज कराए जाने के बाद सभी अधिकारी मौन हैं। शुक्रवार को विभाग की ओर से एक और जांच टीम गठित किए जाने की बात सामने आई। इस टीम में आठ सदस्यों को शामिल किया गया है। टीम के सदस्यों को भुगतान किए जाने वाले धन को वापस दिलाए जाने की भी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। टीम के सभी सदस्यों को भुगतान किए जाने वाले श्रमिकों की संख्या भी दी गई है। श्रम विभाग के पोर्टल पर सेंधमारी कर करीब 1 करोड़ 7 लाख 80 हजार रुपए से ज्यादा की रकम की ठगी की बात सामने आई। बताया गया कि ठगी के दौरान साइबर ठगों ने दो दिन में ही 250 से अधिक आवेदन कर दिए और इसके बाद अचानक 196 लोगों के खाते से रकम भी ट्रांसफर कर दी। यह भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश एवं सनिर्माण श्रमिक कर्मकार कल्याण बोर्ड कन्या विवाह सहायता योजना चलता है। यह योजना श्रमिकों की बेटियों के विवाह से संबंधित है। इस योजना के तहत सभी तरह के आंकड़े UPLMIS.in और sna.uplmis.in पोर्टल पर दर्ज होते हैं। साइबर ठगों ने इन्हीं पोर्टल को हैक कर फ्रॉड किया है। रिपोर्ट साइबर सेल में दर्ज कर दी गई है। उधर यह भी बताया गया कि माना जा रहा है कि श्रम विभाग के पोर्टल में सेंधमारी में विभागीय संलिप्तता भी सामने आ सकती है। पोर्टल में लॉगइन के लिए ओटीपी का भी प्रयोग किया गया है। अब यह जांच में शामिल किया जा रहा है कि आखिर उस ओटीपी के प्रयोग की पहली कड़ी कौन थी। अपर श्रमायुक्त ने साइबर थाने में एफ़ाईआर दर्ज कराई है। पूरे मामले का खुलासा श्रम विभाग लखनऊ की जांच के बाद हुआ था।

क्राइम ब्रांच ने भी शुरू की जांच

कानपुर। श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ सात लाख 80 हजार की साइबर ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की है। श्रम विभाग के प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण श्रमिक कर्मकार कल्याण बोर्ड के जरिये जो सहायता राशि अब तक आवेदकों को दी गई, उसकी बैंक ट्रांजेक्शन जानकारी मांगी गई है। पोर्टल की मेंटीनेंस करने वाली कंपनी से भी पूछताछ होगी।

अपर श्रम आयुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने साइबर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया कि 25 व 30 जनवरी को सहारनपुर में तैनात रोहित कुमार की आईडी पर 259 आवेदकों को कन्या विवाह योजना के तहत आवेदन कराया गया। 29 जनवरी को 196 आवेदकों के खाते में 55-55 हजार रुपये भेज दिए गए थे।

इस ठगी को अंजाम देने के लिए साइबर फ्राडों ने सबसे लेखाधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर को स्किप कर दिया था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि श्रम विभाग के भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कर्मकार कल्याण बोर्ड के पोर्टल का मेंटिनेंस का पूरा कार्य एनसीआर की कंपनी श्री ट्रॉन इंडिया के द्वारा किया जा रहा है।

गैंगस्टर में चार को 7 साल की कैद

- अदालत ने एक दोषी को सुनाई पांच साल की सजा
- पत्रकार नवीन गुप्ता हत्याकांड में आरोपी हैं सभी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। बिल्हौर थाना क्षेत्र के छह साल पुराने गैंगस्टर के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की अदालत ने शुक्रवार को सभी पांचों आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाई। चार दोषियों को सात साल का कारावास और एक दोषी को पांच साल की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही सभी पर अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि बिल्हौर कस्बे में पत्रकार नवीन गुप्ता की हत्या में आरोपी बिल्हौर निवासी पंकज उर्फ गोलू यादव, अशफाक उल्ला नगर के ताज बाबू , मुराद नगर के कैलाश उर्फ छंगा, राधेश्याम और सत्तू का नगला बेवर, मैनपुरी के राजू बहेलिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई स्पेशल जज (गैंगस्टर एक्ट) दुर्गेश की कोर्ट में चल रही थी। अदालत ने आरोपी पंकज उर्फ गोलू, ताज बाबू, राजू बहेलिया और छंगा उर्फ कैलाश को सात साल के कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर चारों को 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। पांचवें आरोपी राधेश्याम को पांच साल के कठोर कारावास के साथ दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

बालिका का यौन उत्पीड़न, पॉक्सो में रिपोर्ट

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में घर के बरामदे में खेल रही बालिका को युवक ने पकड़ लिया। इसके बाद कमरे में ले जाकर अश्लील हरकतें करने लगा। परिजनों ने एफआईआर दर्ज कराई है। कल्याणपुर की एक बस्ती निवासी 7 वर्षीय बालिका ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर 3 .30 बजे घर के बरामदे में कैरम खेल रही थी। इसी दौरान घर के पास रहने वाला अंकित चुपचाप से आया और कैरम खेलने लगा। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी उसे कमरे में अंदर ले गया। जहां उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और पाक्सो में एफआईआर दर्ज की है।

दुकान में चोरी, दो नाबालिग गिरफ्तार

कानपुर। नौबस्ता में चोरों ने एक दुकान में घुसकर लॉकर से रुपये, चॉकलेट व कंबल पार कर दिए। पुलिस ने गुरुवार को दो चोरों को पकड़ने के बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज की। नौबस्ता के पशुपति नगर निवासी सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि कबीर नगर मछरिया में पान शॉप है। सोमवार रात चोरों ने शटर का ताला तोड़ अंदर रखे 1500 रुपये व चॉकलेट, व कंबल पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। गुरुवार को पुलिस ने दो बाल अपचारियों को ईरिक्शा चलाते दबोचा तो आरोपियों ने दुकान पर चोरी की बात कबूल की, वहीं ई रिक्शा भी किदवई नगर शनि देव मंदिर के पास चल रहे एक भंडारे से चोरी करने की बात कही। निशानदेही पर चकेरी से चुराई गई चोरी की एक बाइक भी बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस ने सत्येंद्र शुक्ला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि दो शातिर बाल अपचारियों को पुलिस ने पकड़ कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

झांसा देकर मकान पर कब्जा, रंगदारी मांगने का आरोप

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में मकान खरीदने का झांसा देकर कब्जा कर लिया गया। सामान भी चोरी कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर रंगदारी मांगी। डीसीपी पूर्वी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सुजातगंज निवासी मोहम्मद शफीक की पत्नी जैनब ने पुलिस को बताया कि वह अपना दूसरा मकान बेचना चाहती थीं। क्षेत्र की आयशा अंसारी ने सवा सात लाख में मकान खरीदने का झांसा दिया और सवा तीन लाख रुपये देकर विक्रय का एक अनुबंध बनवाया। जिसमें तीन माह में बाकी रकम देने के बाद रजिस्ट्री करवाने की बात थी। इसी बीच आयशा ने मकान अपने रिश्तेदारों को दिखाने की बात कहते हुए उनसे मकान की चाबी ले ली। फिर आयशा ने चाबी वापस नहीं की। बकाया चार लाख देने की बात करने पर वह टाल मटोली करने लगी। विरोध करने पर आयशा और उनके दो बेटे मकान में घुस आए और मारपीट की। मकान छोड़ने के लिए पांच लाख की रंगदारी भी मांगी। डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

अनवरगंज में लगी आग, लाखों का नुकसान

- बिल्डिंग के दूसरे तल पर लगी थी आग
- गृहस्थी का सामान जला विजय नगर में भी हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

धू-धूकर जलता गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

अमृत विचार। अनवरगंज थानाक्षेत्र में तीन मंजिला बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर में लीकेज सिलेंडर से आग लग गई। धुएं के साथ आग की ऊंची-ऊंची लपटें देख बिल्डिंग के लोग घर से भाग खड़े हुए। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद मौके पर दमकल कर्मियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

इफ्तिखाराबाद में गुरु नानक स्कूल के पास बने तीन मंजिला मकान में आग लग गई। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे के बाद बिल्डिंग से धुआं निकलता देखा गया, तो घर से भी लोग भागने लगे।

अनवरगंज फायर ब्रिगेड से दमकल की गाड़ी पहुंची और दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। मकान के जिस कमरे में आग लगी थी, उसी कमरे में घरेलू सिलेंडर भी रखा हुआ था। कर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद सिलेंडर निकला। इसके बाद आग को बुझाने में तकरीबन एक घंटे लग गए। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया की मिनी कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई थी।

अनवरगंज फायर सब स्टेशन पास में ही मौजूद है, तो कुछ ही मिनट में फायरब्रिगेड की गाड़ी और कर्मी पहुंच गए थे। इस वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया है क्योंकि जहां आग लगी थी वह घना इलाका है।

घर का सामान जल जाने का नुकसान हुआ है। किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। इसी प्रकार एक अन्य घटना में काकादेव थानाक्षेत्र के विजयनगर में एक घर में आग लग गई।

कंट्रोल रूम में सूचना पर फायर स्टेशन फजलगंज से 01 यूनिट ने तत्काल घटनास्थल पहुंची और घर के सिलेंडर से किचन में लगी आग को बड़ी ही सूझबूझ से अल्प समय में बुझा दिया गया।

मतदान केंद्र में सपा डिजिटल टीम

कानपुर। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सपा की डिजिटल टीम के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बताया कि गोविंद नगर, सीसामऊ, आर्य नगर, किदवई नगर व कैंट विधानसभा क्षेत्र में 342 मतदान केंद्र है। सभी मतदान केंद्र के लिए पांच सदस्यीय डिजिटल टीम गठित की गई है, जो प्रत्येक मतदान केंद्र पर कंप्यूटर के साथ उपस्थित रहेगी और मतदाताओं को जानकारी देकर वोट प्रतिशत बढ़ाने का काम करेंगे। मतदाता सूची को लेकर आकंलन शुरू कर दिया गया है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह, नंदलाल जायसवाल, परमवीर सिंह गंभीर, हाजी अयूब आलम, महेंद्र सिंह, संजय निषाद, सुलेखा यादव, दीपिका मिश्रा आदि रहे।

जीटी रोड पर यू टर्न के लिए दो कट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

जीटी रोड का निरीक्षण करतीं एडीसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

अमृत विचार। कोका कोला चौराहे पर बेरीकेडिंग के बाद से दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर पर लगने वाले जाम व कंपनी बाग से रावतपुर की ओर जाने वाले वाहनों को गोल चौराहे से होकर जाने वालों की समस्या को देख एडीसीपी ट्रैफिक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जाम व लोगों की असुविधा को देखते हुए जीटी रोड पर दो स्थानों पर कट बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। अनुमति के बाद योजना पर मुहर लगाई जाएगी।

कोका कोला चौराहे से यूटर्न लेकर मोतीझील की ओर जाने पर वाहन सवारों को दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के पास भक्तों की भीड़ के कारण जाम की समस्या का लोगों को सामना करना पड़ता है। वहीं कंपनी बाग से होते हुए रावतपुर की ओर जाने वाले लोगों को गोल चौराहे से होते हुए जाना पड़ता था। लंबे यूटर्न व जाम की समस्या को देखते हुए शुक्रवार को एडीसीपी ट्रैफिक अंकिता शर्मा ने गुटैया क्रासिंग व कोका कोला चौराहे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोका कोला चौराहे से 100 मीटर की दूर स्थित रिलायंस डिजिटल के सामने कट बनाए जाने की योजना तैयार की, जिससे दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के पास लगने वाले जाम से बचा जा सके। इसके बाद एडीसीपी ट्रैफिक गुटैया क्रासिंग पर पहुंची, जहां कंपनी बाग से रावतपुर जाने वाले लोगों को गोल चौराहे से यू टर्न लेकर जाना पड़ता है। विचार किया गया कि गुटैया क्रासिंग से मेट्रो स्टेशन के बीच में जीटी रोड पर कट बना दिया जाए। एडीसीपी ट्रैफिक अंकिता शर्मा ने बताया कि जीटी रोड पर कट के लिए डीएम को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

दरोगा बता युवती से 40 हजार व स्कूटी हड़पी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दरोगा बता धोखेबाज ने फेसबुक के जरिए युवती से दोस्ती की और पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 40 हजार रुपये व स्कूटी हड़प ली। पीड़िता ने किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

किदवई नगर बी ब्लाक निवासी प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि उनकी बेटी स्वाती की जान पहचान फेसबुक के माध्यम से युवक से हुई। युवक ने खुद को दरोगा बताया। स्वाती ने स्कूटी बेचने की इच्छा जाहिर की तो युवक खरीदने के लिए राजी हो गया। युवक स्वाती की स्कूटी टेस्ट करने बहाने लेकर फरार हो गया। फिर अचानक डयूटी पर जाने को कहा, इसके बाद टालमटोल शुरू कर दिया। कुछ समय बाद युवक ने पुलिस विभाग में नौकरी के नाम पर 50 हजार मांगे। बोला कि स्कूटी के 10 हजार रुपये हमें देने हैं। ऐसे में आप किस्तों में 40 हजार रुपये दे देना। झांसे में आई स्वाती ने उसके खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए। नौकरी न लगने पर स्कूटी व पैसे वापस मांगने पर मना कर दिया। सोशल मीडिया पर एडिट फोटो वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने डीसीपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

फर्जी आईडी पकड़ी तो पत्नी ने पिटवाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव थानाक्षेत्र का मामला, छह पर एफआईआर

अमृत विचार। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर चला रही पत्नी ने विरोध करने पर भाई के साथ मिलकर पति को पीटा। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है ।

बी आरएसपुरम सर्वोदय नगर निवासी विनय कटियार ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह पूजा निवासी हसोलेखेड़ा, बिन्दकी जिला फतेहपुर के साथ हुआ था। ससुराल वालों ने विवाह के समय पत्नी का नाम पूजा बताया था।

लेकिन बाद में पता चला कि उसका नाम पूजा नहीं बल्कि मधु है। आरोप है कि वह फेसबुक और इंस्टाग्राम पर माही पटेल के नाम से आईडी चला रही है। उसने इसका विरोध किया। 28 जनवरी 2024 को रात करीब 9:30 बजे वह छपेड़ा पुलिया की तरफ जा रहे थे तभी साला समरजीत व पत्नी पूजा तथा तीन-चार अज्ञात लोगों ने बीच रास्ते में रोक लिया और मारपीट करने लगे। जिससे वह घायल हो गए।

आरोप है कि उन लोगों ने कहीं शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोप है कि पत्नी पूजा ने कहा कि साथ नहीं रहना है। दस लाख रुपये देकर समझौता कर लो नहीं तो जान से भी हाथ धोना पड़ेगा।

आरोप है कि इसके बाद वह परिवार के साथ थाने गए जहां सुनवाई नहीं हुई। इस संबंध में काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी समरजीत, पूजा उर्फ मधु व तीन से चार अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शराब के पैसे न देने पर युवक को मारापीटा

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र के बीमा अस्पताल पांडु नगर निवासी हरेंद्र कुमार गौड़ ने पुलिस को बताया कि वह बीमा अस्पताल गेट के पास खड़े थे तभी वहां पर कमल शंखवार, निखिल उर्फ पोलर, धीरज उर्फ छोटू सभी ने रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। मना करने पर निखिल, धीरज और कमल शंखवार ने पीट कर घायल कर दिया। काकादेव थाने में कमल शंखवार, निखिल उर्फ पोलर, धीरज उर्फ छोटू पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मुन्नाभाई सिपाही को थाने से जमानत

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र स्थित सेंटर में पुलिस रेडियो ऑपरेटर परीक्षा में अपने भाई की जगह परीक्षा देता पकड़े गए सिपाही के अभ्यर्थी भाई को भी नामजद किया है। वहीं, देर रात पुलिस ने गिरफ्तार सिपाही को थाने से जमानत पर छोड़ दिया।

गुरुवार दोपहर काकादेव स्थित द लानिंग स्पेस ऑनलाइन टेस्ट सेंटर में केंद्र पर्यवेक्षक (पुलिस) की परीक्षा थी। बायोमीट्रिक चेकिंग के समय हमीरपुर के कर्राहया निवासी सिपाही असन सिंह कुशवाहा अपने भाई अनूप कुशवाहा की जगह हेड ऑपरेटर की परीक्षा देने की कोशिश करते पकड़ा गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि इस केस में थाने से जमानत का प्रावधान है। सिपाही को थाने से जमानत दे दी गई।

सार-संक्षेप

ताला तोड़कर नकदी और जेवर पार

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र में चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात पार कर दिए। पीड़ित परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए नोएडा गया था। मकान मालिक ने जाजमऊ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

गंगा विहार निवासी लता श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी को वह अपनी भतीजी के शादी में परिवार के साथ नोएडा गई हुई थीं। घर में ताले लगे थे। इसी बीच चोरों ने घर के ताले तोड़कर अलमारी में रखे करीब छह हजार रुपये और 2 .75 लाख की कीमत के जेवरात समेत अन्य सामान पार कर ले गए। 24 जनवरी को उनके पड़ोसी ने गेट खुले होने पर फोन कर घर पर चोरी होने की जानकारी दी। इस पर वापस आकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर के अंदर कई ताले और अलमारी तोड़ी थीं। कार्यवाहक थाना प्रभारी सभाजीत मिश्र ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज किया है।

सिंधी समाज ने किया भूमि पूजन

कानपुर। झूलेलाल मन्दिर, गुजैनी के प्रथम तल पर हॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान प्रेम प्रकाश आश्रम कानपुर के संत सांई भोलाराम, बांके बिहारी मंदिर के संत सांई हरिदास उदासी व बाबा तोलाराम दरबार के संत सांई रमेश लाल मौजूद रहे। बताया गया कि प्रथम तल पर बनने वाला भवन समाज के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में सीताराम खत्री,महेश रामानी, गोपालदास रोहड़ा, मनोज आडवाणी,अशोक अगनानी, धर्मेंद्र फतवानी, श्यामलाल मूलचंदानी सहित अन्य मौजूद रहे।

उम्मीद की राह | जामुन व हरी मिर्च का होगा निर्यात, फूलों का संगठित बाजार बनेगा,जूस व गुठली के पाउडर के निर्यात को इंट्रीगेटेड पैक हाउस का प्रस्ताव

अमेरिका, दुबई और लंदन में भी बिकेगा बिठूर का जामुन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

बैठक में मंडलायुक्त ने प्रस्ताव सुने और दिशा निर्देश दिए। अमृत विचार

- प्रगतिशील किसानों और संगठनों को ट्रेनिंग देने के निर्देश

अमृत विचार। शहर से जामुन व हरी मिर्च का निर्यात होगा और फूलों का संगठित बाजार बनाया जाएगा। कृषि निर्यात नीति को बढ़ावा देने के लिए कानपुर मंडल स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में निर्यात पर सहमति जताई गई। जामुन के जूस व गुठली के पाउडर के निर्यात को इंटीग्रेटेड पैक हाउस का प्रस्ताव आया। निर्यातकों ने जानकारी दी कि बिठूर का जामुन अमेरिका व लंदन तक निर्यात करने की तैयारी है। प्रगतिशील किसानों व संगठनों को ट्रेनिंग के निर्देश दिए गए।

कमिश्नर अमित गुप्ता की मौजूदगी में हुई बैठक में कन्नौज के एफपीसी यदुराज सिंह चौहान ने बताया कि आलू, बाजरा, मक्का का उत्पादन किया जा रहा है। इसके निर्यात का प्रस्ताव रखा गया है। चौबेपुर के एफपीओ आशीष शुक्ला ने जामुन और हरीमिर्च का निर्यात करने पर जोर दिया। निर्यातक कमल दीप सिंह ने निर्यात का टाईअप भी किया।

यूरोप में मूंगफली करेंगे निर्यात

निर्यातक दुर्गा प्रसाद ने जानकारी दी कि मूंगफली का निर्यात नेपाल एवं बांग्लादेश को किया जा रहा है। यूरोप में भी निर्यात करने को तैयार हूं। ब्रह्मवर्त नेचर फार्मिंग के सीईओ राज किशोर शुक्ला व आशीष कुमार शुक्ला ने मूंगफली के उन्नतशील बीज को उपलब्ध कराने पर सहमति जताई।

निर्यातक कमल दीप सिंह ने यूरोप, अमेरिका, दुबई एवं लंदन आदि देशों को बिठूर की जामुन के पल्प या जूस, गुठली के पाउडर का निर्यात करने पर जोर दिया। उन्होंने कानपुर में एक इंटीग्रेटेड पैक हाउस व प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जरूरत पर जोर दिया। मण्डलायुक्त ने एमएसएमई व उद्यान विभाग के अफसरों को निर्यातकों के साथ बैठक कर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए। कानपुर नगर, देहात व कन्नौज के इच्छुक प्रगतिशील कृषकों, कृषक उत्पादक संगठनों को एपीडा, डीजीएफटी की जरूरी ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया गया।

पुष्प उत्पादन स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष जय नारायन सिंह ने जानकारी दी कि गुलाब, गेंदा, जाफरी व अन्य फूलों को संगठित बाजार की जरूरत है। कमिश्नर ने मंडी परिषद के मंडल के उप निदेशक प्रशासन सुभाष सिंह को निर्देश दिए कि नियमानुसार विनियमित मण्डी के अन्दर पुष्पों का व्यापार शिफ्ट कराया जाए।

कमिश्नर ने निर्देश दिया कि आए प्रस्ताव पर एमओयू तैयार कर संयुक्त निदेशक, कृषि को भेजे जाएं। सभी जिलों के उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी मौजूद रहे। कृषि निर्यात निगरानी समिति कानपुर मंडल के सहायक कृषि विपणन अधिकारी कमल कान्त त्यागी ने अनुदान की जानकारी दी। कमिश्नर सभागार में हुई बैठक में सीडीओ नगर सुधीर कुमार, कानपुर देहात लक्ष्मी एन, संयुक्त महानिदेशक निदेशक विदेश व्यापार अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

बलवंत हत्याकांड के वादी से बचाव पक्ष की जिरह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अब आठ फरवरी को बलवंत के पिता और चाचा की होगी कोर्ट में गवाही
- एडीजे कोर्ट संख्या-5 में हाजिर रहे सभी आरोपित पुलिस कर्मी

अमृत विचार: बहुचर्चित बलवंत हत्याकांड में एडीजे कोर्ट संख्या-5 में वादी से आरोपित तत्कालीन एसओजी प्रभारी के वकील ने जिरह पूरी की। अब कोर्ट ने बलवंत के पिता व चाचा की गवाही के लिए आठ फरवरी की तारीख नियत की है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर सरैंया गांव के बलवंत सिंह की एक मामले में हिरासत में लेकर रनियां थाने में हुई मारपीट में 12 दिसंबर 2022 को मौत हो गई थी। उनके चाचा अंगद सिंह ने शिवली के तत्कालीन कोतवाल व एसओजी प्रभारी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई एडीजे दुर्गेश की कोर्ट संख्या- 5 में चल रही है। मुकदमे में आरोपित तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत कुमार गौतम के वकील ने जिरह पूरी की। इस दौरान जेल से लाए गए आरोपित तत्कालीन शिवली कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह, मैथा के तत्कालीन चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित सभी आठ आरोपित कोर्ट में मौजूद रहे। वादी के वकील जितेंद्र सिंह चैहान ने बताया कि हाईकोर्ट ने आरोपित सोनू यादव की जमानत निरस्त करने के साथ ही मुकदमें में जल्द से जल्द सुनवाई का आदेश जारी किया है।

एक नजर

कल बिगड़ सकता मौसम आंधी-पानी की संभावना

कानपुर। शहर में रविवार और सोमवार को तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। शुक्रवार को सुबह से धूप खिलने के कारण अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम बिगड़ने की वजह तेजी से तापमान बढ़ना है।

आरओ व एआरओ की परीक्षा 11 को होगी

कानपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी (आरओ) तथा सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) -2023 की प्रारंभिक परीक्षा शहर में तय केंद्रों पर 11 फरवरी को दो पालियों में सुबह 9.30 से 11.30 बजे और अपराह्न 2.30 बजे से 3.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं।

नेत्र शिविर में 45 लोगों की हुई जांच

कानपुर। पनकी में शिव नगर डूडा कॉलोनी में प्रगतिशील जन कल्याण सेवा समिति ने निशुल्क नेत्र परीक्षण का शिविर लगाया। शिविर में डॉ. जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय की टीम ने 45 लोगों की आंख की जांच की। जांच में चार लोगों की आंखों में मोतियाबिंद मिला, उनको टीम में शामिल फार्मिक असिस्टेंट रामवृक्ष प्रजापति ने ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर अस्पताल भेजा। इस दौरान नितिन तिवारी, अजीत कुमार, अतुल यादव, आयुष सिंह, कुष्ण बिहारी, आयुष गौड़, निम्मी दुबे, आकाश सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

विश्व वेटलैंड दिवस मनाया

कानपुर। वन्यजीव संरक्षण व ईको पर्यटन को विस्तार रूप से प्रोन्नत किए जाने के लिए शुक्रवार को चिड़ियाघर में विश्व वेटलैंड दिवस आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राणी उद्यान के निदेशक ने भ्रमण करने आए दर्शको को विश्व वेटलैंड दिवस की जानकारी दी। दर्शकों को जागरूक करते हुए बताया कि वेटलैंड, जिसे साधारण भाषा में ताल, झील व पोखरों के रूप में जाना जाता है। हमारा प्रदेश वेटलैंड की दृष्टि से अत्यन्त संपन्न है।

पुलिस ने सटोरिये को पकड़ा

कानपुर। कलक्टरगंज पुलिस ने सट्टा खेलते हुए सटोरिये को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुली बाजार निवासी अनुज मल्होत्रा बताया। जिसके पास से 13 पर्ची 4170 रुपये बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

चार फरवरी 74 को जन्म तो जू में प्रवेश मिलेगा फ्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर चिड़ियाघर रविवार को पचास साल का हो जाएगा। इस स्वर्ण जयंती वर्ष पर प्राणि उद्यान पर्यटकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करेगा। जिन दर्शकों का जन्मदिन चार फरवरी 1974 है, उन्हें निशुल्क और जिनका जन्मदिन चार फरवरी है उन्हें टिकट पर 50% छूट मिलेगी।

प्राणि उद्यान के निदेशक केके सिंह ने बताया कि कानपुर चिड़ियाघर चार फरवरी को अपने पचास वर्ष पूरे कर रहा है। इस अवसर पर चार फरवरी को स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। जिसके तहत दर्शकों को कुछ सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन दर्शकों को निशुल्क भ्रमण कराया जाएगा, जिनकी जन्मतिथि चार फरवरी 1974 है। वहीं 1974 में जन्में दर्शकों को प्राणी उद्यान प्रशासन की ओर से 50% की छूट पर टिकट दी जाएगी। इसके लिए दर्शक को आधार कार्ड दिखाना होगा।

चेन्नई से आया शुतुरमुर्ग व ग्रीन इगुवाना

- निदेशक केके सिंह ने बताया कि स्वर्ण जयंती की तैयारियों के बीच कुछ नए मेहमान भी चिड़ियाघर में आए हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चेन्नई प्राणी उद्यान से विनिमय के तहत वन्य जीव कानपुर प्राणी उद्यान लाए गए हैं। जिसमें शुतुर्गमुर्ग, रेटीकुलेटेड पायथन, ग्रीन इगुवाना, भेडिया, माउस डियर हैं। चेन्नई से लाए गए वन्यजीव मौजूदा समय में कोरेंटाइन हैं।

महिलाओं ने मारी बाजी

पुरुष पिछड़े, फर्स्ट वोटर भी पीछे नहीं

कानपुर। इस बार लोकसभा चुनाव में वोट की चोट करने में कानपुर लोकसभा सीट पर नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर हौसला दिखाया है। नई मतदाता सूची में 57 हजार से ज्यादा महिलाओं ने नाम बढ़े हैं। पुरुष नाम दर्ज कराने में फिसड्डी निकले। पिछली बार पुरुष वोटरों की संख्या 19 लाख 13 हजार 239 थी। अबकी संख्या 19 लाख 11 हजार 450 रह गई है। 18 साल से अधिक उम्र के 37 हजार से ज्यादा युवा पहली बार ईवीएम का बटन दबाएंगे। जिले की मतदाता सूची बनकर तैयार हो गई है। कुल मतदाता 35 लाख 21 हजार 81 से बढ़कर अब 35 लाख 76 हजार 785 हो गए हैं। पिछले साल महिला वोटरों की संख्या 16 लाख 7 हजार 592 थीं, अब यह संख्या 16 लाख 65 हजार 126 पहुंच गई है। लेकिन पुरुष मतदाता की संख्या 19 लाख 13 हजार 239 से 19 लाख 11 हजार 450 पहुंच गई है।

1.42 लाख नए मतदाता बने

1.51 लाख फर्स्ट वोटर संख्या



प्रस्तुति : सर्वेश मिश्र
डिजाइन : विपिन जायसवाल

1.42 लाख मतदाता नए बने

- जिले में चले अभियान के पहले 35.10 लाख मतदाता थे। एक लाख 42 हजार 943 मतदाता बढ़े हैं। अंतिम सूची मं ट्रांसजेंडर वोटरों की संख्या 209 है। 87 हजार 274 मृतक व जिले से बाहर चुके वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटे हैं। शिकायत के बाद 55 हजार 669 नाम जोड़े गए हैं। पुनरीक्षण अभियान में 37,890 युवा वोटर जुड़े हैं।

16.65 लाख महिलाएं करेंगी इस बार शहर में वोट की चोट

37000 से ज्यादा युवा पहली बार चुनेंगे आपना सांसद

लोकसभा चुनाव

गैस सिलेंडर याद दिलाएगा पहले मतदान फिर जलपान



कानपुर। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन तैयारी कर रहा है। जागरूकता के लिए रसोई गैस सिलेंडर पर वोट डालने के लिए प्रेरित करने वाले स्टिकर नजर आएंगे। इसी माह से गैस सिलेंडर पर 'चूल्हा-बर्तन छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' जैसे स्लोगन वाले स्टीकर लगे नजर आएंगे।

एक लाख 42 हजार 943 वोटरों के नाम लिस्ट में जोड़े गए हैं। महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है।

राजेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

लिंगानुपात बढ़कर 871 हुआ

- पहले मतदाता सूची का लिंगानुपात एक हजार पुरुष पर 842 महिलाएं थीं। अब यह अनुपात एक हजार पुरुष पर 871 पहुंच गया है।

35.76 लाख कुल मतदाता हुए

209 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं

हैलट में जांचें ठप, मरीज परेशान

एक साल से एक दर्जन महत्वपूर्ण जांचें नहीं होने से निजी पैथोलॉजी काट रहीं जेब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट अस्पताल में बीते एक साल से कई महत्वपूर्ण जांचें ठप होने से मरीजों को मजबूरी में निजी पैथोलॉजी में मोटी रकम चुकानी पड़ रही है। इस समस्या से निजी पैथोलॉजी संचालक चांदी काट रहे हैं और गरीब मरीजों की जेब कट रही है।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में रोज औसतन हजार तक बीमार पहुंचते हैं, तो इमरजेंसी में भी बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं। इसके अलावा सड़क हादसों में घायल लोग भी यहां आते हैं। लेकिन अस्पताल में एक दर्जन जांचें बंद होने से मरीजों व उनके तीमारदारों को निजी पैथोलॉजी की दौड़ लगाकर वहां हर जांच की दो गुना से अधिक रकम चुकानी पड़ती है। जो मरीज चलने-फिरने में असमर्थ होते हैं, निजी पैथोलॉजी के कर्मी अस्पताल से उनका सैंपल ले जाते हैं और इसके लिए सर्विस चार्ज वसूलते हैं।

अस्पताल में यह जांचें बंद : एचबीए1सी (शुगर की जांच,जो तीन माह का अनुपात बताती है), पीटीआईएनआर (खून में थक्का जमने की जांच), एपीटीटी (खून संबंधित जांच), टी3टी4टीएसएच (थायराइड), एफ3एफ4एफएचएस (फ्री थायराइड), एलएच (महिलाओं में हार्मोन्स की जांच), विटामिन डी-3, जीजीपीटी (एल्कोहोलिक लिवर की जांच), गामा (शुगर संबंधित जांच) व लाइपेज एम आइलेज (पैंक्रियास, पेट संबंधित जांच)

हैलट अस्पताल की ओपीडी में लगी भीड़। अमृत विचार

बोले तीमारदार

पति बीमार हैं। डॉक्टर ने कुछ जांचें लिखी। जांच का पर्चा लेकर पैथोलॉजी गए तो कई जांचें नहीं हो सकीं। कर्मी ने बाहर से जांच कराने के लिए कहा है।

- रूपरानी, दबौली।

रिश्तेदार की तबियत खराब है। अस्पताल में डॉक्टर ने जांच कराकर लाने को बोला, लेकिन पैथोलॉजी गए तो सभी जांच नहीं हुईं। अब बाहर से करानी पड़ेंगी।

- शशि वर्मा, मैथा।

- निजी पैथोलॉजी में वसूले जाते हर जांच के दोगुने से ज्यादा दाम

पैथोलॉजी में सभी महत्वपूर्ण जांचें हो रही हैं। कुछ जांच काफी समय से बंद हैं, जिन्हें शुरू कराने की कोशिश हो रही है। कुछ जांचों के लिए रिजेंट आने हैं, इसके बाद शुरू हो जाएंगी।

-डॉ.महेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग

धीमे सर्वर की बीमारी का हो रहा है इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट अस्पताल में आए दिन सर्वर ठप होने या धीमी रफ्तार में चलने के कारण मरीजों को होने वाली परेशानी का जल्दी ही निदान हो जाएगा। 'अमृत विचार' के लगातार प्रमुखता से इस समस्या को उठाने पर मेडिकल कालेज प्राचार्य और प्रमुख अधीक्षक ने बीएसएनएल कंपनी के अधिकारियों से बात की, इसमें इंटरनेट की स्पीड तीन सौ एमबीपीएस करने पर सहमति बनी है।

हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बीएसएनएल अधिकारियों को सर्वर की समस्या बताकर समाधान करने को कहा था। इस पर बीएसएनएल के एक अधिकारी व कर्मी ने केबिल की जांच कर इंटरनेट की स्पीड 100 एमबीपीएस के मुताबिक कंप्यूटरों की संख्या अधिक बताई। इसी के बाद तय हुआ कि इंटरनेट को 300 एमबीपीएस की स्पीड मिलने पर समस्या नहीं होगी।

अभी सर्वर की गड़बड़ी से हैलट अस्पताल के साथ बाल रोग, जच्चा-बच्चा और मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में आने वाले सैकड़ों मरीजों को अक्सर पर्चे या फाइल बनवाने के लिए परेशान होना पड़ता है। ओपीडी में सुबह के समय सर्वर चले जाने से कई बार मरीज बिना इलाज के लौट जाते हैं। इस समस्या से सबसे ज्यादा परेशान बाहरी जिलों से आए मरीज होते हैं।

पांच अस्पतालों में सर्वर ठप, सैकड़ों मरीज बिना इलाज पाए लौट गए

सर्वर ठप, हैलट में मरीज हुए परेशान

- अब तीन सौ एमबीपीएस की स्पीड से दौड़ेगा इंटरनेट
- अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी समस्या

बीएसएनएल कंपनी से करार के बाद अब इंटरनेट की स्पीड 300 एमबीपीएस बढ़ेगी। इसके लिए काम शुरू हो गया है।

-डॉ.आरके सिंह, प्रमुख अधीक्षक।

पहले दिन किसी स्कूल में नहीं हुई प्रायोगिक परीक्षा

कानपुर। यूपी बोर्ड की ओर से संचालित प्रायोगिक परीक्षाएं शुक्रवार से स्कूलों में शुरू होनी थी। पहले दिन किसी भी स्कूल में यह परीक्षा संचालित नहीं की गई। इसकी बड़ी वजह परीक्षाओं के दौरान बाहर से आने वाले विषय विशेषज्ञ शिक्षक रहे। 9 फरवरी तक चलने वाली परीक्षाओं के लिए माना जा रहा है कि सोमवार से स्कूलों में परीक्षाएं विधिवत संचालित होगी। स्कूलों की ओर से प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

इस बार मुख्य लिखित परीक्षा के तर्ज पर ही प्रयोगात्मक परीक्षा की भी निगरानी शिक्षा विभाग की ओर से कमरों के जरिए की जा रही है। इसके लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

स्कूलों में परीक्षा की पूरी निगरानी कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी करेंगे। उधर जिले के स्कूलों की ओर से बाहर से आने वाले शिक्षकों का इंतजार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की माने बाहर से आने वाले शिक्षकों की ओर से दी गई तारीख पर ही स्कूल में परीक्षा संचालित कराई जाएगी।

जुमे की नमाज पर ड्रोन और कैमरों से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च
- जेपीसी करते रहे मॉनीटरिंग, घुड़सवार पुलिस भी सड़क पर

अमृत विचार। गुरुवार को वाराणसी में ज्ञानवापी में आरती के बाद मुस्लिम इलाकों में बाजार बंदी रखी गई थी जिसके बाद पूरे यूपी को विशेष हाईअलर्ट पर किया गया था। इस कारण शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही। इस दौरान अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं चप्पे-चप्पे की पर ड्रोन और कैमरों से नजर रखी जा रही थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था चौकी से शहर की मॉनीटरिंग करते रहे। एतियातन मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात की गई थी। घुड़सवार पुलिस भी पुलिस अधिकारियों के साथ क्षेत्रों में गश्त करती रही। जुमे की नमाज से पहले पुलिस ने ड्रोन की मदद से घनी आबादी वालों क्षेत्रों की निगरानी कराई गई। जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी, डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह, एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर, सद्भावना चौकी लगाए गए कैमरों की मदद से निगरानी करते रहे।

एक चौथाई से ज्यादा बीसी सखी घर में बैठीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने वाली बैंकिंग कॉरास्पडेंट (बीसी) सखी ट्रेनिंग लेने के बाद काम छोड़कर घर बैठ गई हैं। कहा जा रहा है कि कम कमीशन के चलते इन्होंने दूसरा काम चुनना ज्यादा पसंद किया है। वर्तमान में 486 ट्रेनिंग प्राप्त सखी में 361 ही काम कर रही हैं। ट्रेनिंग लेने के बाद 125 बीसी सखी ने डिवाइस लेने से मना कर दिया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संचालित बीसी सखी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वतः रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। योजना में आवेदन के बाद महिलाओं की ट्रेनिंग होती है। आईआईबीएफ पास करने के बाद महिलाएं डिवाइस पाने की हकदार हो जाती हैं और उन्हें ग्राम पंचायतों में तैनाती मिल जाती है। बीसी सखी के लिए चयनित महिलाएं अपने क्षेत्र में बैंक खाता खुलवाना, जमा-निकासी, बीमा, ई-केवाईसी, फंड ट्रांसफर, केसीएस, बैंक लोन कराने जैसे काम करती हैं। इसके लिए अलग-अलग कमीशन निर्धारित है।

- 486 ने लिया प्रशिक्षण पर काम कर रही हैं केवल 361
- परीक्षा और ट्रेनिंग के बाद 125 ने नहीं ली डिवाइस

वर्तमान में बीसी सखी के लिए 486 महिलाओं ने ट्रेनिंग ली है। इनमें 361 डिवाइस लेकर ग्राम पंचायतों में काम कर रही हैं। निजी कारणों से 125 ने डिवाइस नहीं ली है। ट्रेनिंग के बाद किसी की शादी हो गई तो किसी के पति या परिजनों ने काम करने से मना कर दिया है, जैसे कारण सामने आए हैं। जल्दी ही खाली ग्राम पंचायतों में बीसी सखी की कमी को पूरा जाएगा।

-आदित्य शुक्ला, जिला मिशन प्रबंधक।

क्या है योजना

- बीसी सखी योजना 2020 में प्रदेश सरकार ने शुरू की थी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं डिजिटल माध्यम से लोगों के घर जाकर बैंकिंग सेवाएं देती हैं। इससे लोगों को घर पर बैंक की सुविधा और महिलाओं को रोजगार मिलता है। बीसी सखी योजना में पहले छह माह तक 4000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। डिवाइस खरीदने के लिए 50,000 रुपये अलग से मिलने का प्रावधान है। बैंकिंग कामों के लिए निर्धारित कमीशन दिया जाता है।

शेयर बाजार ने दूसरे दिन जश्न मनाया

इनकम टैक्स बार एसो. की गोष्ठी में बताया बजट। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अंतरिम बजट के दिन असमंजस का शिकार रहे शेयर बाजार ने एक दिन बाद शुक्रवार को तेजी का जश्न मनाया। बीएसई सेंसेक्स कारोबार शुरू होते ही 1400 अंक तक ऊपर चढ़ गया, बाद में शाम को 440 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी 156 अंकों की बढ़त बनाकर नई रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इससे शहर के निवेशकों की पूंजी में एक दिन में 750 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है।

शेयर बाजार में तेजी के बावजूद पेटीएम के शेयर में लगातार दूसरे दिन 20 प्रतिशत की गिरावट होने से शहर के निवेशक मायूस रहे। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर केवाईसी में लापरवाही और अनुमति से ज्यादा डिपाजिट लेने पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बैन लगाने से पेटीएम के शेयरों की भारी बिकवाली हो रही है। नवंबर 2021 में पेटीएम का आईपीओ 2150 प्रति शेयर के हिसाब से आया था।

इसकी लिस्टिंग 1950 रुपये प्रति शेयर पर हुई थी, तब यह देश का का सबसे बड़ा आईपीओ था। इस आईपीओ में निवेश करने वाले शहर के निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

क्विज से समझा बजट

- कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की कर गोष्ठी में बजट क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेताओं को उपहार दिए गए। गोष्ठी में सीए दिनेश चन्द्र शुक्ल ने बताया कि बजट में पुरानी आयकर बकाया देनदारियों को निपटाने की व्यवस्था से राहत मिलेगी। सीए सुधीर निगम, सीए दीप कुमार मिश्र, अध्यक्ष सीए शरद शेखर श्रीवास्तव ने भी विचार रखे। संचालन आशीष जौहरी व धन्यवाद नरपत जैन ने किया।

बजट के प्रभाव | गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को समृद्ध बनाने वाला है बजट

विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की यात्रा का रोडमैप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मोदी सरकार का लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दस्तावेज और सभी वर्गों की विकास यात्रा के साथ हर क्षेत्र में पिछले दस साल की उपलब्धियों का वह लेखाजोखा है, जिसकी बुनियाद पर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। यह बात एमएचपीएल ग्रुप के चेयरमैन और एमडी पीयूष अग्रवाल ने शुक्रवार को कही। एमएचपीएल ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि यह बजट विकासोन्मुखी है, जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित होने के साथ उद्योग-व्यापार और कारोबार की नई उड़ान सुनिश्चित करता है।

उद्योग-बाजार के साथ सभी वर्गों का ध्यान: एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान के अनुसार अंतिरम बजट सभी वर्गों के लिए सकारात्मक है। इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ने का लाभ उद्योग-व्यापार को मिलेगा। रेल और विमान सेवा को विस्तार देकर सुविधाजनक बनाना सराहनीय है। महिला स्वास्थ्य और युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध है। वह अंतरिम बजट को 10 में 10 नंबर देते हैं, क्योंकि बजट नीतियों और कराधान पर निरंतरता सुनिश्चित करते हुए विकास, कल्याणवाद और राजकोषीय संयम पर केंद्रित है। राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत तक कम होने से उम्मीदों में सुधार हुआ है। पूंजीगत व्यय परिव्यय 16.9 प्रतिशत बढ़कर 11.11 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह पिछले 26 वर्षों में सबसे अधिक है। स्टार्टअप के लिए कर लाभ को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे शहर के लगभग दो हजार युवा जो खुद का स्टार्टअप शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें लाभ हो सकेगा।

अंतरिम बजट में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए महिला स्वास्थ्य पर खास ध्यान दिया गया है। इससे साफ है कि सरकार का सारा फोकस आम आदमी के स्वास्थ्य और देश के विकास पर है। कोरोना काल में भी सरकार की ओर से आम आदमी के लिए उठाए गए कदम सराहनीय रहे थे।

- डॉ. विकास शुक्ला

बजट में तकनीकी और मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के विशेष प्रावधान से न सिर्फ युवा लाभांवित होंगे, बल्कि देश में तकनीकी और मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उच्च शिक्षा के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाने से शिक्षा जगत बजट का खुले दिल से स्वागत करता है।

- अमित नारायण, निदेशक, नारायण मेडिकल कॉलेज

जिम्मेदार सरकार का ज़िमेदार और दूरदर्शी बजट है। इससे युवा, महिला, किसान और आम आदमी सभी को लाभ मिलेगा है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किए जाने से कारोबार और व्यापार बढ़ेगा। बजट में फिजिकल डिफ़िसिट का लक्ष्य 5.1 फीसदी देश की तरक्की और मजबूत अर्थव्यवस्था का द्योतक है।

-सिमरन जीत सिंह, कर सलाहकार

एक ट्रिलियन कोष आवंटन के साथ कम ब्याज या ब्याज मुक्त ऋण से स्टार्टअप क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण का आवंटन महिला उद्यमिता को बढ़ावा देगा। सरकार का विकसित भारत 2047 का विजन प्रशंसनीय है।

- पीयूष अग्रवाल, एमडी एमएचपीएल

चुनाव तक बाजार में बड़ी गिरावट के आसार नहीं

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट अनुकूल होने से शेयर बाजार में आगे भी तेजी बरकरार रह सकती है। अगर कोई वैश्विक प्रभाव नहीं पड़ता है, तो लोकसभा चुनाव तक बाजार में किसी बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं है। निवेशक अच्छी फंडामेंटल्स वाली कंपनियों में ही निवेश करें। म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं।

पांच सौ से एक हजार में बिकता फुटपाथ, बोलो खरीदोगे

- गोविंद नगर बाजार का गला घोंट रहा है दुकानों का अतिक्रमण
- 40 फीट चौड़ी सड़क चौराहे से बचती है सिर्फ 20 फीट
- 1948 में स्थापित हुए बाजार में आज हैं पांच हजार दुकानें
- 20 हजार लोग रोज यहां आते हैं खरीदारी करने, साप्ताहिक बंदी पर 500 से 800 रुपये में बिकता फुटपाथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दक्षिण क्षेत्र के प्रमुख बाजार गोविंद नगर का फुटपाथ पांच सौ से एक हजार रुपये में बिकता है, जो चाहे खरीद सकता है। यह 'टैग लाइन' चावला मार्केट से सीटीआई जाने वाली रोड पर फैले प्रमुख बाजार पर एकदम मुफीद बैठती है। करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क पर आधे से ज्यादा फुटपाथ दुकानदारों ने घेर रखा है। बाटा चौराहा से नटराज तक सड़कों पर रेडीमेड दुकानदारों की कपड़ों की डमी रखी रहती है। नगर निगम अभियान चलाती है, लेकिन कुछ देर बाद समस्या जस की तस हो जाती है।

सन 1948 में स्थापित हुआ गोविंद नगर बाजार आज अतिक्रमण से बदतर हाल में है। बाजार में करीब पांच हजार रेडीमेड कपड़ों के शोरूम, ज्वैलर्स, हार्डवेयर, क्रॉकरी व जूते-चप्पलों की दुकाने हैं। गोविंद नगर बाजार में दक्षिण के साथ ही शहर के अन्य इलाकों से रोज करीब 20 से 25 हजार ग्राहक खरीदारी के लिए आते हैं। लेकिन अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम में फंसकर रह जाते हैं। चावला मार्केट से बाजार में घुसते ही करीब 40 फीट चौड़ी सड़क है। विद्यार्थी मार्केट के बाहर सड़क तक मिट्टी के बर्तनों का बाजार है। इसके आगे सड़क पर पांच फिट पर दुकानदारों ने फुटपाथ ऊंचे कर लिए हैं, जिन पर दुकानदारों का कब्जा है। बाटा चौराहे से आदर्श बेकरी तक का आलम तो यह है कि फुटपाथ पर पूरी तरह से दुकानदारों का कब्जा है। दुकानों के बाहर पूरा सामान रखा हुआ है व सड़क पर दुकानों की कपड़ों से लदी डमी रखी रहती है। रोड के दोनों ओर गाड़ियां खड़ी करतें है, जिससे करीब 600 मीटर लंबी सड़क 20 फिट चौड़ी ही बचती है। अतिक्रमण के कारण लोगों को भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मुताबिक बाजार में कई व्यापारियों ने 500 से एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से फुटपाथ किराए पर उठा रखा है। साप्ताहिक बंदी वाले दिन लगने वाली मंगल बाजार में बाहर के व्यापारी को फुटपाथ किराए पर दिया जाता है।

गोविंदनगर बाजार में पैदल चलना दूभर है। अमृत विचार

कई व्यापारियों ने सड़कों पर साइनेज लगवा रखे हैं। दुकानों के बाहर फुटपाथों को ऊंचा कर कब्जा किए हैं। मेरठ चाट भंडार से नटराज तक सड़क बुरी तरह से अतिक्रमण के चपेट में है। कई बार पुलिस अधिकारियों व नगर निगम के द्वारा अभियान चलाया जाता है, लेकिन कुछ ही देर बाद समस्या जस की तस हो जाती है।

-शम्मी मल्होत्रा, भगत सिंह मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष

बाजार में पार्किंग, जल निकासी, सुलभ शौचालय व अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या है। पूरी बाजार में फुटपाथ पर लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिससे ग्राहकों को आधी सड़क तक वाहन खड़े करने पड़ते हैं। त्योहारों के मौसम में तो बाजार में पैर रखने की जगह नहीं होती। बाजार में सुलभ शौचालय न होने से महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

-अंकुर खन्ना, हार्डवेयर कारोबारी

दुकानों के बाहर फुटपाथ को कब्जा मुक्त करने के लिए प्रशासन को सख्ती करनी होगी। पुलिस को दिन में दो बार बाजार में गश्त करने की आवश्यकता है। निर्धारित स्थान से बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों को दो बार हिदायत दी जाए। तीसरी बार चालान कर सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाए, तभी सुधार की संभावना है।

-कमल चावला, फर्नीचर कारोबारी

बरसाती नाला सही करें, चौड़ी हो जाएगी सड़क

दुकानदारों के मुताबिक जल निकासी के लिए परमपुरवा से सीटीआई तक बरसाती नाले का निर्माण आठ वर्ष पूर्व कराया गया था। निर्माण के दौरान नगर निगम अधिकारियों की ओर बताया गया था कि नाले को और गहरा किया जाएगा, लेकिन नाले को सड़क से करीब डेढ़ फिट ऊंचा कर दिया गया। जिससे जल निकासी बाजार की प्रमुख समस्या बन चुकी है। जरा सी बारिश में ही पानी दुकानों में भर जाता है, साथ ही नालों के ऊपर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। अगर नाले को सड़क के बराबर कर दिया जाए तो करीब पांच सड़क चौड़ी हो जाएगी।

लिंक रोड पर खड़े होते वाहन, घरों में कैद लोग

बाजार में पार्किंग की भारी समस्या होने से ग्राहक बाजार से जुड़ी लिंक रोड पर वाहनों को पार्क करते हैं। इससे गलियों में भी लोगों को जाम से रूबरू होना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि लोग घंटों के हिसाब से वाहन गलियों में खड़े कर चले जाते हैं, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

डीसीपी ट्रैफिक व उच्चाधिकारियों के साथ पूर्व में निरीक्षण किया गया था। कई बार अतिक्रमण हटाया गया है, लेकिन स्ट्रीट वेंडर्स को स्थापित कराने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से दुकानदार दोबारा फुटपाथ पर कब्जा कर लेते हैं। वन-वे व्यवस्था लागू करने के लिए बाजार का निरीक्षण किया जाएगा। पार्किंग के लिए चिन्हित स्थानों को भी देखा जाएगा।

-सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

सार-संक्षेप

प्रो. नरेंद्र मोहन को उत्कृष्टता पुरस्कार

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन को नई दिल्ली में आयोजित चीनी और इथेनॉल अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दौरान उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शर्करा प्रौद्योगिकी के कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि यह पुरस्कार अभिनेत्री भाग्यश्री ने दिया है। जिसमें देश और विदेशों के 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह पुरस्कार उन्हें नवीन प्रक्रियाओं और उत्पादों के विकास के माध्यम से चीनी और संबद्ध उद्योग में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिया गया है।

प्रो .नरेंद्र मोहन को मिला पुरस्कार।

मदर टेरेसा स्कूल में रंगारंग समारोह। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को दीं शुभकामनाएं

कानपुर। मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, किदवई नगर में शुक्रवार को डेडीकेशन सेरिमनी हुई। समारोह का शुभारंभ ईश वंदना से हुआ। आईसीएसई और आईएससी के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्रिस्टोफर साइलस ने विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की शुभकामना दी। प्रधानाचार्या डा. वीना साइलस ने बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर चेयरमैन यशराज साइलस, उपप्रधानाचार्या दीक्षा साइलस व शिक्षक मौजूद रहे।

लकी ड्रा के विजेता को बाइक दी गई। अमृत विचार

लकी ड्रा में गोल्डी ने विक्रेता को दी बाइक

कानपुर। सीतापुर में शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लिमिटेड ने अपने वितरक व विक्रेताओं का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन कंपनी के बिक्री प्रबंधक अरविंद शर्मा ने गणेश पूजन व दीप प्रज्वलन से किया। उन्होंने अमृत महोत्सव के उपहार योजना व लकी ड्रॉ में निकली मोटर साइकिल की चाभी विक्रेता ओम किराना स्टोर्स को पुरुस्कार के रूप में देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समूह के निदेशकों, वितरकों व कर्मचारियो की कड़ी मेहनत, बढ़िया क्वालिटी व वाजिफ दाम के साथ गोल्डी मसाले बाजारों में मौजूद है। बदलते मार्केटिंग परिवेश को ध्यान में रखते हुए टेक्नोलॉजी, उत्पादन, विस्तार व ग्राहकों के हित को सर्वोपरि रखा गया है। कानपुर से शुरू हुआ गोल्डी आज पूरे भारत में प्रसिद्धि की धाक जमा चुका है। एरिया बिक्री अधिकारी राम किशन स्थानीय वितरक भरत अग्रवाल सीताराम एजेंसीज और बिक्री प्रतिनिधि विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

मंदिर को उड़ाने की धमकी में लगा सुराग

कानपुर। कोतवाली थानाक्षेत्र में मेस्टन रोड पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का पोस्टर चस्पा करने वाले एक शातिर का पुलिस को सुराग लग गया है। गनर लेने के लिए उस शातिर ने यह पोस्टर चस्पा किए थे। मंदिर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। आलाधिकारियों के आदेश पर पुलिस जल्द खुलासा कर देगी। 28 जनवरी को धमकी भरा पोस्टर मंदिर की दीवार पर चस्पा मिला था। इसमें मंदिर की देखभाल करने वाले भाजपा नेता रोहित साहू को जान से मारने की धमकी दी गई थी। रोहित साहू की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धमकी वाला पोस्टर चस्पा करने वाला शख्स मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि कुछ फटेज हाथ लगे हैं। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

बनेगा नया सीवरेज पंपिंग स्टेशन

मैनावती मार्ग पर जलनिगम बनाएगा 15 एमएलडी का सीवरेज पंपिंग स्टेशन

एक्सक्लूसिव

अभिषेक वर्मा, कानपुर

अमृत विचार। जलनिगम अमृत योजना के तहत मैनावती मार्ग पर 15 एमएलडी सीवरेज पंपिंग स्टेशन का निर्माण करेगा। कानपुर सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-3 जोन-1 के तहत शासन से 126.13 करोड़ रुपये स्वीकृत है, इसी के तहत मैनावती मार्ग के बैरी अकबरपुर कछार में पंपिंग स्टेशन बनेगा। सीवरेज पंपिंग स्टेशन बनने के बाद आठ हजार घर में रहने वाली 40 लाख की आबादी के सीवरेज का संयोजन हो सकेगा।

मैनावती में आराजी संख्या 916 के आशिंक भाग क्षेत्रफल 916.50 वर्गमीटर में पंपिंग स्टेशन बनना है। इसके लिये जलनिगम ने केडीए से भूमि की मांग की थी। अब इस जमीन के बदले केडीए ने पांच करोड़ छ लाख अठारह हजार चार सौ की मांग की है। जलनिगम के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र सिंह ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बजट उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत नगर विकास विभाग को भेजने का आग्रह किया है। राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सीवरेज पंपिंग स्टेशन बनने के बाद 8146 घरों को सीवर संयोजन उपलब्ध कराते हुये 15 एमएलडी क्षमता के प्लांट से नगर निगम कानपुर की लगभग 40,800 जनसंख्या को सीवरेज की मूलभूत सुविधा दी जायेगी।

सीवेज पंपिंग स्टेशन क्या है

सीवरेज पंपिंग स्टेशन कचरे को इकट्ठा करता है। फिर उच्च दबाव पर सीवर सिस्टम में पंप करके काम करता है, जिसके बाद प्राकृतिक गुरुत्वाकर्षण काम करता है। सबसे पहले, तरल अपशिष्ट को एक गीले कुएं या संग्रह कक्ष में स्थानांतरित और संग्रहीत किया जाता है, जिसकी निगरानी फ्लोट स्विच या तरल स्तर सेंसर जैसे स्तर नियंत्रण उपकरण द्वारा की जाती है।

- 8 हजार घरों के सीवरेज का होगा संयोजन
- केडीए ने भूमि के एवज में मांगे पांच करोड़

हमने योजना के अंतर्गत निशुल्क जमीन मांगी थी। जिसपर केडीए ने पैसे की डिमांड की है। योजना क्योंकि आम जनता से जुड़ी हुई है। इसलिये शासन को बजट से अवगत कराया गया है। ताकि धनराशि मिलने के बाद काम जल्द शुरू किया जा सके।

- राजेन्द्र सिंह- अधीक्षण अभियंता, जलनिगम

कपड़ा कारोबारी वित्त मंत्री से मिलकर जताएंगे विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर कपड़ा कमेटी से जुड़े कारोबारी जल्द ही वित्त मंत्री के साथ मिलकर अपना विरोध जताएंगे। बजट को लेकर शुक्रवार को कपड़ा कारोबारी ने कर विशेषज्ञों के साथ बैठक कर पूरे बजट को समझा। इसके बाद कपड़ा कारोबार से जुड़े प्रावधानों का प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष आकलन किया। कारोबारी की मांगों को बजट में शामिल न किए जाने से व्यापारी नाराज रहे।

कपड़ा कारोबारी की नाराजगी सरकार की ओर से एमएसएमई को लेकर नया कानून लागू किए जाने पर रही। कमेटी के अध्यक्ष अमित दोसर ने अध्यक्षता की। सन्तोष कुमार गुप्ता, नितिन गुप्ता, मलय गुप्ता तथा मोहित भरतिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बताया गया कि एमएसएमई के अन्तर्गत 50 करोड़ से कम का व्यापार करने वालों पर यह बाध्यता लागू है, जिन्होंने मैन्युफैक्चरिंग के अंतर्गत पंजीकरण करवाया हुआ है। जिन व्यापारियों ने एमएसएमई के अन्तर्गत पंजीकरण तो करवाया हुआ है किन्तु उन्होंने ट्रेडिंग में पंजीकरण कराया है उन पर यह बाध्यता नहीं लागू है। मार्च क्लोजिंग पूर्व 15 दिन या 45 दिन के अंदर जो पेमेण्ट करने की बाध्यता है वह यदि समय से भुगतान क्लियर नहीं होता है तो माल क्रय करने वाले पर वह राशि जोड़ दी जायेगी जिसका टैक्स खरीददार को देना होगा।

हैलट में लेप्रोस्कोपिक विधि से हार्निया के ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ज्यादा वजन मत उठाना, वाहन मत चलाना, आराम करना... आदि सलाह मरीजों को हार्निया के ऑपरेशन के बाद दी जाती थी, जो अब बीती बात हो गई है। क्योंकि अब लेप्रोस्कोपिक विधि से डे केयर सर्जरी की तर्ज पर हर्निया के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस विधि से मरीज की अस्पताल से कुछ घंटे बाद या उसके दूसरे दिन छुट्टी दे दी जाती है। उसके बाद वह दोबारा काम पर लौट जाते है और उनको अधिक परहेज भी नहीं करना होता।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में एक सप्ताह में करीब पांच से छह मरीज हार्निया से संबंधित समस्या लेकर पहुंचते है। यह एक ऐसी बीमारी है, जो बच्चे व बड़े किसी को भी हो सकती है। ज्यादा वजन के मोटे लोग व युवाओं में यह बीमारी अधिक होती है। इसका इलाज ऑपरेशन से ही संभव है। अभी तक हैलट अस्पताल में पेट में लंबा चीरा लगाकर हार्निया का ऑपरेशन किया जाता था। इससे मरीज को अधिक पीड़ा होती थी और रक्तस्त्राव होता था। इसके अलावा कई जटिलताएं सामने आती थीं। लेकिन अब हार्निया का ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि से छोटा सा चीरा लगाकर किया जा रहा है। यह विधि दर्द व चीरा रहित होने की वजह से मरीजों को रक्तस्राव भी नहीं होता। हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि एक सप्ताह में करीब पांच से छह मरीजों के ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि से किए जा रहे है। ऑपरेशन के दौरान मरीज को एक डयूलमेस लगाई जाती है, जिसकी कीमत निजी में करीब 25 हजार रुपये है, जो हैलट में निशुल्क है। इसके बाद मरीज की छुट्टी डे-केयर की तरह छह घंटे बाद या उसके अगले दिन कर दी जाती है। ऐसे कई मरीज है, जो ऑपरेशन के बाद सीधे मजदूरी तक चले गए।

प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह ।

- इस विधि से ऑपरेशन करने पर मरीज छह घंटे बाद जा सकता है घर

हार्निया के मुख्य कारण

मांसपेशियों की कमजोरी हार्निया की मुख्य वजह है। मांसपेशियां कमजोर होने के कई कारण हैं, जैसे, चोट लगना, गर्भावस्था, मोटापा, उम्र बढ़ना, ज्यादा वजन उठाना, लंबे समय तक खांसी आना, पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाना, ज्यादा वजन उठाकर व्यायाम करना, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज, जन्म के दौरान शिशु का वजन कम होना, धूम्रपान, सर्जरी के दौरान जटिलता होना, कब्ज, लगातार छींक आना आदि। यह बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है।

प्रमुख लक्षण

हार्निया के कई लक्षण हैं। पुरुषों में दर्द सहित या दर्द रहित हर्निया प्रभावित हिस्से का उभरना, मल-मूत्र त्याग में समस्या, कमर व शरीर के अन्य भाग में सूजन, भारीपन महसूस होना, ज्यादा समय तक खड़े रहने में परेशानी, प्रभावित हिस्से में दर्द महसूस होना, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी होना, पेट साफ न होना, मल के साथ खून आना व सीने में दर्द रहना आदि शामिल हैं।

शरीर के अंग अंदर से निकलने लगते बाहर

प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह ने बताया कि नाभि व जांघ सहित शरीर का कुछ हिस्सा जन्मजात कमजोर होता है। जहां हर्निया होने की संभावना अधिक रहती है। कई बार ऑपरेशन से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं और वहां हर्निया हो जाता है। शरीर के अंदर के अंग बाहर निकलने लगते हैं। पहले हर्निया की ओपन सर्जरी की जाती थी, अब लेप्रोस्कोपिक ने बीमारी का इलाज आसान कर दिया है।

गोली चलाने में होटल मालिक गिरफ्तार

रूरा। कस्बे के गेस्ट हाऊस में गुरुवार रात तिगाई के वैभव द्विवेदी का तिलक था। गेस्ट हाउस से दो बाइकें चोरी होने और सीसीटीवी कैमरा दिखाने की मांग पर गोली चलाने वाले गेस्ट हाउस मालिक को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि सीसीटीवी कैमरा दिखाने को कहने पर गेस्ट हाउस संचालक ने तमंचे से फायर किया।

कर्मचारियों की डेटा इंट्री तीन दिन में पूरी हो जाए

कानपुर। निर्वाचन आयोग ने डेटा इंट्री के काम में तेजी के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में जिले के सभी कार्यालयों के अध्यक्षों को तीन दिन में कर्मचारियों का डेटा इंट्री का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ सुधीर कुमार ने अभी तक डेटा इंट्री काम पूरा न होने पर नाराजगी जताई है।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि तीन दिन में ईपीडीएस साफ्टवेयर का काम पूरा कर लिया जाए। कई विभागाध्यक्ष व नोडल अफसरों ने कर्मचारियों के डेटा इंट्री का कार्य पूरा नहीं किया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0 पी0 एच0, कानपुर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

1. ई0 निविदा सं0- 40/कान्श0/2023-24, विवरण- Shifting of existing 33 KV GB-1 & GB-2 and 33 KV NRI City Line and conversion of overhead 33 KV line into 33 KV U/G Cable at some places, for road widening work by by PWD from Ganga Bairaj to Mandhana under EUDD- Vikas Nagar Division, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि- 74,500/- (NEFT/RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि- 3540/- (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय - 15.02.2024 समय 12:00 बजे तक। ई-निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय- 15.02.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)- रू0 74.12 (कर अतिरिक्त)। उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई-निविदाओं में निर्धारित ई-निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0- 628805018266 आई0एफ0एस0सी0-ICIC0006288 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)
पत्रांक 163/वि0नि0ख0(के0) का0/टी0-2
दिनांक 02.02.2024
"राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए"

जीत की खुशी मेजबान टीम छत्तीसगढ़ को हराकर बनाई जगह, हितेश ने 149 व आरुष ने 102 रन बनाए

डूंगरपुर ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा यूपी

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्तीसगढ़ में खेले जा रहे जोनल टूर्नामेंट में यूपी की टीम ने सेमी फाइलन में मेजबान टीम को परास्त किया। अब फाइनल में टीम का सामना विदर्भ से होगा।

यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहम्मद फहमी ने बताया कि जोनल टूर्नामेंट के तहत छत्तीसगढ़ में खेली जा रही अंडर-14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में यूपी की टीम ने मेजबान टीम को सेमी फाइनल मैच हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर यूपी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। यूपी अंडर-14 के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 90 ओवर में सात विकेट खोकर 405 रन बनाए। यूपी की ओर से हितेश कुमार ने 149 रन व आरुष गुप्ता ने 102 रनों की शतकीय पारी खेली। जवाब में छत्तीसगढ़ टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक नौ विकेट खोकर 243 रन बनाए। अब फाइनल में यूपी का सामना विदर्भ से होगा।

खुशी मनाते यूपी अंडर-14 के खिलाड़ी। अमृत विचार

मास्टर्स बैडमिंटन में अनिल को स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय बैडमिंटन संघ की ओर से मोहाली पंजाब में 27 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित अखिल भारतीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय जीवन बीमा निगम कानपुर के अनिल श्रीवास्तव पुरुष एकल वर्ग 50 के विजेता रहे। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के विजय शर्मा को 24-22, 21-8 से पराजित किया।

सेमीफइनल मैच में अनिल ने महाराष्ट्र के अजय सालवी को 21-13, 21-14 से और क्वार्टर फाइनल मैच में मुंबई के सुमित वर्मा को 19-21, 21-9, 21-10 से पराजित किया। वहीं शुरूआत के मैचों में आरबीआई के चंद्रा को 21-13, 21-13 से और उत्तराखंड के जगदीश नेगी को 21-5, 21-5 के अंतर से पराजित किया।

- प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के विजय शर्मा को पराजित किया

अखिल भारतीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में अनिल ने पाया स्वर्ण।

नजीराबाद और काकादेव में लूट

कानपुर। जौनपुर निवासी सीमा मिश्ना पत्नी श्रीनाथ मिश्ना तीन दिन पहले अपने रावतपुर में अपने भाई अशोक के यहां शादी में आई थी। शुक्रवार को वह ई-रिक्शे से घर जाने के लिए झकरकटी बस अड्डे जा रही थी। बताया कि वह अभी फजलगंज पहुंची ही थीं, कि दर्शनपुरवा की ओर से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग लूट लिया और फरार हो गए। बताया कि बैग में पांच हजार रुपये, आधार कार्ड और जरूरी सामान ले गए। पीड़िता ने नजीराबाद पुलिस को सूचना दे दी है। इसी प्रकार काकादेव थानाक्षेत्र में लाजपत नगर निवासी पार्थ चड्ढा ने काकादेव पुलिस को बताया गुरुवार रात नरेंद्र मोहन सेतु के नीचे से होते हुए घर की ओर जा रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। इसके बाद बैग लूट कर भाग निकले।

तेज रफ्तार कार पलटने से दो दोस्तों की मौत

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के भदरस रोड पर आधी रात हुआ दर्दनाक हादसा, शादी समारोह से घर लौट रहे थे दोनों युवक

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के मूसानगर रोड पर भदरस मोड़ के पास एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो दोस्तों की मौत हो गई। कार चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी की हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को दोपहर बाद सांसें थम गईं। एक साथ दो मौतों से भदरस गांव में कोहराम मचा रहा।

विवरण के मुताबिक घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के भदरस गांव निवासी नारायण सिंह का पुत्र प्रहलाद सिंह (22) अपने दोस्त दीपक अवस्थी उर्फ दीपू (28) पुत्र गोविंद अवस्थी को साथ लेकर गुरुवार की शाम एक शादी समारोह में शामिल होने घाटमपुर आया था। शादी समारोह में शामिल होने और खाना-पीना करने के बाद एक्सयूवी कार से दोनों लोग भदरस गांव वापस लौट रहे थे। रात करीब एक बजे जैसे ही मूसानगर रोड से भदरस रोड पर पहुंचे, इस्लामिया स्कूल के पास कार अनियंत्रित होकर खाईं में जा गिरी, जिसमें दोनों फंस गए।

इसी बीच भदरस रोड से गुजरे लोगों ने खाईं में कार पलटी देखी तो पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस को सूचना देने के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छानबीन की तो प्रहलाद सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि उसका दोस्त दीपक अवस्थी गंभीर रूप से घायल था। उसे फौरन एंबुलेंस से घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हैलट कानपुर रेफर कर दिया। हैलट में इलाज के बाद भी दीपक की हालत में सुधार नहीं हुआ। उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और आखिर शुक्रवार की दोपहर बाद करीब तीन बजे उसने भी दम तोड़ दिया। प्रहलाद सिंह दो भाई थे। वह बड़ा था। घाटमपुर पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया।

खड्ड में पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

हादसे में मौत से गम में डूबी रहीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

एक साथ दो मौतों से पूरे गांव में पसरा रहा गम। अमृत विचार

रात के सन्नाटे में तड़पते रहे दोनों दोस्त

रात करीब एक बजे जब हादसा हुआ, उस समय आसपास बिल्कुल सन्नाटा पसरा था। दोनों कार में फंसे तड़पते रहे। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो कार पलटी देख हादसे का पता चला। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक काफी देर हो चुकी थी। खून काफी बह चुका था।

आधी रात से दिन तक गूंजती रहीं चीखें

आधी रात हादसे के बाद जब खबर घर पहुंची तो दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य जिस हालत में थे, उसी तरह अस्पताल के लिए भागे। प्रहलाद के छोटे भाई अमन सिंह और उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद प्रहलाद का शव गांव पहुंचा तो एक बार फिर चीखें गूंज उठीं।

अंतिम संस्कार से पहले दोस्त ने तोड़ा दम

प्रहलाद के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शुक्रवार को जब शव गांव पहुंचा तो अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो गईं। उसका अंतिम संस्कार हो पाता, इससे पहले ही उसके दोस्त दीपक ने भी दुनिया छोड़ दी। एक साथ दो-दो मौतों से पूरे गांव में मातम पसर गया। बताते हैं कि दोनों गाड़ी चलाते थे और करीबी दोस्त थे।

सार-संक्षेप

भाजपा ने शुक्रवार को प्रेमपुर में जन चौपाल लगाई। अमृत विचार

सरसौल में भाजपा का गांव चलो अभियान शुरू

सरसौल। शुक्रवार को भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान का शुभारंभ प्रेमपुर स्थित जन शिक्षण संस्थान से किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता राकेश तिवारी ने दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर अभियान की शुरुआत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राकेश तिवारी ने कहा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी सीटें जीतकर पीएम के विजन को मजबूती प्रदान करेगी। ऐसे संकल्प के साथ गांव चलो अभियान के तहत क्षेत्र के हर बूथ के पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। कार्यकर्ता विस्तारक के रूप में गांव गांव जाकर लोगों को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए जनहित के कार्यों के बारे में जानकारी देंगे।और योजनाओं के लाभार्थियों से बात भी करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री विनय मिश्रा, रमेश कुशवाहा, अमित मिश्रा, राणा नकुल, अवनेश तिवारी, राजेश सिंह, फूल सिंह, हरिहर भदौरिया, गुड्डू शुक्ला, शशि पांडेय, वीरेंद्र उत्तम, विनीत पाल आदि मौजूद रहे।

जरूरत के समय मित्र की हर संभव मदद करनी चाहिए

शिवराजपुर। दुबियाना गांव के मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण शुक्रवार से शुरू हो गई। पहले दिन आचार्य रामबाबू शास्त्री ने श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि गरीब ब्राह्मण सुदामा द्वारिकाधीश के सच्चे मित्र थे। इधर सुदामा के घर में अन्न का एक दाना भी नहीं था। पत्नी सुशीला ने आग्रह किया कि द्वारिकाधीश के पास क्यों नहीं जाते हैं, वह तो बचपन के मित्र हैं। वह व्यथा जरूर सुनेंगे। जैसे तैसे सुदामा द्वारकापुरी पहुंचे। वहां द्वारपाल अंदर नहीं जाने देते। निराश होकर सुदामा वापस चल देते हैं। उधर द्वारपाल श्रीकृष्ण से बताता है कि कोई गरीब ब्राह्मण आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। सुदामा का नाम सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पैर ही सुदामा सुदामा कहते हुए महल के बाहर दौड़ते हैं। उधर, नगर वासी सुदामा की दीन दशा देखकर हंसी उड़ाते हैं। तब तक द्वारिकाधीश सुदामा के पास पहुंच जाते हैं। एक-दूसरे को देखकर दोनों की आंखों से आंसू निकलने लगते हैं और एक दूसरे से लिपट जाते हैं। इससे यह सीख मिलती है कि अपने मित्र की आपातकाल में यथासंभव मदद करनी चाहिए, मित्र से भेदभाव नहीं करना चाहिए।

जुमा की नमाज पर चौकन्ना रही पुलिस

संवाददाता, सरसौल

- मुस्लिम आबादी वाले इलाकों में खास सतर्कता बरती गई
- नमाज के दौरान पुलिस के अफसरों ने संभाली कमान

अमृत विचार: ज्ञानवापी परिसर के व्यास जी तहखाने में हिंदू पक्ष को मां श्रृंगार गौरी की पूजा पाठ शुरू किए जाने के कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतते हुए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किया। जुमे की नमाज को देखते हुए महाराजपुर थाना क्षेत्र और नरवल थाना क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले इलाकों और मस्जिदों के बाहर जहां भारी पुलिस बल तैनात रहा, वहीं सड़कों और प्रमुख बाजारों में पुलिस ने पैदल गस्त किया।

पुलिस ने लोगों से शांति और सद्भावना बनाए रखने की अपील की तो अराजक तत्वों पर खास नजर रखी गई। यही नहीं, संदिग्ध लोगों को रोककर पुलिस ने पूछताछ भी की। इसके अलावा एलआईयू और साइबर सेल को भी एक्टिव मोड में रहने को कहा गया था। शुक्रवार सुबह से ही दोनों थानों की पुलिस सक्रिय रही, ताकि किसी प्रकार से कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए।

एसीपी चकेरी दिलीप सिंह ने बताया कि जुमा की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर फोर्स की तैनाती की गई। इसके अलावा लोगो से शांति बनाए रखने की अपील की गई इसके अलावा अराजकता करने पर कड़ी कार्यवाही की जाने की चेतावनी भी दी गई। कहीं भी कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं रही।

ज्ञानवापी पर कोर्ट के फैसले के बाद सतर्क रही पुलिस। अमृत विचार

घाटमपुर में सुबह से सड़क पर नजर आया फोर्स

घाटमपुर। ज्ञानवापी परिसर में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद पहले जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस अलर्ट मोड पर रही। पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ सुबह से ही गश्त पर रहे। एसीपी ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फोर्स के साथ गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया और शांति बनाए रखने की अपील की।

बिल्हौर और ककवन में सड़क पर दिखी पुलिस

बिल्हौर। ज्ञानवापी को लेकर अदालत के निर्णय के बाद बिल्हौर तहसील के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने शुक्रवार को कड़ी निगरानी में जुमा की नमाज अदा करवाई। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाना में पूजा-अर्चना शुरू करने की अनुमति मिलने के बाद खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही। बिल्लौर सर्किल के ककवन बिल्हौर, अरौल, शिवराजपुर व चौबेपुर की पुलिस ने सभी मस्जिदों में जाकर कड़ी निगरानी में जुमा की नमाज अदा करवाई। एसीपी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुलिस लगातार सभी गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और संदिग्धों को पुलिस की निगरानी में रखा जा रहा है। कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने पैदल गश्त करते हुए मुस्लिम इलाकों में भी पैदल मार्च निकाला। इसी प्रकार ककवन थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने नदीहा, विषधन, मनांवा, कसिंगवा आदि मुस्लिम इलाकों में पैदल मार्च निकाला और लोगों को शांति, सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही पुलिस का पहरा देखकर तमाम अराजक तत्व घरों में दुबके नजर आए।

कुंडे से लटका मिला किशोरी का शव

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार: क्षेत्र के दिनकरपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर बाद संदिग्ध हालात में एक किशोरी का शव कमरे के अंदर कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

दिनकरपुर गांव निवासी नूर अहमद खेती-किसानी करने के साथ ऑटो ड्राइवर है। शुक्रवार की दोपहर उसकी 14 वर्षीया पुत्री निशा उर्फ शालू घर में अकेली थी। नूर अहमद के मुताबिक शुक्रवार की सुबह वह ऑटो लेकर घर से चला गया था। उसकी पत्नी मायके गई हुई है। दोपहर में जब वह घर लौटा तो कमरे का दरवाजा बंद था। उसने कई बार कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने खिड़की से झांक कर देखा तो बेटी का शव कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका दिखा।यह खबर आसपास फैली तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खोलकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि मौके पर जांच-पड़ताल की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का पता चल सकेगा। फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, अमौली-फतेहपुर

पत्रांक– 2064/ राज्य वित्त/ पदहवाँ वित्त/2023–24/दिनांक– 30/–24

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित/पद्रहचवॉ वित्त के अर्न्तगत क्षेत्र पंचायत अमौली फतेहपुर की निम्नलिखित स्वीकृत परियोजना पर प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्यवार सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 13.02.2024 को पूर्वान्ह 12: 00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 2: 00 बजे तक उपस्थिति सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक–12.02.2024 अपरान्ह 2: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर क्षेत्र पंचायत कार्यालय से कम किये जा सकते है निविदाओं के साथ 02 प्रतिशत जमानत की धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक की एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0/के0वी0पी0 अथवा पोस्ट ऑफिस के पासबुक के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी अमौली के पक्ष में बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा सशर्त टेण्डर मान्य न होगें विभाग के सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी निविदाओं को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा प्रस्तावति कार्यो का विवरण निम्नवत् है ।

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	कार्य का विवरण स्थल सहित	सामग्री की लागत लाख रू0 में	जमानत धनराशि रू0 में	आपूर्ति की जाने वाली सामग्री	सामग्री की आपूर्ति की अवधि
1	कुन्देरामपुर	कुन्देरामपुर में रामचन्द्र वर्मा के घर से ओमकार वर्मा के घर तक सी0सी0) रोड निर्माण	6.55	13100	प्राक्कलन के अनुसार	6 माह

निविदा फार्म शर्ते एवं विवरण की जानकारी हेतु 500 / रू0 के बैंक ड्राफ्ट को खण्ड विकास अधिकारी अमौली फतेहपुर के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक से देय हो अथवा नगद कार्यालय में जमा कराकर दिनांक 12.02.2024 तक निर्धारित कार्यालय समीप अपरान्ह 2: 00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

अवर अभियन्ता
आर0ई0डी0

खण्ड विकास अधिकारी
अमौली– फतेहपुर

औद्योगिक कॉरिडोर के बैनामे जल्द शुरू होंगे

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल कस्बे में लखनऊ -आगरा एक्सप्रेस-वे के समीप बनने वाले औद्योगिक कॉरिडोर के लिए किसानों से जल्द ही बैनामा की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बैनामा के तहत किसानों की रजिस्ट्री होते ही उनको तय मानक व शासनादेश के मुताबिक शुल्क अदा किया जाएगा। तहसील प्रशासन की ओर से लगभग पूरी तैयारी की जा चुकी है।

ग्राम पंचायत अरौल व बहरामपुर में लगभग 95 हेक्टेयर में औद्योगिक कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव है, जिसमें यूपी सरकार बड़ी धनराशि निवेश करेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में युवाओं को रोजगार मिलने की भी संभावना है। कानपुर जनपद को पूर्व का मैनचेस्टर कहे जाने वाली कहावत को यथार्थ करने के लिए सरकार की ओर से तमाम प्रयास जारी हैं। तहसीलदार तिमिराज सिंह ने बताया कि किसानों की सहूलियत के लिए बैनामा पद्धति को अपनाया जा रहा है, ताकि उनकी मुआवजा राशि तुरंत ही खातों में पहुंच जाए। अधिग्रहण व्यवस्था से किसानों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता, इसीलिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बैनामा की व्यवस्था की गई है। तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है और अगले एक-दो दिनों मे बैनामा शुरू कर दिए जाएंगे।

विधायक के साथ वकीलों ने विस अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: घाटमपुर तहसील के 53 राजस्व गांवों को प्रस्तावित नई तहसील में जोड़े जाने का विरोध कर रहे वकीलों को घाटमपुर विधायक का भी साथ मिल गया है। विधायक के नेतृत्व में शुक्रवार को वकीलों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को ज्ञापन सौंपा।

जिले में नई तहसील के गठन में घाटमपुर तहसील के 53 राजस्व गांवों को शामिल किए जाने से रोकने के लिए वकील मोर्चा संभाले हैं। शुक्रवार को विधायक सरोज कुरील के नेतृत्व में घाटमपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष के यदुनाथ सिंह सचान, महामंत्री हरनाथ सिंह परमार, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव ,लवलेश संखवार, बृजेश कुमार शुक्ला ने लखनऊ जाकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर राजस्व गांवों में घाटमपुर तहसील में ही बरकरार रखने की मांग की। उन्होंने आस्वस्त किया कि जनहित का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को ज्ञापन सौंपा गया। अमृत विचार

धर्म-अध्यात्म

सरांय छीतम गांव में 108 कुंडीय महारुद्र यज्ञ व कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

आकर्षक झांकियों के साथ बही भक्ति की बयार

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार । क्षेत्र के सरांय छीतम गांव में 108 कुंडीय महारुद्र यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं गुरुवार की देर रात प्रस्तुत की गईं झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति की बयार बहती रही।

क्षेत्र के सरांय छीतम गांव में 25 जनवरी से धार्मिक आयोजन चल रहा था, जिसमें सुबह यज्ञ और दिन में आचार्य विष्णु कांत त्रिवेदी की ओर से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जा रही थी। रात्रि के समय मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जा रही थीं। यज्ञ और भागवत कथा के समापन के बाद शुक्रवार को सुबह कन्या भोज कराया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, पुरुषोत्तम बाजपेई, अशोक मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, प्रदीप अग्निहोत्री आदि गणमान्य लोगों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आयोजकों की ओर से राह चलते लोगों को भी प्रसाद वितरित कराया गया। कार्यक्रम में देर रात प्रस्तुत की गईं श्री गणेश जी, मां काली, भगवान शंकर की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम आयोजक शैलेंद्र शुक्ला ने धार्मिक आयोजन में आए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

सरांय छीतम गांव में हुए भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

पीएचसी का दर्जा सीएचसी हुआ इलाज का स्तर जस का तस रहा

हाल-ए-सेहत महकमा: उच्चीकरण के बाद भवन बड़ा हो गया, पर डॉक्टर नहीं बढ़े

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी-उन्नाव

- चिकित्सक कम होने से मरीजों को निजी अस्पताल जाने की मजबूरी
- गंभीर रोगियों को 40 किमी दूर जिला अस्पताल किया जाता है रेफर

अमृत विचार। विकासखंड मुख्यालय पर तीन वर्ष पूर्व पीएचसी से सीएचसी में तब्दील हुये शहीद गुलाब सिंह लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी है। जिस कारण यहां आने वाले मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है।

फतेहपुर चौरासी स्थित अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 150 से अधिक गांव हैं। स्वास्थ सेवाओं के लिए भी नगर पंचायत समेत आसपास के गावों के लोगों के लिए स्थानीय स्तर पर यह सीएचसी ही है। इस अस्पताल को सीएचसी का दर्जा मिलने के बाद भवन भी बन गया। लेकिन, सीएचसी के अनुरूप डाक्टरों की पोस्टिंग नहीं हुई। यहां गंभीर बीमारी के मरीज आ जाएं तो उनको यहां से 40 किमी दूर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। दूरी अधिक होने से कभी-कभी गंभीर मरीज की जान पर बन भी आती है। तीमारदारों ने बताया कि सीएचसी में विशेषज्ञ डाक्टर व महिला डाक्टर भी नहीं हैं। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता है।

फतेहपुर चौरासी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन। अमृत विचार

सीएचसी में नहीं है एक भी महिला चिकित्सक

फतेहपुर चौरासी सीएचसी में महिला मरीजों को देखने के लिये महिला चिकित्सक न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे यहां गर्भवती महिलाओं की जांच समय से नहीं हो पाती। जिससे जच्चा-बच्चा को खतरा बना रहता है। प्रसव के दौरान होने वाले खतरे को स्टाफ नर्स के समझ में न आने से महिला मरीज की जान पर बनी रहती है। जिसका खामियाजा जच्चा-बच्चा को उठाना पड़ता है।

शोपीस बनी है साढ़े पांच करोड़ से बनी सीएचसी

जानकारी के अनुसार फतेहपुर चौरासी विकासखंड में 5.46 करोड़ से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देखते बनता है। लेकिन भवन के हिसाब से अगर यहां स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिल जातीं तो गंभीर मरीजों को जान से हाथ नहीं धोना पड़ता। यहां स्टाफ की कमी परेशानी का सबब बनी हुई है। महिला डाक्टर न होने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशान होना पड़ता है।

बोले जिम्मेदार

सीएचसी प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि सीएचसी में छह डाक्टरों की जरूरत है। लेकिन, शासन से दो डाक्टर ही मिले हैं। महिला डाक्टर का दो माह पूर्व ट्रांसफर हो चुका है। जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है।

महिलाओं के बीच मौजूद सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

'भाजपा सरकार में रो रहा अन्नदाता'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने गांवों के भ्रमण के दौरान ग्रामीण के बीच कहा
- परियर में बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना, घेरे रहे कार्यकर्ता

अमृत विचार। देश का अन्नदाता भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण खून के आसूं रो रहा है। यदि केंद्र में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो सबसे पहले किसानों के खेतों की सुरक्षा का इंतजाम किया जाएगा।

यह बात समाजवादी पार्टी से उन्नाव लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने शुक्रवार को सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के अब्बासपुर, दोस्तीनगर, रामसिंह खेड़ा, भतांवा, पूरा निस्फ पंसारी, रऊ, नुरुद्दीनगर, किन्ना, जंगलीखेड़ा, बन्दाखेड़ा आदि गावों में भ्रमण के दौरान कही। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशी सभी जिला वासियों की मदद के लिये हमेशा खड़ी रही हैं। ये उन्नाव लोकसभा की प्रत्याशी हैं और उन्नाव की जनता इस बार अन्नू टण्डन जी को प्रतिनिधित्व देने के लिये तैयार है। सपा प्रत्याशी ने परियर स्थित बाबा बलखण्डेश्वर मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना भी की। इस दौरान प्रमुख रूप से अंकित परिहार, मुकेश यादव, अवधेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र शुक्ला, मंजीत यादव, संजय निगम, शिवम अवस्थी, मीनू पाण्डेय, अनिल द्विवेदी, अजय यादव, आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी विवेक शुक्ला ने दी।

दिन में खरीदने आये थे और रात को चार भैंस चुरा ले गये

पुरवा-उन्नाव। दो किसानों के दरवाजे से चार भैंस लोडर में लादकर चोर रफूचक्कर हो गए। इसकी शिकायत पीड़ितों ने थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू की है।

असोहा थानांतर्गत गांव शंकरखेड़ा निवासी रामनरेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 30 जनवरी की शाम लखनऊ जिला के मोहनलालगंज थानाक्षेत्र के कुंदनखेड़ा निवासी व्यापारी सुरेश पुत्र शीतलादीन उसकी भैंस लेने आया। जिसे उसने बेचने से मना कर दिया।

इसके बाद 30 जनवरी की रात दो बजे सुरेश अपने गांव के छेदन, बिजनौर के इमरान, सिसेंडी के शबरान व दो अज्ञात लोगों के साथ लोडर लेकर आये और उसकी तीन भैंस व पड़ोसी राजकिशोर की एक भैंस चोरी कर ले गया। जब तक वे लोग उनका पीछा करते तब तक वह लोग लोडर से भाग गये।

पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस अबी उन तक नहीं पहुंच सकी है। एसओ राज बहादुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच के साथ दबिश दी जा रही है।

धरने की भनक पर गांव बन गया छावनी

संवाददाता पुरवा-उन्नाव

- जानकारी होने पर पहुंचे सीओ ने घर जाकर लिया ज्ञापन
- पुलिस प्रताड़ना से तंग दलित युवक के आत्मदाह का मामला

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव निवासी दलित युवक के पुलिस से प्रताड़ित होकर आत्मदाह करने के बाद आर्थिक सहायता व अन्य आश्वासन पूरे न होने से परिवार आहत है। इसे लेकर पीड़ित परिवार डीएम आफिस में धरना देने जाने की तैयारी में था। इसकी भनक पुलिस को लगी तो कई थानों की फोर्स ने गांव को छावनी में तब्दील कर परिवार को घर पर अघोषित रूप से नजरबंद कर दिया। बाद में सीओ ने परिवार से ज्ञापन लेकर सभी मांगे जल्द पूरा करने की बात कहकर मनाया।

भूलेमऊ निवासी श्रीचंद्र रावत ने 27 दिसंबर-23 को एसपी कार्यालय पर गांव के ही लोगों के विरुद्ध दर्ज जानलेवा हमले के मामले में तत्कालीन सीओ दीपक सिंह द्वारा रुपए लेकर तीन लोगों के नाम निकालने से आहत होकर खुद को आग के हवाले कर दिया था। लखनऊ में हुई युवक की मौत के बाद हंगामा बढ़ा और पीड़ित परिवार प्रशासन के समक्ष पांच सूत्रीय मांगे रखी थीं। जिसे प्रशासन ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया था। करीब डेढ़ माह बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं हुईं तो दिवंगत युवक की पत्नी संध्या देवी व भाई मूलचंद्र रावत ने डीएम को शिकायतीपत्र देकर दो फरवरी को उनके कार्यालय पर धरना देने की बात कही थी। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को पीड़ित परिवार डीएम कार्यालय जाने की तैयारी कर रहा था। तभी सीओ पुरवा समेत तीन अन्य सर्किल के सीओ व पांच थानों का फोर्स गांव पहुंचा और परिवार को अघोषित रूप से नजरबंद कर दिया। इस दौरान एससीएसटी आयोग के पूर्व सदस्य राकेश कुमार, राष्ट्रीय पासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार व उपाध्यक्ष देशराज रावत गांव पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर सीओ सोनम सिंह पहुंची तो पीड़ित परिवार ने पांच सूत्रीय मागों जिनमें तत्कालीन सीओ दीपक सिंह को बर्खास्त करने व रिपोर्ट दर्ज करने, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी व आवास देने, पांच बीघा भूमि व 50 लाख की आर्थिक सहायता देने, सुरक्षा की दृष्टि से दो शस्त्र लाइसेंस व चल रहे 38 वर्ष पुराने भूमि विवाद का निस्तारण जल्द कराने व सीओ द्वारा निकाले गए नामों को फिर से शामिल करने की मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में यह भी कहा कि अगर समय रहते उनकी मागें नहीं मानी गईं तो पासी समाज व अन्य सामाजिक संगठनों के साथ डीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। सोशल मीडिया पर मीडिया कर्मियों को भी गांव जाने से रोकने की खबर वायरल हुई। हालाकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है।

बीईओ नगर के यहां निपटाई जाएंगी शिक्षकों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नौ फरवरी की तिथि तय की

अमृत विचार। आखिर अब शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपनी समस्या निस्तारण के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। बीएसए संगीता सिंह ने नौ फरवरी को तमाम शिक्षक समस्याओं का निस्तारण कराना तय किया है। इसके लिए उन्होंने फरियादियों को दस्तावेजों सहित नगर के बीईओ कार्यालय पहुंचकर समस्याओं का समाधान कराने का आदेश जारी किया है।

जिले में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं सेवा संबंधी समस्याओं का निराकरण कराने के लिए न सिर्फ विभागीय कार्यालयों में देखे जाते हैं। वहीं शिक्षक नेताओं को समस्याओं की जानकारी देते हुए राहत दिलाने की जुगत भिड़ाते हैं। जिले के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बीएसए व अन्य विभागीय अधिकारियों को समस्याओं की जानकारी देते हैं। इससे शिक्षक एमएलसी व स्नातक एमएलसी का हस्तक्षेप बढ़ता है। जनप्रतिनिधियों की दखलंदाजी कम करने के लिए बीएसए हरहाल में शिक्षक-शिक्षिकाओं को समस्या रहित बनाना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए नगर शिक्षा कार्यालय में नौ फरवरी को समस्या समाधान शिविर आयोजित कराने का फैसला लिया है। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को दो से चार बजे के बीच समस्या समाधान संबंधित दस्तावेजों सहित समाधान शिविर में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि स्नातक एमएलसी अरुण पाठक शिक्षक समस्याओं की प्रभावी पैरोकारी करते दिखते हैं।

बहू से छेड़छाड़ की सीओ से शिकायत

बांगरमऊ-उन्नाव। बीते दिनों एक युवक ने घर के बाहर बैठी महिला से छेड़छाड़ व अभद्रता की थी। शिकायत करने पर युवक व उसके परिजनों ने पीड़िता से मारपीट भी की थी। लेकिन, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न कर पीड़िता को चलता कर दिया था। पीड़िता ने शुक्रवार को सीओ को शिकायतीपत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला कटरा निवासी एक महिला ने सीओ बांगरमऊ को शिकायतीपत्र देकर कहा कि उसकी बहू घर के बाहर बैठी थी। तभी नगर निवासी एक युवक ने बहू को गंदी नियत से दबोच लिया था। शोर सुन दौड़े उसके बेटे ने किसी तरह बहू को बचाया था। कुछ देर बाद आरोपी अपने भाई व पिता के साथ उसके घर आया और घर में घुसकर मारपीट की। पिटाई से बहू व बेटे समेत उसे भी गंभीर चोटें आई थीं। उसने तहरीर कोतवाली में दी लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

सार-संक्षेप

दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

पाटन। बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध बीती 8 नवंबर-23 को आईटी एक्ट व डीपी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता के कलमबंद बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई थी। इस मामले में वांछित चल रहे रिंकू पुत्र सुखदेव उर्फ सुक्खू निवासी गांव अकवाबाद बीघापुर को निरीक्षक रामबचन भारती व सिपाही मोनू ने बिहार तिराहा से गिरफ्तार किया और उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर निवासी 25 वर्षीय रामशंकर फतेहपुर जिले के गांव मलकनपुर निवासी मित्र जयचंद्र के साथ शुक्रवार को लखनऊ पासपोर्ट कार्यालय बाइक से गया था। जहां से शाम सात बजे घर लौट रहा था। तभी पुरवा-मौरावां मार्ग पर असेहरु मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। पुलिस दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी लाई। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी पहुंचे रामशंकर के पिता छेदीलाल ने बताया कि बेटा दुबई में मजदूरी करता है। जिसके लिए लखनऊ पासपोर्ट व टिकट कराने दोस्त जयचंद्र के साथ गया था। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

घर के बाहर खेल रही बच्ची को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

औरास उन्नाव। औरास थानांतर्गत कदौरा गांव में घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय मासूम को ट्रैक्टर ने रौंद दिया। सांसे चलती देख परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कदौरा गांव निवासी अनीम अली ट्रक चालक है। बीती गुरुवार देरशाम उसकी पांच वर्षीय बेटी सुनेहरी उर्फ खातिम बानो घर के बाहर खेल रही थी। तभी वह तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गई। परिजन निजी साधन उसे आनन-फानन पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसे गंभीर देख जबाव दे दिया गया। परिजन उसे संडीला के निजी अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दिवंगत बच्ची चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी। बेटी की मौत पर मां महजबा सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पारिवारिक बाबा सन्नवर अली की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी ट्रैक्टर चालक मयंक पुत्र सर्वेश यादव पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सुनेहरी।

तालाब में जलकुंभी हटाते समय फंसे युवक की डूबकर मौत

पुरवा उन्नाव। मौरावां थानांतर्गत तालाब में जमी जल कुंभी हटाते समय युवक को अचानक चक्कर खाकर औंधे मुंह पानी में गिर गया। परिजन उसे निकालकर अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौरावां नगर के मोहल्ला लोहियन खेड़ा निवासी हरिशंकर (40) तालाब में जमी जलकुंभी हटा रहा था। तभी उसे अचानक चक्कर आया और वह औंधे मुंह तालाब में गिर गया। जानकारी पर परिजन पहुंचे और उसे ग्रामीणों की मदद बाहर निकालकर मौरावां सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

छह को जिले में मंडलायुक्त करेंगी जनसुनवाई व समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। मंडलायुक्त रोशन जैकब अब छह फरवरी को यहां कलक्ट्रेट में जनसमस्याएं सुनेंगी। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की जाएगी।

शासन की ओर से लोगों की अधिक से अधिक सुविधाएं व सहुलियत उपलब्ध कराए जाने पर जोर देता आ रहा है। इसीलिए मंडलायुक्त शासन के नक्शे कदम पर चलते हुए जनसुविधाओं की उपलब्धता के साथ जनसुनवाई की वास्तविकता परखने पर जोर दे रहीं। इसीलिए वह यहां पहुंचकर न सिर्फ आमलोगों से संवाद स्थापित कर जनसुनवाई की हकीकत परखेंगी, बल्कि अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी। इसके लिए वह छह फरवरी को दिन में 11 बजे कलक्ट्रेट पहुंच जाएंगी। पहले सत्र में जनता दर्शन के तहत जनसुनवाई होगी। योजनाओं की समीक्षा कर वापस लखनऊ रवाना हो जाएंगी।

वाहन की टक्कर से युवक घायल

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के भड़सर नौशहरा गांव के मजरा धोबैइया निवासी रामचंद्र पुत्र छोटेलाल (35) बाइक से रणधीर खेड़ा गांव स्थित ससुराल जा रहा था। तभी लवानी-झूलूमऊ मार्ग पर गांव कोरटखेड़ा के पास दोपहर तीन बजे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर उसे एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

...राजनीति के गिद्ध अयोध्या नहीं गए

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर तहसील क्षेत्र के रुझेई स्थित रामनाथ इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद रचनाकारों ने काव्य प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। कवि कमल आग्नेय की पंक्तियों 'पापी बड़े प्रसिद्ध अयोध्या नहीं गए, मन तीरों से विद्ध अयोध्या नहीं गए। रामनीति के गिद्ध-जटायु गए मगर, राजनीति के गिद्ध अयोध्या नहीं गए। इसी तरह कवि वीरेंद्र शुक्ला की रचना खूब सराही गई। रामेश्वर द्विवेदी प्रलयंकर की रचना पर खूब तालियां बजीं। इसके अलावा कमलेश शुक्ला कमल, कवियित्री प्रख्यात मिश्रा, हरि बहादुर सिंह ,रायबरेली से आए जमुना प्रसाद पांडेय अबोध, लखनऊ के विशाख ने काव्यपाठकिया। संचालन नीरज पांडे ने किया।

कविता पाठ करते वाणीपुत्र। अमृत विचार

अटूट बंधन | आसीवन क्षेत्र में प्रेमी-प्रेमिका को सजातीय होने का मिला लाभ

पहले घर छोड़ा, फिर मंदिर में फेरे

संवाददाता, आसीवन-उन्नाव

- दोनों परिवारों को शादी से आपत्ति होने पर छोड़ा था घर

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत एक गांव निवासी युवक ने प्रेमिका से गांव स्थित मंदिर में विधिवत रूप से शादी रचाई। इस दौरान दोनों के परिजन भी मौजूद रहे। हालांकि, पूर्व में दोनों घर से भाग गए थे। युवती के पिता ने इसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई थी। बाद में वे लौटे और सजातीय होने पर परिवारवालों ने उनकी शादी को रजामंदी दे दी।

थानाक्षेत्र के गांव मकबूल खेड़ा निवासी शिल्पी पुत्री अरविंद व हरदोई के थाना कासिमपुर के गांव तुरना रुद्र निवासी राहुल पुत्र राजेश का एक-दूसरे से प्रेम था। वे शादी करना चाहते थे। लेकिन, सामाजिक मर्यादा व परिजनों की आपत्ति के कारण दोनों ने घर छोड़ने का फैसला कर 16 दिन पूर्व भाग गए थे। युवती के पिता ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दोनों को खोज निकाला और उनके परिजनों को बुलाकर आपस में बात कराई। इस दौरान युवती राहुल के साथ शादी करने पर अड़ी रही। सजातीय होने से संभ्रांत लोगों के बीच पंचायत हुई। इसमें दोनों पक्ष के लोग शादी के लिये राजी हो गये। इसके बाद पुलिस ने जरूरी कार्यवाही पूरी कर दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिर दोनों ने कस्बा हैदराबाद स्थित मां कालिका माता मंदिर में परिजनों की मौजूदगी में एक-दूसरे को जयमाल डालकर परिणय सूत्र में बंध गए।

मंदिर में एक-दूसरे को वरमाला पहनाते वर-वधू। अमृत विचार

दहेज हत्या में पति को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली में दर्ज हुए दहेज के लिए प्रताड़ित करने से हुई विवाहिता की मौत के मामले की सुनवाई कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता की दलील व पुलिस द्वारा जुटाए साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने पति को दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई है।

हरदोई जिले के उमरपुर बघौली गांव निवासी रामकिशोर पुत्र दिर्गज ने 12 अक्टूबर-2015 को बांगरमऊ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसने अपनी बहन रेनू की शादी बांगरमऊ के जामड़ गांव निवासी बब्लू पुत्र राम सिंह से की थी। शादी के बाद से दहेज की मांग कर ससुरालीजन बहन को प्रताड़ित करते थे। उसका आरोप था कि 12 अक्टूबर की रात ससुरालियों ने बहन की हत्या कर शव फंदे से लटका दिया। भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बब्लू, उसके पिता, मां व बहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद तत्कालीन सीओ आरपी सिंह यादव ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की अंतिम सुनवाई जिला जज की कोर्ट में शुक्रवार को पूरी हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी की दलीलों को सुनने व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने पति बब्लू रैदास को सात साल कैद के साथ ढाई हजार का अर्थदंड भी लगाया।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करने पर दिया गया जोर

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत घर-घर भ्रमण कर दवा दी जानी है। अभियान में सहभागिता के लिए शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय में ग्राम प्रधानों व सचिवों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि 10 से 28 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलेगा। जिसमें घर-घर जाकर फाइलेरिया रोगियों की पहचान कर ग्रामीणों को दवा दी जानी है। अभियान में उम्र के हिसाब लोगों को डीईसी की गोलियां खिलानी हैं। बताया कि साथ ही सभी लक्षित लोगों को 400 मिलीग्राम की एलबेंडाजोल की एक गोली भी दी जाएगी। इन दो दवाइयों के अलावा आईवरमेक्टिन की गोली व्यक्ति की लंबाई के अनुसार पांच साल से अधिक उम्र के लोगों को दी जाएगी। लेकिन ये दवायें दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रोग से ग्रसित लोगों को नहीं दी जानी है। दवा खाली पेट नहीं खानी है। जिनके शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होंगे, उन्हें दवा खाने के बाद मितली, दस्त, खुजली, सिरदर्द, चक्कर, बुखार, उल्टी जैसी प्रतिक्रियाएं होती हैं। दवा की यह प्रतिक्रिया क्षणिक व मामूली होती हैं। जिससे घबराने की जरूरत नहीं है। ग्रामीणों को ऐसा होने पर तुरंत आशा, एएनएम या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क करने के लिए जागरूक करें। दवा खाने व खिलाने के लिए प्रेरित करने हेतु ग्राम प्रधानों व सचिवों से अपील की। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. राजेश कुमार, एडीओ मनोज कुमार, मलखान सिंह समेत प्रधान सुनीता रावत आदि रहीं।

बैठक में जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

सड़क किनारे मिला युवक का रक्तरंजित शव

देरशाम पड़ोसी गांव के दोस्त के साथ निकला था, एएसपी व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच जुटाए साक्ष्य

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गुरुवार देरशाम दोस्त के साथ निकले युवक का शव सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा देख राहगीरों में सनसनी फैल गई।

श्याम।

जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

तलाश करते पहुंचे छोटे भाई ने उसे पहचाना। सूचना पर बांगरमऊ पुलिस पहुंची और आलाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। एएसपी सहित फॉरेंसिक टीम व डाग स्क्वाड मौके पर पहुंचा। परिजन किसी वजनदार वस्तु से हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण पता चलने की बात कह रही है। वहीं युवक की आशनाई में भी हत्या किए जाने की गांव में चर्चा रही। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मल्हपुर गांव से करीब 200 मीटर दूर सड़क किनारे युवक का लहूलुहान शव पड़ा देख वहां से निकले राहगीरों में सनसनी फैल गई। कुछ देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सिर व चेहरा कूचा हुआ होने से लोग उसकी पहचान नहीं कर सके। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच ही कर रही थी कि ढूंढते हुए पहुंचे बड़े भाई बउआ ने उसे पहचाना। भाई ने उसकी शिनाख्त फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सकरौली गांव के मजरा नैनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर (28) पुत्र स्व. छेदीलाल राठौड़ के रूप में की। उसने बताया कि वह मजदूरी करता था। दूसरे भाई कमल किशोर ने बताया कि पड़ोसी गांव सकरौली निवासी वीरेंद्र उर्फ गोबरे पुत्र छत्रपाल बीती गुरुवार शाम श्याम किशोर को अपने साथ कहीं ले गया था। किंतु रात में वह वापस नहीं आया। सुबह से वह लोग उसकी तलाश में जुटे थे। तभी शव पड़े होने की जानकारी पर वह मौके पर पहुंचा। उसने वीरेंद्र पर भाई की हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।

घटना की सूचना पर सीओ अरविंद कुमार पहुंचे और आलाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मामला हत्या से जुड़ा देख एएसपी प्रेमचंद ने भी मौके का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य संकलित किए। खोजी कुत्ता भी मौके से करीब दो किमी का चक्कर लगाकर लौट आया। इसी बीच परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। शव की हालत देख सिर और चेहरे पर वजनदार वस्तु से प्रहार कर उसकी हत्या कर शव फेंकने के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, परिजन किसी से रंजिश की बात से इंकार कर रहे। वहीं लोगों में आशनाई को लेकर हत्या किए जाने की चर्चा रही। भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी युवक की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगी है। सूत्र बताते हैं कि पोस्टमार्टम में सिर और चेहरे पर किए गए कई वारों से आई चोट से युवक की मौत हुई है। एएसपी ने बताया कि घटना हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना से संबंधित सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

- भाई की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की हत्या की रिपोर्ट

अविवाहित था युवक

दिवंगत श्याम किशोर अविवाहित था। वह पांच भाइयों में छोटा था। दो बड़े भाईयों राम किशोर व कमल किशोर की शादी हो चुकी है। जबकि अन्य दो भाई विमल किशोर और हरी किशोर भी अविवाहित हैं। पिता की मृत्यु हो चुकी है। मां शिववती जवान बेटे की मौत से बदहवास है।

आग तापते समय झुलसीं डिप्टी सीएम की बुआ, हैलट में इलाज

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी

अमृत विचार। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ शुक्रवार को आग तापते समय अचानक झुलस गईं। उन्हें झुलसा देख परिजनों ने पहले कस्बे के निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। हैलट में इलाज जारी है और परिजन हालत में सुधार बता रहे हैं।

प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की 100 वर्षीय बुआ विद्यावती फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर में परिवार के साथ रहती हैं। शुक्रवार को वह घर में आग ताप रही थीं। तभी अचानक उनके कपड़ों ने आग पकड़ ली। यह देखकर उनकी छोटी बहू बचाने को दौड़ीं। तब तक परिवार के दूसरे सदस्य भी आ गए। सबने मिलकर आग बुझाई। इसके बाद उन्हें कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। डिप्टी सीएम की बुआ होने की जानकारी पर उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उन्हे हैलट ले गए। हैलट में उनका इलाज जारी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार अब उनकी हालत में सुधार है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ उनकी बुआ विद्यावती (फाइल फोटो)।

- घर में आग ताप रहीं थीं, निजी अस्पताल से हैलट भेजा गया

अचलगंज नगर पंचायत में सभासदों ने काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- नाराज सभासद विधायक व डीएम को बुलाने पर डटे रहे
- विकासकार्यों में उपेक्षा व चहेतों को काम देने का लगाया आरोप

अमृत विचार। नगर पंचायत अचलगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध शुक्रवार को आधा दर्जन सभासदों ने हल्ला बोल दिया। सभी ने नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष के विरुद्ध धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। सभासदों ने अपने वार्डों के विकासकार्यों में उपेक्षा का आरोप अध्यक्ष पर लगाया। वे क्षेत्रीय विधायक व डीएम को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए देरशाम तक धरना स्थल पर डटे रहे।

बता दें कि नगर पंचायत अचलगंज के सभासदों के दो गुट हैं। जिनमें कुछ चेयरमैन पक्ष के हैं तो कुछ उनके विरोधी हैं। विकासकार्यों में पक्षपात व उपेक्षा का आरोप लगाते हुए करीब आधा दर्जन सभासदों ने शुक्रवार को चेयरमैन के विरुद्ध नगर पंचायत कार्यालय परिसर में हल्ला बोल दिया। सभी एक बैनर लगाकर धरने पर बैठ गए। जानकारी होने पर नगर पंचायत ईओ ने उन्हें मनाने का प्रयास किया लेकिन, सभी विधायक आशुतोष शुक्ल व डीएम को वहां बुलाने पर अड़े रहे। देरशाम तक किसी के न पहुंचने पर सभासद अनुभव गुप्ता, राजू, विनोद, आजाद खान व गुड़िया धरना स्थल पर बैठे रहे। उनका आरोप था कि एक साल होने को हैं लेकिन मात्र एक बैठक हुई है। कई वार्डो में विकास शून्य है। सदस्यों की जानकारी के बिना टेंडर प्रक्रिया की जा रही हैं। चेयरमैन लक्ष्मी वर्मा ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कुछ सभासदों को उनके कार्यों से नाराजगी है। जबकि, वे सबको साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही हैं।

नगर पंचायत कार्यालय में धरने पर बैठे सभासद। अमृत विचार

आठ माह में एक बार हुई बोर्ड की बैठक

वार्ड-15 के सभासद ने आरोप लगाया कि बीते आठ माह में सिर्फ एक बार बोर्ड बैठक हुई है। जो विकास कार्य के लिए वस्तुएं खरीदी जाती हैं। उसमें भी बंदरबांट होता है। चहेते सभासदों को काम दिया जा रहा है। तमाम भेदभाव हो रहे हैं। नगर पंचायत में यह खत्म होना चाहिए। सभी को एक समान समझा जाना चाहिए। मांग की कि समय-समय पर बोर्ड बैठक की जाए। जिससे वार्डों की समस्याओं का निस्तारण हो सके।

वन विभाग ने बर्ड फेस्टीवेल वीक पर छात्रों की कराई प्रतियोगिता

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। वन विभाग की ओर से 27 जनवरी से 2 फरवरी तक वर्ड फेस्टीवल वीक का आयोजन किया जा रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को नमामि गंगे घाट पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां नगर के प्राथमिक विद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालय के बच्चे पहुंचे। जहां विभाग ने पंछियों और प्रकृति से भी छात्र-छात्राओं का रूबरू कराया और प्रश्नमंच प्रतियोगिता कराई।

शुक्रवार को वर्ड फेस्टीवल वीक के तहत नमामि गंगे घाट पर वन विभाग की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विभाग द्वारा चलाये जा रहे फेस्टीवल का समापन हुआ। इस दौरान वन विभाग के रेंजर प्रेम शंकर तिवारी के नेतृत्व में खैरहा प्राथमिक विद्यालय, एसवीएम स्कूल के बच्चों को पर्यावरण, प्रकृति के बारे में जागरूक किया गया। छात्रों को बताया गया कि प्रदूषण फैलाने वाली वस्तुओं का प्रयोग न करें। इसका दुष्प्रभाव पंछियों के जीवन पर भी पड़ता है। छात्रों को प्रवासी पंछियों को दिखाकर उनके बारे में जानकारी दी। खैरहा प्राथमिक विद्यालय, एसवीएम स्कूल के छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता कराई गई। छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गंगातट पर छात्रों के साथ वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

- विभाग ने पंछियों और प्रकृति से भी छात्र-छात्राओं को कराया रूबरू

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एसवीएम के छात्रों ने खाई दवा

शुक्लागंज-उन्नाव। शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को देखते हुये गोपीनाथ पुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रधानाचार्य नरेन्द्र मिश्रा ने बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई एवेंडाजॉल टेबलेट बांटी और उसका सेवन कराया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जंक फूड खाने से पेट में कीड़े हो जाते हैं, जो शरीर को दुर्बल कर गंभीर बीमारियां पैदा हो जाती है। इसलिए हर छह माह में कीड़ा मारने वाली दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। जहां स्कूली बच्चों ने दवाइयां खाई। दवा खाने से बच्चों के पेट में कीड़े की शिकायत नहीं रह जाएगी।

छमकनाली पुलिया की मरम्मत का कार्य शुरू

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये रेलवे विभाग की ओर से रूट की सभी खामियों को धीरे-धीरे दूर किया जा रहा है। वहीं रूट पर बनी छमकनाली पुलिया जर्जर होने के कारण मरम्मत कार्य कराया जाना है। शुक्रवार को पुलिया के आस पास खड़ी झाड़ियों के साथ ही रास्ता बनाने के लिये जेसीबी से समतलीकरण कराया गया।

नेतुआ गांव के सामने बनी छमकनाली पुलिया का निर्माण अंग्रेजों द्वारा कराया गया था। समय-समय पर पुलिया की मरम्मत भी कराई गई है। इधर हाई स्पीड की ट्रेनें चलनी है। जिससे पुलिया में जो भी खामी हैं।

उन्हें दूर करने के लिये रेलवे विभाग ने पुलिया की मरम्मत कराने का फैसला लिया है। जिसे देखते हुये शुक्रवार को जेसीबी लगाकर सरैया क्रासिंग से नेतुआ गांव के सामने पुलिया के बीच तक खड़ी घनी झाड़ियों को हटाने का काम शुरू किया। ठेकेदार ने बताया कि पुलिया निर्माण में सामग्री ले जाने के लिए रास्ता बनाया जाना है।

जेसीबी से बनाया जा रहा रास्ता।

डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर बदली गई रेल पटरी

शुक्लागंज उन्नाव। लखनऊ कानपुर रेल रूट स्थित गंगाघाट रेलवे स्टेशन यार्ड के अप लाइन पर शुक्रवार को डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान जर्जर पटरी को बदला गया। ब्लॉक अवधि की दौरान अप लाइन की ट्रेनों को मेन लाइन से गुजारा गया।

शुक्रवार दोपहर 1:20 से 2:50 बजे के बीच डेढ़ घंटे का पीडब्ल्यूआई ने ब्लाक लिया। इस दौरान अपलाइन की लूप लाइन पर गैंगमैनों ने काम करना शुरू किया। जहां जर्जर पटरी को हटाकर नई पटरी डाली गई। इसके साथ ही वैल्डिंग का कार्य भी किया गया। ब्लॉक अवधि के दौरान मेन लाइन से ट्रेनों का संचालन हुआ। ब्लॉक समाप्त होने के बाद लूप लाइन से ट्रेनें गुजरी।

नवीन पुल पर जाम, कराहे राहगीर

बालूघाट मोड़ पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शुक्लागंज के बाशिंदों के लिए कानपुर आने-जाने का नवीन पुल एक मात्र रास्ता है। यह मार्ग संकरा और सुबह के समय वाहनों का अधिक भार होने के कारण आये दिन जाम लग रहा है। शुक्रवार सुबह भी भीषण जाम लग गया। इस दौरान नवीन पुल से लेकर लेकर फोरलेन सब्जी मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वाले विलंबित हो गये।

सुबह करीब पौने 10 बजे बालूघाट मोड़ से नवीन पुल का रास्ता संकरा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। वहीं वाहनों का अधिक भार होने के कारण कुछ ही देर में नवीन पुल से फोरलेन स्थित सब्जी मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने जाम हटवाने का प्रयास किया लेकिन नवीन पुल तक का मार्ग संकरा और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण जाम टस से मस नहीं हिला। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन आगे बढ़े।

सार-संक्षेप

दूसरे दिन भी अज्ञात शव की नहीं हुई शिनाख्त

शुक्लागंज उन्नाव। गुरुवार को बैराज के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला था। शव देखकर लोगों ने हत्या की आशंका व्यक्त की दी। शुक्रवार को दूसरे दिन भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।गुरुवार सुबह बैराज मार्ग के किनारे एक अज्ञात 45 वर्षीय युवक का शव पाया गया था। शव के चेहरे पर चोट के निशान थे। जिससे हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी। सूचना पर सीओ सिटी विजय आनंद मौके पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने जांच पड़ताल की थी और गंगाघाट पुलिस को पहचान कराने के निर्देश दिये थे। चौबीस घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया के आस पास थानों में जानकारी दी गई है। इसके साथ ही शिनाख्त कराने के लिये सोशल मीडिया की भी मदद ली जा रही है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

आग जला कर सो रहे बुजुर्ग की जलकर मौत

औंग। चारपाई के पास तसले में आग जलाकर सोए एक बुजुर्ग की रात में जलकर मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के मजरे सगुनापुर निवासी नन्हें यादव पुत्र कल्लू यादव गांव में खेत किसानी करते थे। परिजनों ने बताया गुरूवार की शाम खेतों का काम निपटाकर वापस घर लौटे थे और खाना खाकर घर के पास मड़ैया में सो गए थे। सोने से पहले तसला में आग जलाकर चारपाई के पास रख दी थी और कम्बल ओढ़कर सो गए थे। सुबह जब परिजनों ने देखा तो वहां धुआं निकल रहा था। अन्दर देखा तो उनकी जलकर मौत हो चुकी है।

सेंध काट कर हजारों की चोरी

असोथर। थाना क्षेत्र के बेरूई गांव निवासी आशीष पांडेय ने बताया कि गुरुवार रात को कारखाना बंद क घर चला गया था। शुक्रवार सुबह वह कारखाने पहुंचा तो एक ओर से दीवार कटी थी। देखा तो कारखाने से सामान व नकदी चोरी हो गई थी।

जान बची | पुलिस व क्षेत्रीय लोगों की मदद से युवती को निकालने में लगे छह घंटे

दलदल में फंसी, मुश्किल से निकाला

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट रेलवे स्टेशन के सामने खंती में कई सालों से पानी भरा होने से जलकुंभी के साथ दलदल हो गया है। रात करीब तीन बजे एक मानसिक विक्षिप्त युवती उसमें लाकर फंस गई। पूरी रात वह सर्दी में ठिठुरती रही। सुबह लोगों ने उसे दलदल में फंसा देखा तो जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर दमकल व पुलिस कर्मी पहुंचे। करीब साढ़े छह घंटे बाद उसे रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

पश्चिमी चौकी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन व द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड में वर्षों से पानी भरा हुआ है। जिससे उसमें जलकुंभी का अंबार है। इसके साथ तालाब धीरे-धीरे दलदल में तब्दील हो गया है। देररात एक 25 वर्षीय एक मानसिक विक्षिप्त युवती उसी जलकुंभी में जाकर फंस गई। दलदल होने से वह बाहर नहीं आ सकी और पूरी रात वह वहीं फंसी रही। सर्दी होने से वह पानी में फंसी ठिठुरती रही। सुबह लोगों की उस पर नजर पड़ी तो वहां आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

युवती के फंसे होने की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर डॉयल पुलिस, दमकल व एम्बुलेंस पहुंची और क्षेत्रीय लोगों की मदद से उसे सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसे बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया। आसपास के लोगों ने बताया कि युवती को कानपुर घंटाघर के पास अक्सर देखा गया है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि युवती को निकाल लिया गया है। मानसिक विक्षिप्त होने के चलते वह कुछ बता नहीं सकी है। उसे इलाज के लिये भेजकर उसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

दलदल में फंसी युवती को बाहर निकलने के लिए हो रहा रेस्क्यू। अमृत विचार

ट्रांसफार्मरों की सफाई को तीन फीडर की गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बिजली विभाग की ओर से इन दिनों अनुरक्षण माह मनाया जा रहा है। उसी को लेकर बिजली कर्मियों ने तीन फीडरों में लगे ट्रांसफार्मरों की साफ सफाई और मेंटीनेंस का कार्य किया। जिस कारण घंटों कई मोहल्लों की बिजली गुल रही।

एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद और जेई विष्णु शुक्ला के नेतृत्व में अनुरक्षण माह को देखते हुये मेंटीनेंस का काम कराया गया। जहां फीडर दो में सुबह ग्यारह बजे से चार बजे के बीच मिश्रा कालोनी 250 केवीए, 630 केवीए, चंपापुरवा में 250 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत की गई। इसी तरह दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच गोपीनाथ पुरम स्थित 250 केवीए की मरम्मत हुई। जिस कारण फीडर तीन बंद रहा। शक्तिनगर फीडर के तहत अवस्थी फार्म पर 100 केवीए मरम्मत को लेकर शाम 6 बजे से रात साढ़े आठ बजे तक होने के कारण कई मोहल्लों की बिजली गुल रही।

मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

पुल से सब्जी फेंकने पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण, हड़कंप

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

- पुलिस व पालिका कर्मियों ने नवीन पुल पर सब्जी विक्रेताओं की पुल से फेंकी थी सब्जी
- पालिका के ईओ ने कहा अधिकारिक तौर पर किसी को नहीं भेजा, मर्जी से गया

अमृत विचार। नवीन पुल पर जाम की स्थिति न बने इसके लिये गुरुवार रात बालूघाट चौकी इंचार्ज पालिका कर्मियों के साथ फुटपॉथ से सब्जी की दुकानें हटवा रहे थे। इसी बीच पालिका कर्मियों ने रौब झाड़ते हुये एक के बाद एक कई सब्जी की दुकानों उठाकर पुल के नीचे गंगा में फेंक दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इसे डीएम ने संज्ञान में लिया और स्पष्टीकरण मांगा है।

नवीन पुल पर जाम को देखते हुये गुरुवार शाम बालूघाट चौकी इंचार्ज हरिनाथ शर्मा पुलिस कर्मियों के साथ नवीन पुल पर पहुंचे। जहां फुटपॉथ पर सब्जी मंडली लगी होने पर पालिका कर्मियों को बुलाया। जहां पालिका कर्मी फुटपॉथ पर सब्जी की दुकानें सजाये सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी देने लगे। इसके बावजूद दुकानें नहीं हटाई। जिस पर पालिका कर्मियों ने रौब झाड़ते हुये कई सब्जी विक्रेताओं का सामान उठाकर सड़क पर फेंक दिया। इतना ही नहीं मानवता को शर्मसार करते हुये एक महिला की सब्जी की दुकान में रखी बोरी को उठाकर गंगा में फेंक दिया। जिस पर महिला और उसके छोटे बच्चे मिन्नते करते रहे। इसके बावजूद पालिका कर्मी नहीं पसीजे। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट पर वॉयरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी। डीएम अपूर्वा दुबे ने पालिका प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा। डीएम के स्पष्टीकरण मांगने पर पुलिस से लेकर पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया। वहीं पालिका कर्मी ने बताया कि जिस बोरी को गंगा में फेंका गया था। उसमें सब्जी के पत्ते थे।

बोले ईओ

ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला सोशल मीडिया से संज्ञान में आया है। गुरुवार शाम डीएम द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। संबंधित कर्मचारी से जवाब-तलब किया गया है। कार्यालय से कोई टीम नहीं भेजी गई थी। कर्मचारी ने बताया कि थाने से बुलाए जाने पर वह पहुंचा था। इसका भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िज़ी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32ः 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांक्षित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िज़ी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

प्रसंगवश

भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

दो नोबेल विजेताओं की दास्तां

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

सोशल फोरम

डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं। देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

-फेसबुक वॉल से

द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

350 करोड़ की परियोजनाओं का होगा शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री आज सुबह साढ़े 11 बजे कन्नौज के बोर्डिंग मैदान में करेंगे जनसभा

तालग्राम क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे किनारे बनी फॉरेंसिक लैब।

तहसील तिर्वा क्षेत्र के ठठिया के पास बना इत्र पार्क। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कार्यक्रम स्थल पर कई अधिकारियों की बीफ्रिंग भी हुई

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन फरवरी यानि आज सुबह साढ़े 11 बजे शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर पहुंचेंगे। वह करीब 350 करोड़ रुपये की लागत वाली योजनाओं-परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। अफसरों में इसको लेकर रूपरेखा भी बन गई है। कार्यक्रम स्थल पर भी अधिकारियों की बीफ्रिंग हुई।

तहसील तिर्वा क्षेत्र के ठठिया के निकट स्थित करीब 30 एकड़ जमीन में बने इत्र पार्क को यूपी सीडा की ओर से बनाया गया है। इसके अलावा तालग्राम क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के निकट बनी विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फॉरेंसिक लैब) का उदघाटन बहुप्रतीक्षित है। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो दोनों ही भवनों का मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे।

बताया गया है कि 45-50 योजनाओं व परियोजनाओं का कन्नौज में लोकार्पण व शिलान्यास होगा। इसका खाका बन गया है। कार्यक्रम को लेकर कई अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। एक दिन पहले ही बोर्डिंग ग्राउंड पर आलाधिकारियों ने विकास महकमे के अफसरों समेत अन्य लोगों को कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। किस तरह अपनी जिम्मेदारी निभानी है, इस पर भी बात रखी। इस बाबत प्रभारी सीडीओ/डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय हो गया है। करीब 50 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी होगा। इसकी सूची तय हो रही है।

मंच पर 10 लाभार्थियों को कर सकते हैं सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मत्स्य विकास विभाग और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के 10 लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित कर सकते हैं। अधिकारियों के बीच में इसका खाका तय हो चुका है। बताया गया है कि सरकारी योजनाओं से जिन लाभार्थियों को शामिल किया गया है उनको ही मुख्यमंत्री प्रमाणपत्र, स्वीकृतिपत्र व प्रतीकात्मक चेक आदि देंगे।

समूह की महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्री बढ़ाएंगी सभा में भीड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नारी शक्ति वंदन में करीब 10 हजार महिलाओं को सम्मानित करने का रखा गया लक्ष्य
- महिला प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के बनाए गए पहचान पत्रों से पहुंचेंगी बोर्डिंग ग्राउंड

अमृत विचार। शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर आज होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में करीब 10 हजार महिलाओं का सम्मान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा महिला प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों समेत कई जनप्रतिनिधियों व संविदा कर्मियों को बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि इन महिलाओं की ही भीड़ अधिक दिखेगी।

जनपद के कई अफसरों ने मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महिलाओं को बुलाने का किसी न किसी रूप में सहयोग शुरू कर दिया है। बताया गया है कि सांसद की ओर से भेजे गए उनकी फोटो वाले करीब 500 पहचान पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से ब्लॉकों को दिए गए हैं। यहां से ही महिला प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जारी किए गए हैं। इसी तरह एनआरएलएम के सहयोग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाया गया है। बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग के तहत काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। आशा बहुओं को भी बुलाने की बात कही गई है, हालांकि मांगों को लेकर उनका धरना चल रहा है। कनौजी माटी वंश समागम कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन के तहत महिलाएं सम्मानित की जाएंगी।

एसओजी टीम के साथ बोर्डिंग मैदान का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

एसपी ने मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन को लेकर बोर्डिंग ग्राउंड सभा स्थल व पार्किंग के लिये चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए सदर कोतवाली क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में पैदल भ्रमण कर कोतवाली प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यातायात प्रभारी आफाक खान को यातायात व्यवस्था बेहतर बनाये रखने के लिये निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की चूक न हो जाये, इस संबंध में एसपी शुक्रवार को एसओजी टीम के साथ निकले। सबसे पहले उन्होंने यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पार्किंग पहुंचकर स्थल की क्षमता देखी कि संबंधित जगह पर कितने वाहन खड़े हो सकते हैं। इसके बाद वह सीधे बोर्डिंग मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां पर भी उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

चोर गिरफ्तार, छह जागल प्लेट बरामद

इटावा। रेलवे लाइन से जागल प्लेट चोरी करने वाले शातिर चोर को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 6 जागल प्लेट बरामद हुई है। जागल प्लेट की कीमत 12600 रुपये बताई गई है।

रेलवे लाइन को आपस में जोड़ने के लिए बैल्डिंग के स्थान पर मजबूती के लिये लोहे की भारी जागल प्लेट लगाई जाती हैं। सैफई रोड पर वैदपुरा से होकर गुजरी डीएफसीसीआईएल की रेलवे लाइन से वैदपुरा के पास 31 जनवरी को 6 जागल प्लेट चोरी होने की सूचना डीएफसीसीआईएल के पीडब्लूआई मनोज कुमार ने आरपीएफ को दी। इसके बाद आरपीएफ थाने पर 3 आरपी(यूपी) एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद चोरों की तलाश शुरू की गई थी।

आरपीएफ के एसआई सत्यदेव यादव अपनी टीम व डीएफसीसीआईएल के कांस्टेबल राजू लाल मीणा के साथ चोरों की तलाश में जुटे थे। मुखबिर की सूचना पर इटावा मैनपुरी ब्रांच लाइन के अंडरपास के निकट से शातिर चोर विपिन कुमार निवासी बिला खेड़ा थाना वैदपुरा को गिरफ्तार किया। इसके पास से चोरी की गई 6 जागल प्लेट भी बरामद हुई। आरपीएफ ने आवश्यक कार्रवाई के बाद विपिन को जेल भेजा है।

भाभी की कुल्हाड़ी से हत्या का आरोपी देवर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद

अमृत विचार। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव कुइता सरैया में गुरुवार को भाभी की कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतारने वाले देवर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक खंडहर से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार को सरैया कुइता निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी मोहिनी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। पति प्रदीप कुमार की तहरीर पर भाई रवि उर्फ रिंकू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसमे आरोप लगाया गया था कि घरेलू विवाद के चलते उसके भाई रवि ने उसकी पत्नी मोहिनी को कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद वह भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने ममाला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। एसओ ऊसराहार अपनी टीम के साथ उसकी तलाश में जुटे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी रवि रुद्रपुर से नगला भगे को जाने वाले मार्ग पर एक मंदिर के पास मौजूद है। इस सूचना पर उन्होंने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को बरामद कर लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

कोर्ट परिसर में हत्यारोपी पर तमंचे से फायर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हत्या के मुकदमे में न्यायालय में तारीख पर आया था युवक वादी ने झोंका फायर
- वकीलों ने आरोपी को तमंचा समेत दबोचा, पिटाई कर किया पुलिस के सुपुर्द

अमृत विचार। पिता की हत्या का प्रतिशोध लेने के लिए युवक ने न्यायालय परिसर में ही तारीख पर आए हत्यारोपी के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोर्ट परिसर में गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई। वकीलों ने तमंचा लेकर भाग रहे आरोपी को दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के पास बने पुस्तकालय की तरफ से एक युवक ने कोर्ट में तारीख पर आए हत्यारोपी ग्राम भगतगाढ़ा निवासी चंदन यादव पुत्र कृपाल सिंह के ऊपर 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। फायर के दौरान चंदन जमीन पर लेट गया और गोली सामने दीवार में जा धंसी। गोली चलने से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और अधिवक्ता अपने कक्षों से बाहर निकल आए। वकीलों ने गोली चलाने वाले आदेश यादव पुत्र पिंटू निवासी कटरा को तमंचा समेत पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। उसके पास से एक जीवित कारतूस और एक खोखा भी मिला है। भागते समय आदेश एक वकील की मेज से टकराकर गिर गया था। घटना की जानकारी पाकर सीओ सिटी कमलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी व कचहरी चौकी प्रभारी जसवंत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी आदेश को पकड़ कर कोतवाली ले आए। हत्यारोपी चंदन ने बताया कि वह एफटीसी कोर्ट से तारीख लेकर अधिवक्ता चेंबर की तरफ जा रहा था, उसी समय उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया।

वकीलों और पुलिस में हुई नोकझोंक

हमलावर आदेश यादव को पकड़ने के बाद अधिवक्ताओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर जब सीओ सिटी पहुंचे तो अधिवक्ताओं ने उन्हें घेर लिया और खरीखोटी सुनाई। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेयी ने कहा कि 25 जनवरी को उन्होंने न्यायालय परिसर में सुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन दिया था, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। यहां तक कि कोर्ट में लगा मेटल डिटेक्टर भी खराब है। वकीलों ने प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण से मिलकर न्यायालय की सुरक्षा की मांग उठाई। वकीलों ने चेंबर परिसर में और गेट पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की। इससे पहले वकीलों की पुलिस से काफी नोकझोंक हुई थी।

पिता की हत्या का बदला लेना चाहता था आदेश

कोर्ट परिसर में तमंचे से फायर करने वाला आरोपी आदेश यादव अपने पिता पिंटू यादव की हत्या का बदला लेना चाहता था। पुलिस के मुताबिक 24 मई 2023 को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी पिंटू यादव और ग्राम भगतगाढ़ा निवासी कृपाल सिंह के बीच झगड़ा हो गया था। इस घटना में मारपीट व फायरिंग हुई, जिसमें पिटाई से पिंटू की मौत हो गई थी। आदेश ने कृपाल सिंह के चारों बेटों शेखर, कल्लू, मुल्लू और चंदन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनमें तीन को जमानत मिल गई है, जबकि मुल्लू जिला कारागार में बंद है। इसी मामले में चंदन तारीख पर आया था तो आदेश ने बदला लेने के लिए घात लगाकर तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया।

हत्यारोपी चंदन यादव।

फर्रुखाबाद में बंदर के काटने से किशोरी की जान गई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कमालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बंदर के बुरी कदर काटने से किशोरी की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव अमाना वाद की रहने वाली नन्दनी (14) पुत्री शिवराम अपने घर के वाहर खेल रही थी। उसी समय वहां बहुत सारे बंदर आ गए। नन्दनी ने बंदरो को भगाने का प्रयास किया। इसी दौरान एक बंदर ने उसे बुरी तरह कई जगह काटा, जिससे वह बेहोश हो गई। परिजन उसे आननफानन सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गम्भीर अवस्था पिता शिवराम नन्दनी को लोहिया अस्पताल लेकर आये ड्यूटी पर तैनात डॉ. वैभव यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ. वैभव यादव ने बताया कि नन्दनी को बंदर ने कई जगह बुरी तरह काटा था, जिससे अधिक खून बह जाने से उसकी मौत हो गई। बंदरो के हमले से किशोरी के गिरने से भी सिर में भी चोट लगी। सिर पर भी बंदर के काटने के निशान मौजूद थे। पिता शिव राम ने बताया कि गांव में बंदरों का आतंक है। उसकी बेटी की चीख सुन जब तक पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तब तक बंदर ने उसे बुरी तरह से चबा डाला। बंदर के काटने से हुई नन्दनी की मौत से गांव में बंदरों को लेकर दहशत हो गई है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता भरथना, इटावा

- मृतक की मां भी फांसी लगाकर कर चुकी है आत्महत्या

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेर में शुक्रवार की सुबह एक युवक ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां की छह माह पूर्व फांसी लगाने से मौत हो चुकी है

अंकुल।

गांव निवासी राम सेवक बाथम अपने परिवार के साथ रहते है। राम सेवक की पत्नी की छह माह पूर्व मौत हो चुकी है। वह अपने बेटे अंकुल के साथ रहते थे। शुक्रवार की सुबह रामसेवक खाना बनाने के लिए गांव की दुकान से कुछ सामान खरीदने गया था, इस बीच अंकुल ने अपने को अकेला पाकर घर के अंदर कमरे में मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता के लौटने पर घटना की जानकारी हो सकी। युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की खबर मिलते ही भरथना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना को संदिग्ध समझते हुए फॉरेन्सिक टीम बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

मृतक के पिता राम सेवक बाथम ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि उसका बेटा अंकुल दुःखी मन से घर लौटा था और सो गया, सुबह जागने पर अंकुल ने उन्हें बताया कि पड़ोसी गांव के नामजद उसे जबरन पकड़ कर ले गये थे, जिन्होंने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। इसी डर से उसने फांसी लगा ली।

प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने बताया की प्रथम जांच में घटना आत्महत्या है लेकिन शव पर चोटों के निशान हैं यह किस वजह से आये हैं जांच का विषय है, फॉरेन्सिक जांच टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

41 प्रधानाचार्यों को वेतन रोकने की दी गई चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश के बावजूद जनपद के 41 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों ने सरप्लस शिक्षकों की सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रधानाचार्यों का वेतन रोकने की चेतावनी दी है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने एडेड माध्यमिक विद्यालयों से 30 जनवरी तक सरप्लस शिक्षकों की सूचना मांगी थी। इसके बावजूद जनपद के 63 एडेड माध्यमिक विद्यालयों में से सिर्फ 22 ने ही सूचना उपलब्ध कराई। विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 41 एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को वेतन रोकने की चेतावनी दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर कहा कि पांच फरवरी तक मांगी गई सूचना हर हाल में उपलब्ध करा दी जाए।

जानकारी न देने वाले प्रधानाचार्य का जनवरी माह का वेतन अवरुद्ध कर दिया जाएगा। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद में 63 माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें 22 ने सूचना दी है। 41 प्रधानाचार्यों को नोटिस भेजे हैं। पांच फरवरी तक अगर सूचना न मिली तो वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

एडीओ को नोटिस देकर मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- छिबरामऊ में सामूहिक विवाह के दौरान एक जोड़े के दोबारा शादी के लिए पहुंचने का मामला

अमृत विचार। जिलेभर में कन्नौज क्षेत्र को छोड़कर तालग्राम, सौरिख, छिबरामऊ व तिर्वा इलाके में 30 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 447 जोड़ों की शादियां व निकाह हुए थे। छिबरामऊ में एक जोड़ा दोबारा शादी करने पहुंच गया था। हालांकि जानकारी होने पर इस जोड़े को बाहर कर दिया गया था। इस मामले में एडीओ समाज कल्याण को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

छिबरामऊ में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक जोड़ा ऐसा बैठा था जिसका ब्याह पहले ही हो चुका था। मामले की जानकारी महिला के पैरों में बिछिया देखकर लोगों को हो गई। अधिकारियों के बीच भी शिकायत पहुंची तो उस जोड़े को बाहर कर दिया गया। इस मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी का कहना है कि एडीओ पंचायत श्याम वरन से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आखिर पहले से शादी कर चुका जोड़ा समारोह में कैसे शामिल हुआ। बताया गया है कि ग्राम पंचायत सचिव शरद के क्षेत्र का जोड़ा है। उनके पास दो ग्राम पंचायतें हैं। आरोपी जोड़े को 10 हजार रुपये की सामग्री नहीं दी गई है। साथ ही 35 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी अब महिला को नहीं मिलेगी। मामले की जांच हो रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैं सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा व मेरी पुत्री गार्गी सिंह का मेरे पति निशेष वर्मा पुत्र स्व0 कालीचरण निवासी इटावा से 6 सितंबर 2021 से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। हमे निशेष वर्मा और उसके परिवारजनों से जान का खतरा होने का अंदेशा है। **आकांक्षा सिंह पुत्री श्री विरेंद्र कुमार सिंह**

सूचना

सूचित हो कि मैं **वीरेन्द्र कुमार पुत्र गौरी शंकर, नि0 कपसेठी तह–कर्वी, जि0–चित्रकूट,** मेरी एचडीएफसी लाइफ इ0 की पॉलिसी सं0–12547419 में मेरा नाम त्रुटिवश वीरेन्द्र सिंह अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में (आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता) वीरेन्द्र कुमार अंकित है। वीरेन्द्र सिंह व वीरेन्द्र कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **राम प्रकाश पुत्र स्व0 राम औतार, निवासी–5/178, सेक्टर–एच0, जानकीपुरम नियर सहारा स्टेट लखनऊ** मेरा पुत्र हरिओम शर्मा का व्यवहार माता–पिता व परिवार के साथ अच्छा नहीं है तथा परिवार के साथ गाली गलौज– मारपीट करता है तथा आवारा प्रवृत्ति का व्यक्ति है, उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सारे सम्बन्ध समाप्त करता हूँ आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा परिवार से किसी प्रकार का कोई लेना देना या मतलब नहीं होगा।

NOTICE

I SHAHWEZ Son of Shareef Ahmad R/O Shahwez Shareef R/O makbara, Bijnor, Najibabad 24673.Local adress-296/49,hata sangi beg, chowk, Lucknow. That I changed my name from SHAHWEZ TO SHAHWEZ SHAREEF .In future I will be called SHAHWEZ SHAREEF.

NOTICE

I TARANNUM AIJAZ Wife of Sri AIJAZ MOHD KHAN BUNGASH R /O of 296/49 Hata sangi beg chowk Lucknow That I changed my name from TARANNUM to TARANNUM AIJAZ.In future I will be called TARANNUM AIJAZ.

सूचना

सूचित हो कि मेरी पत्नी सुनीता के बीमा पॉलिसी संख्या– 205804333 में नामिनी में मेरा नाम राम किशुन अंकित है। जो कि मेरा बचपन का पुकारने वाला नाम है। मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम बालकिशन है। बालकिशन व रामकिशुन दोनों मेरे ही नाम हैं। **–बाल किशन पुत्र बाबूलाल, निवासी– सुदीन का पुरवा देवर पट्टी, बिहार, कुंडा प्रतापगढ़।**

विचार-विमर्श

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत की बैठक में की गई चर्चा

इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा कन्नौज का वैभवशाली अतीत

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। ऐतिहासिक शहर कन्नौज का वास्तविक इतिहास पन्नों में दर्ज होगा और लोगों को इसके वैभवशाली अतीत के बारे में बताया जाएगा। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत की बैठक में जिले में एक इकाई के गठन के बारे में विचार विमर्श किया गया। इसमें एक समिति बनाई जाएगी, जो कन्नौज परावैभव काल की घटनाओं को संकलित कर लिपिबद्ध करेगी और इसके बाद संग्रह को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत की बैठक की गई, जिसमें जनपद कन्नौज की सभी प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं और तथ्यों के संकलन की रणनीति तैयार की गई। इतिहास विभाग की प्राध्यापक डॉ. सुमन शुक्ला बाजपेयी ने बताया कि बैठक में दस अकादमिक आयामों पर चर्चा की गई, जिसमें जनपद कन्नौज के इतिहास का पुनर्लेखन, कृषि आधारित आर्थिक परंपरा, भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का इतिहास, जनजातियों के इतिहास, संघर्ष और प्रतिरोध का इतिहास आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले में इतिहास दिवस के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई। इतिहास संकलन और लेखन के लिए एक जिला इकाई का गठन भी किया जाएगा। बैठक में भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग डॉ. संजय कुमार सिंह, पीएसएम कालेज से डॉ. वरुण वशिष्ठ, चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से इतिहास विभाग के डॉ. सुदीप चौधरी, शोध छात्र बागीशधर राय, शिव मोहन द्विवेदी, एमके गिरि, चंद्रशेखर पाल व भैयालाल उपस्थित रहे।

इतिहास संकलन की बैठक में प्रोफेसर व शोध छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- कन्नौज के इतिहास संकलन के लिए होगा जिला इकाई का गठन, होगा इतिहास दिवस

सह संगठन सचिव संजय श्रीहर्ष ने उठाया बीड़ा

संजय श्रीहर्ष।

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत के सह संगठन सचिव संजय श्रीहर्ष ने ऐतिहासिक शहर कन्नौज के इतिहास के पुनर्लेखन का बीड़ा उठाया है, जिसमें उन्होंने रामसहाय डिग्री कॉलेज बैरी शिवराजपुर की इतिहास विभाग की प्राध्यापक डॉ. सुमन शुक्ला बाजपेयी को जिम्मेदारी दी है। डॉ. सुमन इससे पहले राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज में भी रह चुकी हैं। वहीं, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने भी जनपद कन्नौज का गजेटियर प्रकाशित करने की योजना तैयार की है, जिसकी जिम्मेदारी भी डॉ. सुमन शुक्ला को दी गई है।

भाजपा हाईकमान तक फायरिंग का मामला

संवाददाता, कासगंज

● रिपोर्ट दर्ज होने पर अनीता लोधी ने योगी को पत्र लिखा

अमृत विचार : लोकसभा टिकट की रार को लेकर कासगंज में भाजपा नेताओं के दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला हाईकमान तक पहुंच गया है। सांसद के समर्थक की तहरीर पर पूर्व विधायक अनीता लोधी और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एटा जिले के एक विधायक और कासगंज से एक पूर्व विधायक अनीता के पक्ष में है। दोनों भाजपा नेता मामले में पैरवी कर रहे हैं। ये नेता खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। अनीता लोधी का कहना है कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात करने जा रही हूं। कासगंज पुलिस पुलिस ने भी पक्षपात किया है। एक तरफ मैंने शाम चार बजे ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और मेरी ओर दिए गए प्रार्थना पत्र पर एफआईआर नहीं हुई। दूसरे पक्ष की तहरीर पर मेरे और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई।

गुरुवार की दोपहर बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी अपने समर्थकों के साथ कासगंज आयी थीं। आरोप है कि एपीएस लिखी एक स्कार्पियो कार आई। सफेद की रंग की इस कार से कुछ अराजक तत्व उतरे और अनीता लोधी के काफिले के आगे गाड़ी को लगा दिया और हवाई फायरिंग की। इससे डिबाई की पूर्व विधायक घबरा गई। सरकारी सुरक्षा कर्मियों के अलावा निजी सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाला, तब पूर्व विधायक की जान बची। वहीं, दूसरे पक्ष से भाजपा नेताओं ने भी अनीता लोधी एवं उनके समर्थकों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

संगठन की सहमति से ही एटा में प्रयास करने आयी थी : अनीता लोधी

कासगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलंदशहर से भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाते ही वरिष्ठ नेताओं के साथ मौजूदा सांसदों ने भी चुनाव लड़ने के लिए टिकट को लेकर अंदरखाने पैरवी शुरू कर दी है। कुछ लोकसभा की ऐसी भी सीटें हैं, जहां भाजपा के धुरंधर सांसद हैं। ऐसी ही लोकसभा सीट एटा है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया पिछले दो बार से भाजपा से सांसद हैं। कल्याण सिंह का घर माने जानी वाले एटा लोकसभा क्षेत्र में अनीता लोधी के सामने आने के बाद राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। बाबू जी कल्याण सिंह की विरासत को संभाल रहे उनके बेटे राजू भैया की दावेदारी को बुलंदशहर की डिबाई सीट से 2017 से 22 तक भाजपा से विधायक रहीं अनीता लोधी ने अपनी दावेदारी करते हुए चुनौती दी है। दो बार से सांसद राजू भैया की सीट पर अनीता की दावेदारी से एक तरह से वर्चस्व की जंग छिड़ती नजर आ रही है। दावेदारी के बाद से दोनों के समर्थकों में टकराव बढ़ गया है। गुरुवार दोपहर बाद ऐसा विवाद हुआ कि सांसद के समर्थक और अनीता सिंह ने एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। पुलिस ने अनीता लोधी के खिलाफ कासगंज के रहने वाले अखिलेश वर्मा की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसे अनीता लोधी चेतावनी के रूप में देख रही हैं। घटनाक्रम और दर्ज हुए मुकदमे को लेकर पूर्व विधायक अनीता लोधी से संवाददाता गजेंद्र चौहान ने शुक्रवार को बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश...

गुरुवार को गेस्ट हाउस से बैठक कर समर्थकों के साथ बाहर आतीं डा. अनीता लोधी। अमृत विचार

● कल्याण सिंह का घर माने जाने वाली एटा लोकसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक अनीता लोधी के आने के बाद बढ़ीं राजनीतिक सरगर्मियां

● आप एटा लोकसभा से तैयारी कर रही हैं, ऊपर केंद्रीय कमेटी के नॉलेज में है कि आप यहां पर तैयारी कर रहे हैं आवेदन किया आपने?

-हां केंद्रीय कमेटी के नॉलेज में है लेकिन मामले में अभी मेरी बातचीत नहीं हुई है, मैं इस पूरी घटना की जानकारी आलाकमान को दे रही हूं।

● आपने चुनाव लड़ने के लिए एटा लोकसभा सीट को क्यों चुना?

-एक कार्यकर्ता के नाते मैंने यहां आवेदन किया है, यह एक कार्यकर्ता का अधिकार है। निश्चित तौर पर बाबूजी का रसूख है, बाबूजी हम सब के आदरणीय हैं सम्माननीय हैं, बात रही सांसद जी की तो मेरे पास सूचना थी कि पार्टी यहां से प्रत्याशी बदलना चाहती है, चीजें ठीक नहीं है। उनके विरोध के स्वर की रिपोर्ट है।

● आपने एटा लोकसभा पर दावेदारी की है, क्या कोई आवेदन केंद्रीय कमेटी, प्रदेश कमेटी को दिया है?

- मैंने अपना आवेदन केंद्रीय कमेटी प्रदेश कमेटी और जिला कमेटी को दिया है, सबको पता है कि मैं आवेदन कर रही हूं। प्रॉपर चैनल के जरिए मैं यहां दावेदारी करने आई हूं, संगठन की सहमति के बाद ही यहां प्रयास करने पहुंची हूं। हमारी पार्टी में स्वतंत्रता है, आप मेहनत करिए प्रयास करिए तो मैं यहां प्रयास कर रही हूं।

● आपके राजनीतिक जीवन की शुरुआत कहां से हुई?

-मेरे पिता गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे और आरएसएस के खंड कार्यवाह रहे हैं तो मेरी राजनीतिक पृष्ठभूमि संघ और भाजपा की रही है। मैं 10 साल से राजनीतिक तौर पर सक्रिय हूं। इससे पहले मैं अपने पति के साथ बिजनेस कर रही थी।

● आपकी शिक्षा कहां से हुई?

-मैं डॉक्टरेट हूं एग्रीकल्चरल साइंस में। मैंने एग्रीकल्चर से बीएससी किया है, एमएससी प्लांट पैथोलॉजी में है। गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय उत्तराखंड की थ्रू आउट फर्स्ट क्लास पास हूं।

6 माह की ट्रेनिंग कर एमबीबीएस बन सकेंगे सोनोलॉजिस्ट विशेषज्ञ

नीट पीजी में शामिल हो चुके पीएमएसएच डॉक्टरों से मांगे गए आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्टों की कमी को दूर करने के लिए मेडिकल कॉलेजों में सोनोग्राफी के लिए पूर्व गर्भधारण और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में छह माह अवधि का पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश हैं। साथ ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में शुरू होने वाले पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं।

पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश करने के लिए स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एमबीबीएस चिकित्सकों के साथ ही, गत नीट पीजी की काउंसिलिंग में कट ऑफ पार कर चुके एमबीबीएस चिकित्सकों से आवेदन मांगे गए हैं। निर्देश में स्पष्ट किया गया है, इंटर्नशिप पूरी कर चुके और नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल होने वाले चिकित्सकों से नियम व शर्तो के साथ ही आवेदन मांगे हैं। आवेदन करने वाले चिकित्सकों को काउंसिलिंग के माध्यम से मेडिकल कॉलेज आवंटित किये जाएंगे।

मालूम हो कि गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग में सोनोलॉजिस्टों की संख्या में भारी कमी है, जिसे दूर करने के लिए एमबीबीएस डॉक्टरों को छह माह का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। छह माह के प्रशिक्षण के उपरांत परीक्षा उत्तीर्ण होने पर, ये चिकित्सक बतौर विशेषज्ञ सेवाएं दे सकेंगे।

पीएमएसएच के चार चिकित्सक जाएंगे

सोनोग्राफी (पीसीपीएनडीटी) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने को नीट पीजी में प्रतिभाग कर चुके चिकित्सकों में चार चिकित्सक, पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उत्तीर्ण हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए डॉ.रूपेन्द्र कुमार, डॉ.भावना तिवारी, डॉ.हितेश चौहान और डॉ.रितेश चौहान के नाम की सूची चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को प्रेषित की है।

अंसल एपीआई के एमडी उपाध्यक्ष को बड़ी राहत

लखनऊ, विधि संवाददाता

● हाईकोर्ट ने इन पर खत्म किया धोखाधड़ी का आपराधिक मुकदमा

अमृत विचार। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंसल एपीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव अंसल व डिप्टी प्रेसीडेंट हरीश गुल्ला को बड़ी राहत देते हुए, धोखाधड़ी व कूटरचना के एक मामले में उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को खत्म कर दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने इस मामले में निचली अदालत द्वारा पारित किए गए तलबी आदेश को भी खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की एकल पीठ ने हरीश गुल्ला व प्रणव अंसल की याचिका पर दिया है। याचियों की ओर से दलील दी गई कि उनके खिलाफ संजीव अग्रवाल ने विभूति खंड थाने में धोखाधड़ी व कूटरचना आदि आरोपों में वर्ष 2018 में एफआईआर दर्ज कराई। याचियों पर आरोप लगाया गया कि वादी व उसकी पत्नी ने अंसल द्वारा डेवलप किए गए सुशांत गोल्फ सिटी में कई प्लाट, फ्लैट्स व विला बुक कराए थे। इसके लिए वर्ष 2011-12 में 11 एमओयू भी बनाए गए थे लेकिन प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए राज्य सरकार को जमीनों की व्यवस्था करनी थी जिसमें देरी होती चली गई जिससे सम्पत्तियां वादी व उसकी पत्नी को नहीं हस्तांतरित की जा सकीं। इस पर वादी ने याचियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी। याचियों ने दलील दी कि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ जिसके तहत चार संपत्तियों का बैनामा किया जा चुका है और बाकी के चार संपत्तियों का बैनामा होना है लेकिन जून 2023 को यूपी रेरा ने अंसल पर नया बैनामा करने से रोक लगा दी। इसी वजह से बैनामा नहीं किया जा सका।

अस्पतालों में सेवाओं की अब होगी जांच

लखनऊ। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उप्र के अधिकारी जिलों में जाएंगे। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल ने 18 मंडलों में निरीक्षण के लिए महाप्रबन्धक व उपप्रबन्धकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। जांच टीमें सभी जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ जिलों में चल रहें राष्ट्रीय कार्यक्रमों का भौतिक व वित्तीय समीक्षा करेंगे, जरूरत पड़ने अतिरिक्त बजट की संस्तुति भी करेंगे।

मिशन निदेशक ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों के संचालन के लिए अस्पतालों में संसाधन जुटाने को एनएचएम आर्थिक सहयोग करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 खत्म होने के पहले संसाधनों का भौतिक व प्रगति का मूल्याकन करने के लिए मण्डल स्तर पर नोडिल अधिकारी नामित किये गए हैं। यह टीमें 31 मार्च तक समीक्षा कर रिपोर्ट देंगी।

कम नहीं हुई महंगाई व बेरोजगारी: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को विधान भवन में बजट सत्र शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में फिर दोहराया कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगा। दस वर्ष की भाजपा सरकार के बावजूद महंगाई और बेरोजगारी कम नहीं हुई है। किसानों को किए वादे आज भी अधूरे हैं।

अखिलेश ने कहा कि पीडीए में 90 प्रतिशत वहीं लोग हैं जो भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त हैं। बेरोजगारी से त्रस्त युवा ही भाजपा को हरा देंगे। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी जीत के लिए आगे बढ़ रही है। कहा कि किसानों को सबसे ज्यादा भाजपा सरकार ने ही दुखी किया है। उन्होंने जो-जो वादे किए थे सब अधूरे हैं। प्रदेश में ईज आफ डूइंग बिजनेस नहीं है, यहां ईज आफ डूइंग क्राइम है। उन्होंने कहा कि सरकार जो आंकड़े पेश करती है, वह सब झूठ है। प्रदेश में निवेश जीरो है इसलिए रोजगार भी जीरो है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया है कि मैं आपको एक ब्रेकिंग न्यूज दे रहा हूं। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में एक सांसद को छोड़कर सबका टिकट काटने जा रही है और उनकी भी सीट बदल दी जाएगी। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को छोड़कर सभी का टिकट काटने की बात कही है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि हो सकता है कि पीएम मोदी की भी सीट बदल दी जाए। पीएम मोदी अभी वाराणसी से सांसद हैं। अखिलेश ने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सपा इंडिया गठबंधन में शामिल है।

11 बिजली अभियंताओं की प्रोन्नति, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के 11 बिजली अभियंताओं को प्रोन्नत कर दिया गया। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी हुए।

आदेश के तहत मुख्य अभियंता-स्तर दो के दो अधिकारियों अनुराग अग्रवाल व धीरज सिन्हा को मुख्य अभियंता-स्तर एक पर प्रोन्नत किया गया है। अनुराग अग्रवाल अभी तक मुख्य अभियंता रेस्पो के पद पर तैनात थे, अब इन्हें शक्ति भवन मुख्यालय भेजा गया है। दो अधीक्षण अभियंताओं आकर्षक नाथ गुप्ता व अनुराग माथुर को मुख्य अभियंता स्तर-दो पर प्रोन्नति दी गई है। ऊर्जा मंत्री से सम्बद्ध आकर्षक नाथ गुप्ता को वर्तमान तैनाती पर ही रखा गया है, जबकि अनुराग माथुर को वाणिज्य-चार शक्ति भवन विस्तार से कॉरपोरेशन मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसी तरह, सात अधिशासी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पद पर प्रोन्नत किया गया है। राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने ऊर्जा निगमों में समयबद्ध तरीके से अभियंताओं के प्रमोशन के लिए शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

ओबरा सी की नई इकाई से बिजली उत्पादन शुरू

लखनऊ। ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की नई इकाई से शुक्रवार को बिजली उत्पादन शुरू हो गया। जल्द ही इस इकाई हो ग्रिड सिस्टम से जोड़ा जाएगा। उत्पादन निगम के सूत्रों ने बताया कि नई इकाई को 72 घंटे तक पूरे लोड पर चलाया गया।

क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी दर्शन करने की फोटो

अयोध्या कार्यालय

● ट्रस्ट ने एलएंडटी के तकनीकी अधिकारियों को ऐसी व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

अमृत विचार : जल्द ही रामलला मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान की तस्वीरें मिलने लगेंगी। इसके लिए उन्हें एक क्यूआर कोर्ड स्कैन करना पड़ेगा। इस व्यवस्था को शुरू करने के लिए मंडलायुक्त गौरव दयाल ने सुझाव दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एलएंडटी के तकनीकी अधिकारियों को ऐसा एप इजाद करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक परिसर स्थित एलएंडटी सभाकक्ष में हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि पीएफएस परिसर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रखें। परिसर में प्रवेश द्वार के अलावा अन्य स्थलों पर भी व्हील चेयर की व्यवस्था रहे। परिसर में प्रमुख स्थानों पर दर्शनार्थियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियों के लिए एलईडी स्क्रीन लगाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर के विभिन्न स्थलों पर जो एआई बेस्ड कैमरे लगाए जाने है उनमें फेस रिकॉग्निशन (पहचान) की व्यवस्था होती है इसलिए एक ऐसा स्कैनर विकसित कर लिया जाय, जिससे दर्शन करने आए दर्शनार्थी मंदिर परिसर में एआई कैमरों में ली गयी उनकी फोटो परिसर के बाहर लगाये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर परिसर के अंदर की अपनी फोटो प्राप्त कर सकें।

अधिकारियों ने विभिन्न प्रदेशों से आए दर्शनार्थियों से दर्शन व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव मांगे। बैठक में आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल दास, एसपी सुरक्षा पंकज आदि मौजूद रहे।

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज से

अयोध्या : निर्माणाधीन राम मंदिर के रुके कार्यों को गति देने को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र शुक्रवार को रामनगरी पहुंच गए। वे यहां होने वाली दो दिवसीय बैठक में मंदिर के कार्यों को दिसंबर 2025 तक पूरा करने के लक्ष्य की तैयारियों पर मंथन करेंगे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन में बिना बाधा आए कार्य प्रारंभ कराए जाने की विस्तृत जानकारी ली। राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय मुख्य बैठक शनिवार से शुरू होगी। फ्लाइट देरी के कारण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अयोध्या पहुंचे और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने रामजन्मभूमि परिसर में चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। जानकारी के अनुसार यात्री सुविधा केंद्र के प्रथम तल का काम अभी होना है, इसमें लिफ्ट भी लगाई जाएगी। जबकि राममंदिर के प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष 15 फीसदी काम अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद दूसरे तल का निर्माण शुरू होगा, जिसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान तय हुआ था कि सुविधाएं विकसित करने के काम रात में किए जाएंगे। अब जब निर्माण कार्य फिर से शुरू होगा तो जहां यात्री नहीं पहुंचते हैं वहां दिन में काम होगा। जहां यात्रियों का आवागमन होता है वहां के काम रात में किए जाएंगे। सुरक्षा प्रबंधों को देखते हुए इसकी टाइमिंग तय की जाएगी। वहीं कुबेर टीला के सुंदरीकरण का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है, मार्च तक इसका भी काम पूरा करने का लक्ष्य है।

सार-संक्षेप

आगरा में दूसरा अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट आज से

लखनऊ। आगरा में दो दिवसीय दूसरा अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट तीन फरवरी से शुरू होगा। उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह मीट की शुरुआत करेंगे। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सेलर मीट में संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन समेत 10 देशों के 40 से अधिक खरीदार आमंत्रित किये गये हैं। इसमें फसल उत्पादन में आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस के प्रयोग के बारे में किसानों को जानकारी दी जाएगी। इसमें उच्च कोटि की बागवानी फसलों के 40 से अधिक स्टाल लगेंगें।

चौड़ा होगा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार, लगेगी लिफ्ट

अयोध्या : राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तेजी से बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर अब विश्वप्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी नए सिरे से व्यवस्था शुरू कर दी गई है। हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को व्यापक रूप देने के लिए कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत मुख्य निकास द्वार को तीस फिट चौड़ा करने के साथ दस व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाने की तैयारी की जा रही है। केवल इतना ही नहीं श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हों इसके लिए मंदिर परिसर में पांच बड़े एलसीडी स्क्रीन भी लगवाए जाने की तैयारी की गई है। इसके अलावा रेलिंग भी लगवाई जाएगी।

450 करोड़ से चमकेंगे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

लखनऊ। 450 करोड़ की धनराशि से डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र चमकेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने इस सिलसिले में धनराशि जारी करने के आदेश दिये हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए उद्यमियों के बढ़ते रूझान व लगातार मिल रहे औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने का निर्णय लिया है।

भविष्य की मुसीबत मार्ग सीमित हैं ऐसे में वाहन खरीद तो लेंगे लेकिन चलाएंगे कहां, बीते एक वर्ष में प्रदेश की सड़कों पर आ गए साढ़े चार करोड़ नए वाहन

वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर थाम देगी गाड़ियों की रफ्तार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : वाहनों की रफ्तार ही नहीं उनकी 'बिक्री' भी फर्राटा भर रही है। हाल यह है कि सूबे में बीते एक साल में साढे.चार करोड़ नए वाहन सड़क पर आए हैं। वाहनों की खरीद फरोख्त की यही गति रही तो आने वाले वर्षों में वाहन सड़क पर दौड़ेंगे नहीं रेंगेंगे। स्पीड वाहन के स्पीडोमीटर में ही दिखेगी। वाहन खरीद लिया तो सीमित सड़कें होने पर उन्हें दौड़ा नहीं पाएंगे। हर मार्ग पर जाम से पहले ही जनता त्राहिमाम कर रही है ऐसे में वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार को थाम देगी। जरा सोचिए! जब मौजूदा वक्त में ही सड़क पर चलना दूभर है तो करीब एक दशक बाद नगर-नगर जाम का क्या नजारा होगा?

एक साल में 4,46,75,902 नए वाहन आ गए सड़कों पर : मार्च 2023 में करीब 4,24,10,340 वाहन प्रदेश की सड़कों पर आए। तीन माह बाद यानी 30 जून 2023 में ट्रांसपोर्ट और नॉन ट्रांसपोर्ट गाड़ियों की संख्या बढ़कर कुल 4,32,97,677 हो गई। मात्र तीन माह में ही 8,87,337 नए वाहन प्रदेश के मार्गों पर आ गए। बीते इसी वर्ष छह माह बाद सड़कों पर आए नए वाहनों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ और गाड़ियों की संख्या बढ़कर 4,46,75,902 पहुंच गई। यानी मात्र एक साल के भीतर (2023 दिसंबर तक) 22,65,562 नए वाहन आ गए।

गाड़ियों की बढ़ती संख्या की बिक्री का कुछ ये क्रम रहा

वर्ष 2023	वाहनों की संख्या
31 मार्च	4,24,10,340
30 जून	4,32,97,677
31 दिसंबर	4,46,75,902

खूब बिके वाहन, साढ़े तीन करोड़ से अधिक गाड़ियां बिकीं

कमर्शियल और नॉनकमर्शियल की कौन कहे सालभर में दो पहिया वाहनों की बिक्री ने तो चौंकाकर रख दिया। दिसंबर 2023 तक 3,57,33,715 दोपहिया गाड़ियां बिकीं।

"यह सही है गाड़ियों की बिक्री तेज हुई है। पहले का दौर नहीं रहा। बैंकों से आसान किस्तों पर गाड़ियां मिल रही हैं। यही वजह है कि वाहनों की बिक्री में तेज इजाफा देखने को मिल रहा है। आने वाले वर्षों में लोग रफ्तार वाली गाड़ियां ले तो लेंगे लेकिन सड़कों पर लगे जाम में इन्हें चलाना मुश्किल हो जाएगा। बेहतर होगा कि लोग सार्वजनिक गाड़ियां नगर बस, मेट्रो, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, ओला-उबर और ई-वाहनों के जरिए शहर की सड़कों पर सफर करें। इससे प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा और लोग आरामदेय सफर का लाभ ले सकेंगे।

-पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

जिले का नुकसान करने की थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● रेप केस से बरी होने के बाद पूर्व गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद ने विरोधियों को लिया आड़े हाथ

अमृत विचार : शिष्या से दुष्कर्म के आरोप से कोर्ट से बरी होने के बाद पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि जिले को नुकसान पहुंचाने के लिए उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश रची गई थी। जिसका अब पटाक्षेप हो गया। शुक्रवार को वह एसएस लॉ कॉलेज के सभागार में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। छवि धूमिल किए जाने के पीछे वह राजनीति वर्चस्व स्थापित करने वाले विरोधियों पर निशाना साधते नजर आए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई के साथ उनके खिलाफ साजिश की गई।

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाहजहांपुर को सुदामापुरी बनाएं यह मेरा सपना था। मुख्यमंत्री के संबंधों का लाभ जनपद को देना चाहता था, लेकिन नहीं दे पाया। कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए बाधा पहुंचाई और परिणाम यह हुआ कि जनपद में जो काम हुए हैं वह निजी लाभ के लिए ज्यादा हुए हैं। आम जनता के लिए कम हुए हैं। शिष्या से दुष्कर्म मामले में बोले कि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर मेरा पूरा विश्वास है और उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान किया। उन्हें स्टे और जमानत हाईकोर्ट से मिली और न्याय डिस्टिक कोर्ट से मिला। न्याय पालिका को लेकर कोई शिकायत नहीं है।

आरोप लगाकर छवि खराब करने वालों पर कार्रवाई किए जाने के सवाल पर बोले, नहीं हम कुछ नहीं चाहेंगे, उन्होंने अपना काम किया है, न्यायालय ने अपना काम किया है और ईश्वर अपना काम कर रहा है।

वह वर्ष 2019 से राजनीति से अलग हैं, तब से आज तक वह किसी भी सार्वजनिक मंच पर न नजर आए हैं और न आएंगे। कहा कि मेरी छवि धूमिल किए जाने के पीछे लॉ कॉलेज को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी, क्योंकि वर्ष 2018 में जब युवा महोत्सव के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में आए थे, तब उन्होंने स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में बदलने की चर्चा की थी, लेकिन कुछ लोगों को यह बात अच्छी नहीं लगी और उन्होंने मेरे खिलाफ साजिश रची।

एक नजर

बिना किसी रुकावट व शोर शराबे चली विधान परिषद

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई विधान परिषद की कार्यवाही पहले दिन बगैर किसी बाधा और शोर-शराबे के संपन्न हुई। पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. अवधेश प्रसाद सिंह, डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा एवं प्रो. राजकुमार त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधान सभा में दिये गये अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया गया। तत्पश्चात बजट सत्र के कार्यक्रमों, कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा और कार्य सूची के मदों को निपटाया गया। सभापति ने अपरान्ह 12.52 बजे सदन की कार्यवाही शनिवार 11.00 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा: अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी

तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभाषण झूठ का पुलिंदा है। किसानों के हितों की बात करने वाली योगी सरकार के शासन में आज भी 5000 करोड़ से अधिक रुपये गन्ना किसानों का बकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री में देने का वादा किया गया, पर आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ उनसे पूरा बिल वसूला जा रहा है। इन्वेस्टर समिट तमाशे के अलावा कुछ नहीं रह गया है। लंबे-लंबे समझौता ज्ञापन हुए, पर निवेश 10 प्रतिशत से भी कम आया है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, जबकि सच ये है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65,743 मामले दर्ज हुए। यह देश के किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

श्रीराम मंदिर के रूप में हुई है राष्ट्र मंदिर की स्थापना : राज्यपाल

अभिभाषण

- ईमानदार, पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना सरकार का संकल्प : राज्यपाल
- प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा
- बिना भेदभाव गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधान सभा में बजट सत्र के दौरान अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य।

बजट सत्र से पूर्व राष्ट्रगान के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य मंत्रीगण। अमृत विचार

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह शासन के साथ ईमानदार व संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से संपन्न हो रही है। लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

एक करोड़ 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्यपाल ने फरवरी 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए बताया कि अबतक देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोग

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की कुशल एवं प्रभावी नीतियों के साथ प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। 3 करोड़ 60 लाख अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रतिमाह नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अब तक 17 लाख 82 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

महाकुंभ में सुविधा के लिए किए जा रहे उत्तम प्रबंध

राज्यपाल ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के संबंध में सदन को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी संतगणों, स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और विश्व भर से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा के लिए उत्तम प्रबन्ध किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा।

मुख्यमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी सदस्यों को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानमंडल के सत्र की शुरूआत के अवसर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी को बधाई दी। कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस पर चर्चा होगी और विपक्ष के सवालों का सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों और अनुदान मांगों पर अपनी राय रखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इसके अलावा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए या प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि हमने दलीय नेताओं की बैठक में इस बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार विधानमंडल की कार्रवाई का हिस्सा बनने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उससे संबंधित जो तथ्यपरक और सही जानकारी होगी, उसको सदन के समक्ष रखने और सदस्यों को अवगत कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्रवाई को सुचारू और नियमसंगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी का आह्वान करता हूं। लोकतंत्र के उन मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप सत्र की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में उनके सकारात्मक योगदान की भी अपेक्षा रखता हूं।

मंत्रियों ने सदन में रखे दो अध्यादेश समेत स्पष्टीकरण

अमृत विचार : सदन में शुक्रवार को विधायी कार्यवाही के तहत दोनों सदनों में पिछले सत्र में पास किए गए 17वें अधिनियम से लेकर 25वें अधिनियम की राज्यपाल से स्वीकृति को सदन से अवगत कराते हुए पहले दिन दो अध्यादेश रखे गए। साथ की मंत्रियों ने कई वार्षिक रिपोर्ट रखते हुए विलंब के कारणों का स्पष्टीकरण भी पटल पर रखा।

स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने भारतीय स्टांप (उत्तर-प्रदेश संशोधन) अध्यादेश और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश को सदन पटल पर रखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग दो द्वारा सदन पटल पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. की पिछले और वर्तमान सत्र की वार्षिक रिपोर्ट और विलंब के कारणों को रखा गया गया। मुख्यमंत्री, राज्य कर अनुभाग दो की 17 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1165 और 1468 समेत 29 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1501 को उप्र, माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा-166 के अधीन विलंब के कारणों सहित रिपोर्ट रखी गई।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने उप्र लोक आयुक्त व उप लोक आयुक्त अधिनियम 1975 की धारा 12 (7) के अधीन स्पष्टीकरण ज्ञापन को पटल रखा। कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार अनुभाग एक की 1 जनवरी, 2024 को जारी अधिसूचना को उप्र कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम, 1964 की धारा-40 की उपधारा (3) के अधीन सदन पटल पर रखा।

सपा विधायकों ने किया विरोध-प्रदर्शन

विधान भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते सपा विधायक। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने शुक्रवार को विधान मण्डल सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। सपा विधायकों ने अपने हाथ में सरकार विरोधी नारों के पोस्टर और बैनर लेकर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार की उदासीनता पर आक्रोश जताया।

सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और भर्तियों में धांधली को लेकर नारेबाजी की और सभी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग की।

गन्ने की घटतौली पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सचिव ने दोषियों पर दिए कार्रवाई के निर्देश
- कहा, घटतौली पर दर्ज कराएं टोल फ्री नंबर पर शिकायत

अमृत विचार : चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गन्ना विकास वीना कुमारी ने गन्ने की घटतौली करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव ने गन्ना किसानों को बकाये के त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव शुक्रवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए, विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग के अधिकारियों की ओर से चीनी मिल गेटों व गन्ना क्रय केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए। इस मौके पर गन्ना आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने गन्ना मूल्य भुगतान पर प्रमुख सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि बीते साढ़े छह वर्षों में 2,35,073 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान प्रदेश के किसानों का कराया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में अब तक 14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है।

वक्फ की जमीन पर दुकानें बनाकर वसूली मामले में जांच के आदेश

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की अनुमति लिए बगैर वक्फ सम्पत्ति पर दुकानों का निर्माण कराया और उन्हें धन उगाही कर आवंटित कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मस्जिद खजूर वाली के अध्यक्ष और सचिव ने अपने सगे-संबंधियों के नाम पर दुकानें एलाट कर दीं और मिलने वाला पैसा अपने बैंक खातों में जमा करवा लिया। बोर्ड अध्यक्ष के मुताबिक, यह वक्फ एक्ट के खिलाफ किया गया कार्य है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की टीम स्थलीय जांच के लिए अयोध्या (फैजाबाद) जायेगी। जांच रिपोर्ट में अगर शिकायत सही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ वक्फ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर मस्जिद को हुए नुक्सान की वसूली की जायेगी।

मुलायम के निजी सचिव रहे बाबू जगजीवन प्रसाद का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव रहे पूर्व एमएलसी जगजीवन प्रसाद का शुक्रवार को निधन हो गया। शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे कृष्ण मुरारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

सपा प्रमुख ने जगजीवन के आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को भी ढांढ़स बंधाया। बैकुंठ धाम जाकर उनकी अंत्येष्टि में शामिल हुए। सपा प्रमुख ने कहा कि बाबू जगजीवन प्रसाद आजीवन नेताजी मुलायम सिंह यादव के पारिवारिक सदस्य की तरह रहे।

वर्ग पहेली-331

बाएं से दाएं

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

ऊपर से नीचे

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



वर्ग पहेली - 330 का हल

1 ल	ह	ल	हा		2 रो
भ					ज़ा
नी		3 जो		4 जा	
	5 म	हा	भा	ग	
6 ग	ग	री		र	
	रि			ण	
	7 बी	ए	ड		

सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		9		1			
9		3		2			5	
				7		3		
5			8			7		
		4						1
		2			6			5
				6				9
	1			8		4	7	
			4		7		1	

सुडोकू - 47 का हल

7	6	1	9	5	4	2	8	3
2	3	9	6	1	8	5	7	4
4	5	8	3	2	7	1	9	6
5	9	7	1	4	6	3	2	8
1	8	6	7	3	2	4	5	9
3	4	2	8	9	5	6	1	7
9	7	5	4	6	1	8	3	2
8	1	4	2	7	3	9	6	5
6	2	3	5	8	9	7	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-अष्टमी 17.20 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06.51-07.35, 07.35-08.19 तक।

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।

मिथुन — आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।

कर्क — आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।

सिंह — आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।

तुला — आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।

वृश्चिक — आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।

धनु — आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।

मकर — आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।

कुंभ — आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।

मीन — आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जागृति — सुबह : 10.00
- सीता और गीता — रात : 07.00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 10.22
- अफवाह — रात : 07.00

SONY PIX
- कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 09.42
- एस्केप रूम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- एनेमी — सुबह : 10.30
- जीरो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- गहराइयां — दोपहर : 01.04
- धनवान — रात : 07.32

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न में नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूंदड़ा	2525–2550
आरआर 21	2700–2750
गेहूंफ़ारम	2800–2850
जौ	2000 –2100
ज्वार	2600 –4000
बाजरा	2125–2175
मकाई	2000 –2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400 –5500
अरहर	7500 –8000
मसूर	5500 –5600
मटर	4400 –4500
उड़दहरा	10000 –10200
उड़दकाला	6000 –8000
मूंग	8500 –8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	15000–15200
अरहरस्पेशल1	12500–12700
चनादाल	6700–6800
मटरदाल	5400–5500
मसूरमलका	7050–7100
मसूरदाल	7050–7100
उड़ददाल	8500– 12000
उड़द धोवा	10000– 12500
मूँगदाल	9000 –10500
मूँग धोवा	9500–11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 – 2300
बासमती नं.1	9100 – 11000
सेला	2500 – 3000
बासमती नं.2	7000 – 8000
आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490–1550
मैदा	1475–1520
सूजी	1500–1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430–1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5000–5050
अलसी	4500 –4600 रुपये।

भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी को किया संबोधित, कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा- हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव: अजय सेठ

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

मुंबई। पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरे भारत में संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीआईसी प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने दी जानकारी

जीएसटी परिषद, जीएसटी पंजीकरण कराने के इच्छुक संदिग्ध व्यक्तियों के लिए पूरे भारत में बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इस समय दो राज्यों - गुजरात और आंध्र प्रदेश, तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पायलट आधार पर करदाताओं का आधार प्रमाणीकरण शुरू किया गया है। अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ''इसके उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। गुजरात में (पंजीकरण) आवेदनों की संख्या में कमी आई है। यह एक संकेत है कि इन उपायों से उन लोगों पर लगाम लग गई है, जो नकली आईटीसी फर्म बनाने के लिए दूसरों की पहचान का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा-उत्साहजनक नतीजों को देखते हुए, ऐसा लगता है कि अब अधिक से अधिक राज्य इसे चुनेंगे या इसे सभी राज्यों पर समान रूप से लागू किया जा सकता है, क्योंकि फर्जी पंजीकरण से राजस्व प्रभावित होता है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी अब तक पंजीकरण के आवेदकों को सत्यापित करने के लिए ओटीपी आधारित आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी कंपनी बनाने के लिए अन्य लोगों की पहचान का दुरुपयोग करने के मामले सामने आने के बाद सीबीआईसी ने बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की ओर बढ़ने का फैसला किया था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,850
गिन्नी (प्रति नग)	48,300–48,500
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,300
सोना जेवरात गिन्नी	63,300
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,500
चांदी आभूषण	73,900।

केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

नई दिल्ली। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

राष्ट्रीय

अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे

केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

एजल। मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में हुई एंट्री

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल

▸▸ प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर

तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है । इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है।

टेरर फंडिंग मामले में श्रीनगर, दिल्ली में पांच जगहों पर छापेमारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में शुक्रवार को श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी और तलाशी ली गयी। यह इस मामले में तलाशी का दूसरा दौर था जो आरोपी लोगों की ओर से अपराध की अवैध आय को अवैध रूप से जुटाने, लेयरिंग, मिश्रण और लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिन पर बाद में अलगाववाद तथा आतंकवाद सहित अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाने का संदेह है।

इससे पहले एसआईए ने दिल्ली और कश्मीर घाटी में 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसआईए के बयान में कहा गया है कि एसआईए कश्मीर की विशेष टीमों द्वारा आज दिल्ली और श्रीनगर में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी ली गई।

एक नजर

हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

जम्मू। जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

परिवार की असहमति के बाद शादी के वादे से मुकर जाना अपराध नहीं

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा है कि यदि कोई पुरुष अपने परिवार के सहमत नहीं होने के कारण किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकर जाता है तो इसमें बलात्कार का अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने 31 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके खिलाफ दर्ज मामले में बरी करते हुए यह टिप्पणी की। इस व्यक्ति के खिलाफ शादी के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया गया था।

न्यायमूर्ति एम डब्ल्यू चंदवानी की एकल पीठ ने 30 जनवरी को दिए एक आदेश में कहा कि एक व्यक्ति ने केवल शादी के अपने वादे को तोड़ा है और महिला को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झांसा नहीं दिया था। अदालत ने कहा-वादा तोड़ने और झूठा वादा पूरा न करने के बीच अंतर है। वर्ष 2019 में 33 वर्षीय महिला ने नागपुर पुलिस के समक्ष दर्ज कराई गई प्राथमिकी में दावा किया था कि वह 2016 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी और उसने शादी का वादा करने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जब महिला को पता चला कि उस व्यक्ति की किसी और से सगाई हो गई है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में आरोपमुक्त करने के अनुरोध संबंधी याचिका में व्यक्ति ने कहा कि उसका महिला से शादी करने का पूरा इरादा था, लेकिन उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और उससे कहा कि वह किसी और से शादी करेगी।

याचिका में कहा गया कि इस व्यक्ति के परिवार वालों ने भी इस रिश्ते को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दूसरी महिला से सगाई करने को तैयार हो गया। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने 2021 में किसी अन्य पुरुष से शादी कर ली थी।

अदालत ने कहा कि महिला एक परिपक्व वयस्क हैं और कहा कि उसके द्वारा लगाए गए आरोप इस बात का संकेत नहीं देते कि उस व्यक्ति का उससे शादी करने का वादा झूठा था। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि उसने केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठा वादा किया था।

सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान

नई दिल्ली। सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान विशेष हैं।

महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

रांची, एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना

राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई । नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं। वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों के मन की बात युवाओं के मन की बात महिलाओं के मन की बात आदिवासियों के मन की बात और आम जनों के मन की बात सुनना चाहते हैं हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझ कर सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

इस्लामाबाद में पकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।

पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइल में

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

सचिन दास और और कप्तान उदय सहारन की शतकीय पारी के बाद सौमी पांडे की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को 132 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सचिन और उदय ने खेली शतकीय पारी सौमी पांडे ने झटके 4 विकेट

298 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की दीपक बोहरा और अर्जुन कुमाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। दीपक 22 और अर्जुन 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान देव खनाल सर्वाधिक 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, इसके बाद आकाश चांद 18, दुर्गेश गुप्ता 29 रन ने हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सौमी पांडे ने 4 विकेट लिए। अर्शीन कुलकर्णी को दो विकेट मिले। राज लिंबानी, आराध्य शुक्ला और मुरुगन अभिषेक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

उदय और सचिन के बीच हुई रिकॉर्ड 215 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छा नहीं रही। पांचवें ओवर में आदर्श सिंह 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए प्रियांशु मोलिया भी 19 रन पर रनआउट हो गए। 14वें ओवर में अर्शीन कुलकर्णी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 3 विकेट गिरने के बाद कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। उदय ने 107 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 100 रन बनाए। सचिन ने 101 गेंदों में 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। मुशीर खान ने नाबाद नौ बनाए। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया।

डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा

कोलकाता, एजेंसी। शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबिक पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।

6 विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

2-2 विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

खेल डायरी

मुक्केबाजीः अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63 .5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

लंदन। लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।

भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

ढाका। पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

फुटबॉल

तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा।

ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

भुवनेश्वर। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है।

आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन

भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला युगल के अंतिम चरण में हारने के बाद चालिहा ही टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। चालिहा ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

बैडमिंटन

भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स को पहली पारी में 199 पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी। तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की। इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

बॉलीवुड हलचल

मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।

अक्षय कुमार का डीपफेक वीडियो हुआ वायरल

साल 2023 के नवंबर में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। यह पहला मामला था जब किसी अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो बनाया गया मगर इसके बाद आलिया भट्ट, काजोल, कटरीना कैफ, नोरा फतेही भी डीपफेक के शिकार हुए। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए। अब अभिनेता अक्षय कुमार डीपफेक के शिकार हुए हैं। डीपफेक वीडियो में उनकी आवाज और चेहरे का इस्तेमाल करके एक गेमिंग एप का प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार की ओर से डीपफेक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस वीडियो के सोर्स की जांच की जा रही है।

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।

प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर



शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर

सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन

बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

पूछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

▸▸ वैज्ञानिकों ने खोजा पूछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।

बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

असामान्य विशेषता का हुआ खुलासा: नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

एक नजर

केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

नैरोबी। केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल

धुसेल्स/बर्लिन। बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

वाशिंगटन। अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, कई लोगों की मौत

क्लियरवॉटर। फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, मारे गए लोगों की संख्या का पता नहीं है, लेकिन विमान में सवार एक शख्स और एक घर में कई लोग मारे गए।

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में हुए बम विस्फोट

बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय राजधानी क्वेटा समेत पूरे बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 10 बम और ग्रेनेड हमले हुए हैं। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग (सीपीईसी) सड़क पर धमाका हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायल पुलिस अधिकारी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्वेटा, खुजदार और तुरबत में हुए हमलों में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) और नेशनल पार्टी के कार्यालय और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी मेंगल (बीएनपी-एम) और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई -एफ) का संयुक्त कार्यालय को निशाना बनाया गया। राजनीतिक दलों को ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। हालांकि, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

पाकिस्तान में 90 हजार से अधिक पोलिंग स्टेशन पर होगा मतदान

पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूछ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4 .28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2 .76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

आतंकी यासीन को इलाज के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने दी अनुमति

नई दिल्ली। आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।

चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहे: जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है।

संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। बतौर रमेश, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें, तो हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। यह मामला सिर्फ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

चंडीगढ़ महापौर: पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।

याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

▸▸ कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

शिमला : मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

जॉर्डन हमले से भड़का अमेरिका, अब बर्दाश्त नहीं करेंगे: रक्षा मंत्री

वाशिंगटन। बीते दिनों जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। इस हमले का आरोप ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर लगा था। अब अमेरिका हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि 'ऐसी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।' बीते दिनों भी अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। उस एयर स्ट्राइक में भी हूती विद्रोहियों को काफी नुकसान की आशंका है। जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुआ हमला, इस बात का सबूत है कि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। गाजा में लड़ाई छिड़ने के बाद यह पहली बार है कि पश्चिम एशिया में हो रहे हमलों में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं।

तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान करेगा मालदीव की मदद

माले, एजेंसी

▸▸ मुइज्जू सरकार ने कहा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर पाकिस्तान से हुई चर्चा

पाकिस्तान जो खुद अनाज की कमी और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है उसने अब मालदीव से वादा किया है कि वह उसका समर्थन करेगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हिंद महासागर स्थित इस द्वीप राष्ट्र से विकास से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने का पाक ने आश्वासन दिया है।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल हक काकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही मुइज्जू को द्वीप राष्ट्र की तत्काल विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान सरकार के समर्थन का भी आश्वासन मिला है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने दोनों देशों की शीर्ष प्राथमिकताओं पर चर्चा की और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात की। बयानों के अनुसार में कहा गया है कि काकर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के मालदीव के प्रयासों को अपना समर्थन और सहायता भी दी। बता दें कि मालदीव ने 26 जुलाई, 1966 को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जबकि पाकिस्तान चीन का करीबी सहयोगी है, राष्ट्रपति मुइज्जू को भी बीजिंग समर्थक माना जाता है।

सुनवाई मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटॉक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।

13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन

सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्म पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंग्जाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में कहा- डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन गुस्सैल बुजुर्ग

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे? इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं।